* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

19 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 179










## नलिन सोरेन के बयान पर सीता सोरेन का पलटवार

# आपके बाजुओं और लाठियों में अभी इतनी ताकत नहीं...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीति गर्म होती जा रही है। जेएमएम के दुमका से उम्मीदवार नलिन सोरेन ने कहा था कि गीता कोडा पर हमला होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। उन्होंने आगे कहा था कि झामुमो के विरोध में कोई भी विपक्षी प्रत्याशी बोलेगा, तो उसे ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ेगा। नलिन सोरेन के इस बयान पर हाल ही में भाजपा में शामिल हुईं सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि नलिन सोरेन जी जरा अपने महल से निकल कर जनमानस के बीच जायें, तो शायद आपको अहसास हो जाये कि जेएमएम और उसके भ्रष्टाचारी आकाओं के लिए प्रदेश तथा दुमका की जनता में कितना आक्रोश है।

सीता सोरेन ने आगे लिखा कि रही बात आपकी गीदड़ धमकी की, तो आपके बाजुओं और लाठियों में अभी इतनी ताकत नहीं कि वो मुझे जनता से मिलने, सच बोलने और संवाद करने से रोक सके। गीता कोड़ा पर जेएमएम कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया कायराना हमला, हार के सच को बदलने की वजह से किया गया था। आप इस कुकृत्य पर छाती चौड़ी करना छोड़ दें, वरना प्रदेश की जनता जेएमएम और आप जैसे नेताओं का वो हस्र करेगी कि नींद में भी एक ही जैसे सपने हर रोज आकर बहुत सतायेंगे। सीता सोरेन ने कहा कि दुमका मेरा परिवार है और परिवार से मिलने से कोई भी तानाशाही शक्ति मुझे न तो डरा सकती है और न ही रोक सकती है। खैर आपकी गीदड़ धमकियों के लिए शुक्रिया। ये पब्लिक है, सब जानती है।



### क्या है मामला

बता दें कि रविवार को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को लोगों ने घेर लिया था। वह गम्हरिया प्रखंड के मोहनपुर में जनसंपर्क अभियान के तहत पहुंची थीं। जब उन्होंने दूसरे रास्ते से गांव में एंट्री की, तो एक ट्रैक्टर और 10 बाइक पर करीब 50 लोग वहां पहुंचे। गीता के मुताबिक वे सभी झामुमो समर्थक थे। यहां भाजपा-झामुमो समर्थक भिड़ गये। नारेबाजी के बाद दोनों ओर से धक्का-मुक्की और मारपीट हुई। गीता कोड़ा को घेरनेवालों का कहना था कि ग्रामसभा से परमिशन लिये बगैर भाजपा के लोग इस गांव में प्रवेश कैसे कर गये। इस संबंध में पहले गीता कोड़ा ने और फिर दूसरे पक्ष के लोगों ने भी थाने में शिकायत दर्ज करायी है।

**नलिन सोरेन की चेतावनी पर बाबूलाल का पलटवार, बोले-**

## क्या अब सीता सोरेन पर भी हमला करायेंगे

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। चाइबासा के गम्हरिया में बीजेपी प्रत्याशी गीता कोड़ा को झामुमो समर्थकों द्वारा घेरे जाने को लेकर सियासी बवाल तेज है। इस बीच दुमका से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी नलिन सोरेन ने कहा कि गीता कोड़ा पर हमला होना कोई अचरज की बात नहीं है, क्योंकि झामुमो के विरोध में कोई भी विपक्षी प्रत्याशी बोलेगा, तो उसे ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को भी चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान झामुमो पार्टी के विरोध में बोलने पर उनके साथ भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। नलिन सोरेन के इस बयान के बाद बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उन पर हमलावर हुए हैं। सोशल मीडिया पर बाबूलाल ने लिखा है कि सीता सोरेन ने लगभग डेढ़ दशक तक झामुमो विधायक के रूप में पार्टी की सेवा की। यदि उन्होंने अपने साथ हो रहे अपमानजनक व्यवहार और साजिश के विरोध में पार्टी छोड़ी, तो क्या झामुमो उन पर जानलेवा हमला करा देगा !

### नलिन सोरेन को ऐसा बयान शोभा नहीं देता

बाबूलाल ने कहा कि नलिन सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता का यह वक्तव्य झामुमो की उस अंदरूनी खूनी मानसिकता को भी उजागर करता है, जिसमें हेमंत सोरेन का विरोध करनेवालों पर जानलेवा हमला भी कराया जा सकता है। कहीं दुर्गा सोरेन की मौत भी इसी खूनी मानसिकता का परिणाम तो नहीं है! मालूम हो कि बीते दिनों सीता सोरेन ने भी खुद बीजेपी ऑफिस में बैठ कर कहा था कि मेरे पति की मौत स्वाभाविक नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने नलिन सोरेन को उनके इस वक्तव्य पर जवाब देते हुए कहा है कि वजह जो भी हो, झामुमो द्वारा भाजपा की महिला प्रत्याशियों पर हमले की धमकी देना उनकी कायरता और चुनाव के पूर्व ही पराजय को दर्शाता है। चुनाव आयोग और झारखंड पुलिस से आग्रह है, गीता कोड़ा जैसा जानलेवा प्रकरण सीता सोरेन के साथ भी ना हो, इसके लिए उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीजीपी इसका संज्ञान लें।

## झारखंड में चार सीटों पर अधिसूचना जारी

# सिंहभूम, लोहरदगा, पलामू और खूंटी में नामांकन शुरू

**29 को नाम वापसी**
**13 मई को वोटिंग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके साथ ही झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित तीन और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एक लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल होगा। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है। झारखंड में चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को मतदान होगा।

### सिंहभूम: गीता कोड़ा बनाम जोबा मांझी

पश्चिमी सिंहभूम एसटी लोकसभा सीट से भाजपा ने मधु कोड़ा की पत्नी और पूर्व कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले इंडी गठबंधन से झामुमो ने विधायक जोबा मांझी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों के बीच में चित्रसेन सिंकू भी चुनाव लड़ रहे हैं। सिंहभूम एसटी लोकसभा सीट पर पिछली बार गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। इस बार वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।

### खूंटी: फिर अर्जुन और कालीचरण में टक्कर

खूंटी एसटी सीट से भाजपा ने एक बार फिर अर्जुन मुंडा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पिछले बार के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को ही मैदान में अर्जुन मुंडा के मुकाबले उतारा है। मुंडा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत कम अंतर से कालीचरण मुंडा को पराजित किया था। यहां से झारखंड पार्टी एनोस एक्का गुट और एक निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव लड़ रहा है।

### लोहरदगा और पलामू में भाजपा से सीधा मुकाबला

लोहरदगा एसटी सीट पर भाजपा ने समीर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस पार्टी ने सुखदेव भगत को टिकट दिया है। वहीं, पलामू एससी संसदीय सीट पर भाजपा ने लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे पूर्व डीजीपी वीडी राम को टिकट दिया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल ने ममता भुइयां को टिकट दिया है।

### सर्वाधिक वोटर पलामू और सबसे कम खूंटी में

चार लोकसभा क्षेत्र में कुल 63,99,582 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 32,12,549 पुरुष, 31,86,991 महिला और 42 थर्ड जेंडर वोटर हैं। सबसे ज्यादा 33 थर्ड जेंडर वोटर सिंहभूम में हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में कुल 23 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। पलामू लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 22,27,365 मतदाता हैं। मतदाताओं के मामले में सिंहभूम दूसरे नंबर पर है। यहां मतदाताओं की संख्या 14,32,934 है। इसके बाद लोहरदगा का नंबर आता है, जहां कुल 14,27,022 वोटर हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में सबसे कम मतदाता खूंटी में हैं। यहां मतदाताओं की संख्या 13,12,261 है।

## न्यूज रील्स

### 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग आज

नयी दिल्ली। 2024 लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के पहले फेज में कुल 1,625 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8% हैं। उधर बिहार की चार सीटों नवादा, औरंगाबाद, गया और जमुई में चुनाव के लिए कुल 7903 मतदान केंद्र बनाये गये हैं।

### केजरीवाल जानबूझ कर आम-मिठाई खा रहे: इडी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार को बड़ा आरोप लगाया। इडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझ कर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाये और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाये।

# लैंड स्कैम के आरोपियों के 1.25 करोड़ जब्त

**इडी ने फ्रीज किये कई बैंक एकाउंट**

**एजेंसी ने ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी ने रांची में पीएमएलए के प्रावधानों के तहत पिछले दिनों की गयी छापेमारी में 1 करोड़ 25 लाख कैश बरामद किये थे, जिसे एजेंसी ने जब्त कर लिया है। साथ ही इडी ने अलग-अलग बैंक खातों में जमा 3 करोड़ 56 लाख भी जब्त करते हुए बैंक एकाउंट को फ्रिज कर दिया है। इस बात की जानकारी एजेंसी ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी है। बता दें कि रांची के अलग-अलग इलाकों में फर्जी दस्तावेज के सहारे की गयी लैंड स्कैम की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी ने पिछले दिनों ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी। दरअसल पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में इडी ने इस सप्ताह कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद इडी ने जेएमएम नेता अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को गिरफ्तार कर लिया। इसी केस में एजेंसी ने बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानू प्रताप, मोहम्मद सद्दाम और अफसर अली को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

## झामुमो नेता अंतू तिर्की समेत चार को पांच दिन की रिमांड

रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दरअसल, झामुमो नेता अंतू तिर्की को प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। इडी ने सात दिन की रिमांड की मांग की। कोर्ट ने तिर्की को पांच दिन की इडी रिमांड पर भेज दिया है। जमीन घोटाले में वह झामुमो के दूसरे नेता हैं, जिन पर इडी ने शिकंजा कसा है। इसी मामले में हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं।



**अंतु तिर्की समेत चार लोगों की इडी रिमांड :** गुरुवार को झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, इरशाद और प्रियरंजन सहाय को इडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार देर रात चारों को जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया था। इडी ने चारों से पूछताछ के लिए सात दिन की रिमांड की मांग की थी। ऐसे में कोर्ट ने सभी को पांच दिन के लिए इडी गिरफ्त में भेज दिया है। अगले पांच दिनों तक इडी इनसे पूछताछ करेगी।


**बुधवार को जेल में कटी थी रात :** बड़गाईं अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार अंतू तिर्की समेत जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, इरशाद और प्रिय रंजन सहाय को बुधवार को न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया था। इडी ने मंगलवार को इन चारों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद पूछताछ के लिए इडी ऑफिस ले जाया गया था, जहां चारों को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया था। कोर्ट में अवकाश के चलते बुधवार को चारों को इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन के मोरहाबादी स्थित आवास पर पेश किया गया। इडी ने सात दिनों की रिमांड का आवेदन दिया। इस पर नियमित कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। ऐसे में चारों की बुधवार की रात जेल में कटी।

### मनरेगा घोटाला मामले में इडी की कार्रवाई, शशि प्रकाश और जय किशोर की 22.47 लाख की संपत्ति को किया जब्त

रांची। इडी ने मनरेगा घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने रांची में झारखंड के मनरेगा घोटाले के मामले में शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी (दोनों कार्यकारी अभियंता) की 22.47 लाख रुपये की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। इस मामले में कुल कुर्की रुपये 106.86 करोड़ है। बता दें कि इडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि मनरेगा की योजनाओं के नाम पर राज्य के सभी जिलों में फर्जी खरीदारी की गयी थी। वहीं कई सामग्री की खरीदारी बेहद ऊंची दरों पर की गयी थी। इस घोटाले में कई बड़े अफसरों के शामिल रहने के कयास लगाये जा रहे हैं।

### मैट्रिक का रिजल्ट आज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड बोर्ड से मैट्रिक की परीक्षाओं में शामिल 4 लाख छात्रों के रिजल्ट का इंतजार खत्म होनेवाला है। झारखंड एकेडमिक कौंसिल शुक्रवार को रिजल्ट जारी करेगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। रिजल्ट जैक की वेबसाइट पर भी जारी किया जायेगा। रिजल्ट शिक्षा सचिव दिन के 11.30 बजे जारी करेंगे। यह जानकारी जैक अध्यक्ष एके महतो ने दी।




## आर्थिक तंगी से भी नहीं मानी हार, जिद के आगे जीत है...

# सिक्योरिटी गार्ड के बेटे अतुल ने क्रैक किया यूपीएससी

**झंझावातों को हंस कर झेला, नहीं ली ट्यूशन, सपना सच किया**

**छात्रवृत्ति बना हथियार, खुशियों से झूम रहा परिवार**

राजीव

**रांची (आजाद सिपाही)।** सफलता और असफलता के बीच का फर्क लोग दिखाते हैं। सफल व्यक्ति वह है, जो खुद पर पड़ रहे पत्थरों से भी घर बना ले। परेशानियां तो हर किसी के जीवन में हैं। इन परेशानियों से लड़ कर आगे बढ़ने वाले बिरले होते हैं, जो बड़ा मुकाम हासिल करने में सफल होते हैं। ऐसे ही एक युवा का नाम है अतुल सिंह। वह रांची के धुर्वा बस स्टैंड के समीप रहता है। पिता पवन सिंह ओड़िशा की प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड हैं। बचपन से तमाम झंझावातों को हंस कर झेलने वाले अतुल सिंह ने आर्थिक तंगी से भी हार नहीं मानी। सपनों को पंख लगाने के लिए छात्रवृत्ति को बड़ा हथियार बनाया। अतुल सिंह ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक कर यह साबित कर दिया कि जिद के आगे जीत है। उसे यूपीएससी में 67वां रैंक आया है। पूरा परिवार खुशियों से झूम रहा है। अतुल सिंह के घर पर बधाई देनेवालों का तांता लगा है।



अतुल सिंह बचपन से ही मेधावी रहा है। उसे तीसरी कक्षा से ही स्कॉलरशिप मिलने लगी। नतीजा हुआ कि आगे बढ़ने की राह थोड़ी आसान हो गयी। उसने अपनी प्रतिभा के दम पर हर परीक्षा में नया मुकाम हासिल कर दिखाया। क्लास में हमेशा बेहतर पोजिशन में रहा। मैट्रिक की परीक्षा संत फ्रांसिस स्कूल से दी। उसने झारखंड टॉप कर अपने इरादे को जता दिया। उसके पिता जैसे-तैसे परिवार का गुजारा होता था, लेकिन अतुल सिंह ने पढ़ाई के महत्व को समझा। संसाधन कम थे, पर साहस ज्यादा था। पिता पवन सिंह और मां आशा देवी हमेशा बेटे को ऊंचाइयों पर पहुंचने की आशा बंधाते रहे। नतीजा रहा कि प्लस-2 उसने जेवीएम श्यामली से की। इसके बाद इंजीनियरिंग के क्षेत्र को चुना। इस बीच अतुल के मन में कहीं न कहीं यूपीएससी क्रैक करने का सपना भी आकार ले रहा था। इंजीनियरिंग करते हुए अतुल ने यूपीएससी की परीक्षा दी। तीन बार वह मुकाम हासिल नहीं कर पाया, लेकिन जिद नहीं छोड़ी। नतीजा रहा कि चौथी बार में अतुल के सपने सच हो गये। उसकी प्रतिभा को देखते हुए झारखंड सरकार ने भी सोवियत रूस शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा था। अतुल सिंह का पैतृक गांव बिहार के छपरा जिले में पचरुखिया एकमा में है। मां आशा देवी कहती हैं कि कभी भी वह पढ़ाई को लेकर टेंशन में नहीं रहा। हां, जब मन आता था, पढ़ने बैठ जाता। इसके बाद लगातार पढ़ता था। खास बात यह रही कि अतुल ने कभी ट्यूशन नहीं ली। छोटा बेटा आदित्य सिंह भी भाई की तरह यूपीएससी को लक्ष्य लेकर चल रहा है।

### अतुल सिंह के सक्सेस मंत्र

- यूपीएससी काफी मोटिवेटिंग एग्जाम है।
- इसमें सफलता के लिए कड़ी मेहनत के साथ असफलता से सीखने की कोशिश भी अच्छे परिणाम देती है।
- सबसे जरूरी है कि जो भी पढ़ा जाये, उसके सेल्फ नोट्स बनाये जायें।
- इसके अलावा टाइम मैनेजमेंट भी बहुत जरूरी है।

# धनबाद संसदीय सीट पर रोमांचक होगा मुकाबला

## ■ अनुपमा सिंह की इंट्री के बाद ढुल्लू महतो को नये समीकरण बैठाने होंगे

## ■ सरयू राय के मुकाबले में उतर जाने पर हर प्रत्याशी के लिए होगी मुश्किल

**आजाद सिपाही विशेष**

**देश की कोयला राजधानी के रूप में चर्चित धनबाद संसदीय क्षेत्र का चुनावी मुकाबला हर बीतते हुए दिन के साथ रोमांचक होता जा रहा है। पहले यहां भाजपा द्वारा अपने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाये जाने पर चर्चा हुई और अब कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अनुपमा सिंह के मैदान में उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। अब इंतजार है चर्चित विधायक और दिग्गज सरयू राय के फैसले का, जिन्होंने धनबाद से चुनाव लड़ने का संकेत दिया है और ढुल्लू महतो के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। यदि वह मुकाबले में उतरते हैं, तो फिर धनबाद का चुनावी मुकाबला सबसे चर्चित हो जायेगा। ढुल्लू महतो जहां इलाके के दबंग विधायक के रूप में चर्चित हैं, वहीं अनुपमा सिंह दिग्गज कांग्रेसी और ट्रेड यूनियन नेता स्व राजेंद्र सिंह की बहू और उनके बेटे और बेरमो के वर्तमान विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह की पत्नी हैं। अनुपमा सिंह को टिकट दिये जाने के फैसले पर बहुत से लोगों को आश्चर्य इसलिए हुआ, क्योंकि वह एक घरेलू महिला हैं और यहां तक कि उनका अपना सोशल मीडिया अकाउंट भी नहीं है। कांग्रेस ने अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाने का फैसला कर बड़ा दांव चला है। धनबाद में अभी सीधे मुकाबले की तस्वीर बनी है, लेकिन यदि सरयू राय भी उतरे, तो यह त्रिकोणीय हो जायेगा, जिसमें हर किसी के लिए बराबर की चुनौती होगी। क्या है धनबाद संसदीय सीट का चुनावी परिदृश्य और कैसे हैं हालात, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

भारत की कोयला राजधानी के नाम से मशहूर धनबाद संसदीय क्षेत्र का मुकाबला इस बार बेहद ही दिलचस्प होने जा रहा है। इस सीट से सात बार भारतीय जनता पार्टी ने और छह बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। 2009 के बाद से लगातार भाजपा के पशुपतिनाथ सिंह यहां से जीत रहे थे, लेकिन 2024 चुनाव के लिए भाजपा ने उनकी जगह अपने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवार बनाये जाने के बाद से ही ढुल्लू महतो के खिलाफ निर्दलीय विधायक सरयू राय मोर्चा खोले हुए हैं। वहीं कांग्रेस ने बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल की पत्नी अनुपमा सिंह पर भरोसा जताया है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस सीट पर मुकाबला रोमांचक होगा।

### कौन हैं कांग्रेस की अनुपमा सिंह

अनुपमा सिंह कांग्रेस के दिग्गज नेता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह की पुत्रवधू और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह की पत्नी हैं। राजेंद्र सिंह को बेरमो विधानसभा क्षेत्र से तीन बार 2000, 2009 और 2019 में सफलता मिली थी। मई 2020 में उनके निधन के बाद बेरमो सीट पर उपचुनाव हुआ, जिसमें उनके बेटे अनूप सिंह को जीत मिली। उन्होंने भाजपा के योगेश्वर महतो बाटुल को हराया था। राजेंद्र सिंह एक प्रसिद्ध श्रमिक नेता थे, जिन्होंने दशकों तक ट्रेड यूनियन इंटक पर शासन किया। धनबाद और बोकारो में कोयला और इस्पात उद्योग से जुड़े श्रमिक वर्ग पर उनकी अच्छी पकड़ थी। कांग्रेस अनुपमा के सहारे राजेंद्र सिंह की लोकप्रियता को भुनाना चाहती है। मूल रूप से बोकारो की रहनेवाली अनुपमा की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। यहां तक कि उनका अपना सोशल मीडिया अकाउंट भी नहीं है। ऐसे गैर-राजनीतिक व्यक्ति को टिकट मिल जाना जरूर किसी बड़े दांव का संकेत देता है।




### दोनों प्रत्याशी बाहरी हैं

धनबाद लोकसभा क्षेत्र का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि अब तक घोषित दोनों प्रत्याशी यहां के वोटर नहीं हैं। ढुल्लू महतो जहां बाघमारा के हैं, वहीं अनुपमा सिंह बेरमो की हैं। ये दोनों इलाके धनबाद संसदीय क्षेत्र में नहीं आते हैं। अब यदि सरयू राय भी यहां से ताल ठोकते हैं, तो वह भी बाहरी ही होंगे। तो इस तरह झारखंड के सबसे बड़े लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को इस बार बाहरी सांसद ही चुनना होगा। धनबाद में आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस 2004 में रचा इतिहास दोहरायेगी। उस चुनाव में पलामू जिले के विश्रामपुर के विधायक सह श्रमिक नेता ददई दुबे को जब पार्टी का टिकट दिया गया, तो उन्होंने तत्कालीन भाजपा सांसद प्रोफेसर रीता वर्मा को एक लाख वोटों के आसान अंतर से हरा दिया था। इस बार भी कोयलांचल के मतदाताओं के लिए दो बाहरी लोगों में से किसी एक को चुनने की आ गयी है।

### किसकी कितनी ताकत

धनबाद संसदीय क्षेत्र में ढुल्लू महतो की मुख्य ताकत उनके पास मौजूद अकूत संसाधन और समर्थकों की फौज है। कोयलांचल में उनका दबदबा है और उनके पीछे भाजपा के कैडर तो हैं ही। लेकिन यदि वह यह सोच रहे हैं कि भाजपा समर्थकों का पूरा वोट उन्हें मिल जायेगा, तो यह उनकी भूल साबित हो सकती है। भाजपा वोटरों का बड़ा वर्ग उनसे बेहद नाराज है और इसका खामियाजा उन्हें उठाना पड़ सकता है। दूसरी तरफ अनुपमा सिंह भले ही संसाधनों के मामले में कम न हों, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं के मामले में वह कमतर जरूर हैं। उन्हें कांग्रेस के भीतर की खेमेबंदी को दूर करने के लिए बहुत काम करना होगा। यदि वह यह मान कर चल रही हैं कि कांग्रेस का परंपरागत वोट उन्हें मिलेगा, तो यह उनका भ्रम साबित हो सकता है। अनुपमा सिंह धनबाद की राजनीति में नयी हैं, वह अपने पति अनूप सिंह और दिवंगत ससुर राजेंद्र सिंह के चेहरे पर काफी हद तक निर्भर हैं। कांग्रेस में भी कई खेमा है और इन खेमों को एक करने में अनूप सिंह को एड़ी-चोटी एक करनी होगी।

### सरयू राय के फैसले का इंतजार

झारखंड के चर्चित विधायक सरयू राय ने धनबाद लोकसभा से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस सहित तमाम नेताओं से मदद मांगी थी, लेकिन कांग्रेस ने तो अब उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। तो क्या सरयू राय धनबाद से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। हालांकि उन्होंने अपनी रणनीति का खुलासा अब तक नहीं किया है, लेकिन यदि वह जिस तरह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ हमलावर हैं और विधायक की कथित गड़बड़ियों का खुलासा कर रहे हैं, उससे तो यही संकेत मिलता है कि वह मैदान में उतरने का मन बना चुके हैं। वैसे सरयू राय ने धनबाद से चुनाव लड़ने का मन हाल-फिलहाल में नहीं बनाया है। उन्होंने काफी पहले से इसकी तैयारी शुरू कर दी थी। पहले तो यह चर्चा चली कि सरयू राय फिर से भाजपा में शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह बात आगे नहीं बढ़ी। फिर एक हवा उठी कि नीतीश कुमार जदयू के लिए धनबाद सीट मांग सकते हैं और सरयू राय को धनबाद से चुनाव लड़ाया जा सकता है। यह भी सिर्फ चर्चा ही साबित हुई। उसके बाद सरयू राय ने धनबाद से चुनाव लड़ने का मन बनाना शुरू किया। धनबाद से जैसे ही भाजपा ने ढुल्लू महतो को अपना उम्मीदवार बनाया, सरयू राय ने वहां से लड़ने का संकेत दे दिया। अब तो वह ताल ठोक कर ढुल्लू महतो के खिलाफ बोल रहे हैं। इससे यह साफ है कि सरयू राय धनबाद सीट से चुनाव में उतरेंगे ही।

### 22 लाख से अधिक हैं मतदाता

मतदाता संख्या के दृष्टिकोण से धनबाद संसदीय क्षेत्र पूरे झारखंड का सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। यहां के छह विधानसभा क्षेत्रों को मिला कर कुल 22 लाख 40 हजार 276 मतदाता हैं। पूरे राज्य में इससे अधिक मतदाता किसी लोकसभा क्षेत्र में नहीं हैं। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें धनबाद, बोकारो, सिंदरी, झरिया, चंदनकियारी और निरसा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। धनबाद में पुरुष मतदाताओं की संख्या 11 लाख 74 हजार 67 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 10 लाख 66 हजार 137 है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता बोकारो विधानसभा क्षेत्र में पांच लाख 55 हजार 328 हैं, जबकि धनबाद विस क्षेत्र में चार लाख 43 हजार 835, चंदनकियारी में दो लाख 72 हजार 337, सिंदरी में तीन लाख 50 हजार 185, निरसा में तीन लाख 27 हजार 374 और झरिया में दो लाख 91 हजार 217 मतदाता हैं।

### धनबाद का राजनीतिक परिदृश्य

धनबाद लोकसभा क्षेत्र के अंदर छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें से पांच विधानसभा सीट फिलहाल भाजपा के कब्जे में है, जबकि एक सीट कांग्रेस के पास है। 2019 में चंदनकियारी सीट से भाजपा के अमर बाउरी जीते थे। निरसा से अपर्णा सेन गुप्ता, बोकारो से बिरंची नारायण, सिंदरी से इंद्रजीत महतो, धनबाद से राज सिन्हा चुनाव जीते थे। वहीं झरिया विधानसभा सीट पर कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह ने जीत हासिल की थी। विधानसभावार स्थिति देखें तो धनबाद में भाजपा काफी मजबूत स्थिति में है। धनबाद लोकसभा सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है। कांग्रेस यहां से छह बार चुनाव जीत चुकी है। भाजपा ने 1991 में धनबाद में पहली बार कब्जा जमाया। 1991 से 2019 तक आठ बार यहां से भाजपा चुनाव जीत चुकी है, जबकि दो बार मासस ने भी यहां से चुनाव जीता है। कांग्रेस ने 2004 में यह सीट जीती थी।

### धनबाद में काम नहीं करता स्थानीय फैक्टर

धनबाद संसदीय सीट के चुनाव परिणामों से साफ पता चलता है कि यहां लोकल फैक्टर काम नहीं करता है। कोयला और औद्योगिक इकाइयों के कारण इस संसदीय क्षेत्र में प्रवासी मतदाताओं की अधिकता है। इसलिए यहां स्थानीय प्रत्याशी की बजाय बाहर से भी प्रत्याशी जीतते रहे हैं। दूसरे इलाकों से आकर कई नेता यहां से जीत कर सांसद बनते रहे हैं।

### धनबाद के चुनावी मुद्दे

धनबाद संसदीय क्षेत्र में सबसे बड़ा मुद्दा झरिया पुनर्वास है। जमीन के नीचे लगी आग और भू-धंसान के कारण झरिया का पूरा इलाका खतरे में है। यहां के लोगों के पुनर्वास के लिए योजनाएं तो बनीं, लेकिन कुछ हुआ नहीं। इसके अलावा उद्योगों को पुनर्जीवित करना और रोजगार जैसे मुद्दे भी यहां खूब उछलते हैं। श्रमिक संगठनों की आपसी प्रतिद्वंद्विता और कोयले के अवैध कारोबार के कारण धनबाद का इलाका हमेशा से पूरे देश में चर्चित रहा है। चर्चित वासेपुर इसी धनबाद में है, जहां की हवा में अपराध की गंध तैरती है। धनबाद संसदीय क्षेत्र के मतदाता अब इस तरह के तनावपूर्ण माहौल से छुटकारा पाना चाहते हैं।

धनबाद की राजनीति को जानने-समझने वाले बताते हैं कि सरयू राय अगर धनबाद से चुनाव लड़ते हैं, तो मुकाबला रोचक हो जायेगा। त्रिकोणीय संघर्ष होगा, क्योंकि सरयू राय भी चुनावी राजनीति के 'चाणक्य' माने जाते है। जमशेदपुर पूर्वी से उन्होंने रघुवर दास को निर्दलीय चुनाव लड़ कर पराजित कर दिया था। जिस समय सरयू राय रघुवर दास के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे थे, उस समय किसी को यह नहीं लगा था कि वह कद्दावर रघुवर दास को उन्हीं के घर में हरा देंगे। सरयू राय का कहना है कि यह जरूर है कि कांग्रेस ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है, लेकिन इससे उनके चुनाव लड़ने के निर्णय पर बहुत अंतर नहीं पड़ने वाला है।

---

# न्याय उलगुलान महारैली में पांच लाख लोग आयेंगे, होगा शंखनादः सुप्रियो

- इंडी एलायंस ने की बैठक, झामुमो, कांग्रेस, राजद, आप और माले के नेता हुए शामिल
- रैली न केवल झारखंड, बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगीः राकेश सिन्हा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली को लेकर गुरुवार को कांग्रेस भवन, रांची में इंडी गठबंधन बैठक कर रैली को सफल बनाने की रणनीति तैयार की। बैठक के बाद मीडिया से प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी। अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा। उन्होंने कहा कि यह रैली न केवल झारखंड, बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगी। झारखंड संघर्षों की भूमि रही है। इस धरती से जो आवाज उठेगी, वह केंद्र की सत्ता पलटने में कारगर साबित होगी। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राजधानी रांची में 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में जेएमएम की न्याय उलगुलान महारैली होनेवाली है। इसके लिए इंडी गठबंधन के नेताओं को भी न्योता दिया गया है। इसमें राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव, कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी भी इस महारैली में जुटेंगे। इसके अलावा आप नेता संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आने की सहमति दी है। उद्धव ठाकरे की ओर से प्रियंका चतुर्वेदी भी इस महारैली में शामिल होंगी, जबकि नेशनल कांफ्रेंस से फारूक अब्दुल्ला एवं माले के दीपांकर भट्टाचार्य भी इसमें शामिल होंगे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह न्याय उलगुलान महारैली भी ऐतिहासिक होगी। हम सहयोगी दल न्याय के लिए मिल कर जुटेंगे। राज्य में वरीय नेताओं से बातचीत के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अकेले जेएमएम के तीन लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटेंगे। वहीं अन्य दलों के भी दो लाख कार्यकर्ता जुटेंगे। कुल पांच लाख लोग प्रभात तारा मैदान में आयेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि यह रैली झारखंड में ठीक चुनाव से पहले हो रही है। इसलिए झारखंड में इसे चुनाव का शंखनाद कहा जायेगा।

राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि जहां पर उलगुलान महारैली होगी, वह इलाका भी एचइसी में आता है। एचइसी कर्मियों को 22 महीने से वेतन नहीं मिला है। दस साल से बीजेपी के सांसद रहे। उनकी जवाबदेही तय होगी। इस मौके पर कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, झामुमो के मनोज पांडेय, भाकपा माले से नदीम खान, आप से रोहित श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# आदिवासियों का विकास सिर्फ भाजपा कर सकती हैः बाबूलाल



- 25 अप्रैल तक मंडल स्तर की एसटी मोर्चा की बैठक
- 30 अप्रैल तक सभी विधानसभा में जनजाति सम्मेलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा एसटी मोर्चा रांची लोकसभा की बैठक गुरुवार को रामकुमार पाहन की अध्यक्षता में हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही जनजाति समाज का विकास कर सकती है। भाजपा ने झारखंड राज्य का निर्माण, जनजाति मंत्रालय का गठन, द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना, मोदी सरकार में आठ-आठ जनजाति मंत्री, आदिवासी महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए जनजाति गौरव दिवस, पीएम जनमन योजना सहित कई ऐतिहासिक कार्य किये हैं।

बाबूलाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में जनसंपर्क अभियान चला कर मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों को बतायें।

**झारखंड सरकार की नाकामियों का पर्दाफाश करें :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में झामुमो, कांग्रेस, राजद की सरकार ने जनजाति समाज को पिछले विधान सभा चुनाव में गुमराह किया। प्रलोभन देकर झारखंड में सरकार बनायी, उसका पर्दाफाश करें। वर्तमान राज्य सरकार की नाकामियों और मोदी सरकार की उपलब्धियों को मोर्चा के जनजाति नेता-कार्यकर्ता 25 अप्रैल तक मंडल स्तर की बैठक और 30 अप्रैल तक रांची लोकसभा के सभी विधानसभा में जनजाति सम्मेलन करेंगे। बैठक में रामकुमार पाहन, ठानो मुंडा, अर्जुन मुंडा, सुनील फकीरा कच्छप, बुधराम बेदिया, अनिल महतो, रवि मुंडा, नकुल तिर्की, रोशनी खलखो, जीतनाथ बेदिया, सुनील उरांव, नूतन पाहन, रूपलक्ष्मी मुंडा, मनमोहन, अशोक, अरविंद आदि उपस्थित थे।

# 'द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो' है इंडी एलायंस रैलीः प्रतुल शाहदेव

- भाजपा ने इंडी एलायंस की रैली पर किया पलटवार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने इंडिया एलाइंस की 21 अप्रैल की रैली पर बड़ा हमला बोलते हुए उसे द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो करार दिया। प्रदेश मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस मंच पर अखिलेश यादव का परिवार, लालू प्रसाद का परिवार, स्टालिन का परिवार, ममता बनर्जी का परिवार, हेमंत सोरेन का परिवार के साथ गांधी परिवार नजर आयेगा। प्रतुल ने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाये जाने से डर कर एक मंच पर आया है।

प्रतुल ने कहा कि इंडी एलायंस इलेक्टोरल बांड पर लगातार झूठ परोस रहा है। इडी, आइटी और



सीबीआइ की दबिश के बाद जिन 16 कंपनियों ने इलेक्टरोल बांड खरीदे, उसका सिर्फ 37% हिस्सा भाजपा को मिला और 63% विपक्ष को।

प्रतुल ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए बताया कि विपक्ष तथ्यों को छुपा कर बोलता है। कुल 3000 कंपनियों ने इलेक्टरोल बांड खरीदा था, जिसमें सिर्फ 26 कंपनियों पर इडी, सीबीआइ या आइटी की इन्क्वारी चल रही है। इनमें से 16 कंपनी ने दबिश के बाद इलेक्टरोल बांड खरीदा था। इन 16 कंपनियों के खरीदे गये इलेक्टोरल बांड का सिर्फ 37% हिस्सा भाजपा को मिला, जबकि 63% हिस्सा विरोधियों को मिला। प्रतुल ने कहा कि अगर सीक्वेंस को जोड़ें तो ऐसा लगता है कि जिनके यहां इन एजेंसियों के छापे पड़ते हैं, उनके यहां विपक्षी जाकर सत्ता में आने के बाद मामले को समाप्त करने के नाम पर वसूली कर रहे हैं। तभी ऐसी दबिश वाली कंपनियों ने इलेक्टरोल बांड का 2/3 हिस्सा कांग्रेस और इंडी एलायंस के दलों को दे दिया।

प्रतुल ने कहा कि इस राज्य सरकार में तुष्टिकरण चरम पर है। लव जेहाद भी बढ़ा है। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य नसरुल इस्लाम को लोग मुसलमान बता कर बचाव कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि उन्होंने देश के प्रधानमंत्री की हत्या की बात कही थी और उसको भी हिंदू मुस्लिम के चश्मे से देखने वाले देश का विकास कभी नहीं कर सकते। जनता ऐसी विघटनकारी और विनाशकारी शक्तियों को बाहर करेगी और 400 सीटों के आंकड़े को भाजपा और सहयोगी दलों को पार करायेगी।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लि. की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"


# राजनीति में भी चमके मीडिया के सितारे

## जानकारी

सलोनी

**आजादी** के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चंद्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गयीं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में लगी थी। सेवा राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है, यह भाव भी प्रबल हुआ।

### मूल्यों पर 'अटल' रहने वाले 'वाजपेयी'

राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आये, जिसमें सबसे खास नाम अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो 'वीर अर्जुन' जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वह 'स्वदेश', 'पांचजन्य' और 'राष्ट्रधर्म' के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी 'हिंदुस्तान समाचार' और 'ऑर्गेनाइजर' से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आये। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक 'लोकमत', साप्ताहिक 'सारथी' और 'श्री शारदा' के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शंभूनाथ शुक्ल बाद में मध्यप्रदेश में मंत्री और सांसद रहे। 'विशाल भारत' के संपादक रहे बनारसी दास चतुर्वेदी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी के शिष्य रहे बालकृष्ण शर्मा नवीन 'प्रताप' के संपादक रहे और कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। महाराष्ट्र का दर्डा परिवार राजनीति में अग्रणी रहा। 'लोकमत समाचार' के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा, राजेंद्र दर्डा और विजय दर्डा सांसद, विधायक और मंत्री रहे। 'विजया कर्नाटक' और 'कन्नड़ प्रभा' अखबार से जुड़े रहे प्रताप सिम्हा भाजपा से दो बार लोकसभा पहुंचे। उनका नाम चर्चा में तब आया, जब उनके द्वारा अनुमोदित विजिटर पास से दो युवकों ने नयी संसद में पहुंच कर हंगामा किया।



## मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ तक सितारों की जगमगाहट

मूलतः पत्रकारिता से सार्वजनिक जीवन में आने वाले मोतीलाल वोरा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और लंबे समय तक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे श्यामाचरण शुक्ल ने रायपुर से 'दैनिक महाकौशल' अखबार निकाला। भाजपा के मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के अध्यक्ष रहे लखीराम अग्रवाल ने बिलासपुर से 'लोकस्वर' अखबार निकाला। बिलासपुर के पत्रकार बीआर यादव मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री और चार बार विधायक रहे। बिलासपुर के ही रहने वाले कवि, पत्रकार श्रीकांत वर्मा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे 'दिनमान' के संपादक मंडल में रहने के बाद राजनीति में आये। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के रहने वाले चंदूलाल चंद्राकर दैनिक 'हिन्दुस्तान' के संपादक रहे। बाद में कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। राजनांदगांव के पत्रकार लीलाराम भोजवानी छत्तीसगढ़ सरकार में श्रम मंत्री रहे। 'देशबंधु' में पत्रकारिता का पाठ पढ़ने वाले चंद्रशेखर साहू छत्तीसगढ़ से सांसद, मंत्री और विधायक रहे। मध्यप्रदेश में सीहोर के पत्रकार शंकर लाल साहू विधायक रहे। त्रिभुवन यादव पिपरिया से विधायक चुने गये। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे और दो बार विधायक चुने गये विष्णु राजोरिया मूलतः पत्रकार ही हैं, बाद में उन्होंने 'शिखर वार्ता' पत्रिका भी निकाली। मप्र में ही केएन प्रधान सांसद, विधायक और मंत्री भी रहे। नागपुर के अंग्रेजी अखबार 'हितवाद' का प्रकाशन करने वाले बनवारी लाल पुरोहित कांग्रेस और भाजपा दोनों से लोकसभा पहुंचे। संप्रति वे पंजाब के राज्यपाल हैं।

## भाषाई पत्रकारों को भी मिले अवसर

तृणमूल कांग्रेस ने हाल में ही अंग्रेजी की पत्रकार सागरिका घोष को राज्यसभा भेजा है। इसके पूर्व उर्दू पत्रकारिता से जुड़े रहे नदीमुल हक भी राज्यसभा में पहुंचे। हिंदी अखबार 'सन्मार्ग' के मालिक विवेक गुप्ता तृणमूल से सांसद भी रहे, अब विधानसभा में हैं। कुणाल घोष भी इसी दल से राज्यसभा पहुंचे। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश कौशिक भी मूलतः पत्रकार हैं। वह दिल्ली और शिमला में पत्रकारिता की लंबी पारी के बाद राजनीति में आये। हरियाणा के अंबाला लोकसभा क्षेत्र से 2014 में भाजपा सांसद चुने गये अश्विनी कुमार अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन 'पंजाब केसरी' के माध्यम से की गयी उनकी धारदार पत्रकारिता लोगों के जेहन में है। 'इकोनॉमिक टाइम्स' में रहे देवेश कुमार बिहार में भाजपा से विधान परिषद में हैं और प्रदेश महामंत्री भी हैं। हरियाणा सरकार में वित्त मंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु भी दैनिक 'हरिभूमि' के संपादक, प्रकाशक रहे हैं। उर्दू के पत्रकार शाहिद सिद्दीकी (नई दुनिया) सपा से, तो मीम अफजल (अखबार-ए-नौ) कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। आंध्र प्रदेश से 'वार्ता' के संपादक गिरीश सांघी कांग्रेस से राज्यसभा हो आये। पत्रकारिता से जुड़े रहे तेलंगाना के के केशवराव कांग्रेस और टीआरएस दोनों दलों से राज्यसभा जा चुके हैं। कोलकाता के पत्रकार अहमद सईद मलीहाबादी भी राज्यसभा पहुंचे। जनता दल यूनाइटेड से एजाज अली भी राज्यसभा (2008 से 2010) में रहे। कुछ राजनीति की देहरी से भी लौट आये, जैसे वरिष्ठ पत्रकार उदयन शर्मा (कांग्रेस) और सीमा मुस्तफा जनता दल के टिकट पर लोकसभा नहीं पहुंच सके। राजनीति के मंच पर ऐसे अनेक सितारे चमके और अपनी जगह बनायी। तमाम ऐसे भी थे, जो पार्टी के प्रवक्ता या बौद्धिक कामों से जुड़े रहे। तमाम अज्ञात ही रह गये। राजनीति वैसे भी एक कठिन खेल है, संभावनाओं से भरी भी। किंतु सबको इसका फल मिले यह जरूरी नहीं। बावजूद इसके इसका आकर्षण कम नहीं हो रहा। वरिष्ठ पत्रकार प्रभाष जोशी कहते थे, पत्रकार की पोलिटिकल लाइन तो ठीक है, पर पार्टी लाइन नहीं होनी चाहिए। किंतु यह लक्ष्मण रेखा भी टूट रही है। क्यों, यह तो अब तक अज्ञात है।

## भाजपा हो या कांग्रेस, सबने दिये मौके

कांग्रेस ने राजीव शुक्ला, प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी, कुमार केतकर, विजय दर्डा आदि को राज्यसभा से नवाजा। राजीव शुक्ला मनमोहन सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। वरिष्ठ पत्रकार संजय निरुपम लोकसभा पहुंचे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। 'सामना' के संपादक संजय राऊत अपने धारदार बयानों के लिए लोकप्रिय हैं, वह भी राज्यसभा सदस्य हैं। जनता दल (यू) ने 'प्रभात खबर' के संपादक रहे हरिवंश को दो बार राज्यसभा भेजा। वह इन दिनों राज्यसभा के उपसभापति भी हैं। 'ऑर्गेनाइजर' के संपादक रहे केआर मलकानी बाद में राज्यसभा पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी ने चंदन मित्रा, दीनानाथ मिश्र, बलबीर पुंज, राजनाथ सिंह सूर्य, नरेंद्र मोहन, प्रभात झा, तरुण विजय, स्वप्नदास गुप्ता को राज्यसभा भेजा। इनमें मित्रा बाद में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये, जबकि पुंज और झा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। प्रभात झा मध्यप्रदेश भाजपा के चर्चित अध्यक्ष भी रहे। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों में रह चुके वरिष्ठ पत्रकार एमजे अकबर किशनगंज से कांग्रेस से लोकसभा पहुंचे। बाद में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और विदेश राज्य मंत्री बनाया।

# कोई उठा रहा बोरियां, कोई कर रहा इ-रिक्शा से प्रचार

## सवाल वोट का



नवीन जिंदल।



डॉ सुशील गुप्ता।

राजवीर

**पिछले** 10 सालों में पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कई विकास कार्य हुए हैं। केंद्र में लगातार तीसरी मोदी सरकार सुशासन का नया इतिहास लिखेगी। ये विचार पूर्व सांसद और कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने व्यक्त किये। उन्होंने रादौर अनाज मंडी में तीन गेहूं की बोरियों को उठा कर ट्रक में रखा। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के इंतजार के बाद ये पहली महा रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में विराजमान होकर रामलला हमें आशीर्वाद दे रहे हैं। अयोध्या का भव्य राम मंदिर हमारी आस्था और विश्वास का प्रतीक है। राम मंदिर का निर्माण प्रधानमंत्री के मजबूत इरादों को भी प्रतिबिंबित करता है। नरेंद्र मोदी जो ठान लेते हैं, वह कर दिखाते हैं, इसलिए पूरे देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा भी है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के समय मुझे मर्यादा पुरुषोत्तम का दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। रामनवमी का यह पावन पर्व हमें सत्य, निष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने का जीवन मंत्र देता है। इस मौके पर राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज, जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, चेयरमैन धर्मसिंह बंचल, मेयर मदन चौहान, डॉ सतीश कांबोज, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, एमसी भगवत दयाल कटारिया, मुकेश अरोड़ा मक्की, सुशील बत्रा आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री आज हर युवा के दिल में : डॉ. सुशील गुप्ता

आम आदमी पार्टी रामराज्य की अवधारणा और आदर्श से प्रेरणा लेकर दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रही है। आम आदमी पार्टी की कोशिश है कि कोई भूखा न सोये, हर गरीब को मुफ्त राशन मिले, बेघरों के लिए रहने, खाने और पीने की व्यवस्था की जाये, हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, हर व्यक्ति को अच्छा और मुफ्त इलाज मिले, महिलाओं को सुरक्षा मिले, हर व्यक्ति को 24 घंटे बिजली, पीने का पानी और सम्मान मिले। यह विचार आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता ने थानेसर विधानसभा का दौरा करने के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली और पंजाब में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलने लगी है और हर व्यक्ति को मुफ्त इलाज मिल रहा है। इसलिए प्रदेश में भी आम आदमी पार्टी धर्मनगरी से रामराज्य की शुरुआत करेगी। जब देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन बना तो सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग होने लगा और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया गया। देश में लोकसभा चुनावों के वक्त ऐसी कार्रवाई बीजेपी का डर दिखा रही हैं। आज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बेशक जेल में हैं, लेकिन उनकी सोच आज हर युवा के दिल में है। डॉ सुशील गुप्ता ने थानेसर विधानसभा के सेक्टरों और कॉलोनियों में चुनावी यात्रा शुरू की। वे इ रिक्शा में बैठ कर चुनाव प्रचार के लिए निकले और धर्मनगरी कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता के हकों की आवाज उठाने का वादा किया।

# वाम दलों के गढ़ जलपाइगुड़ी में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस का सीधा मुकाबला

शंकर

**बंगाल** में वाम दलों के गढ़ जलपाईगुड़ी संसदीय क्षेत्र की तासीर कुछ अलग है। थोड़ी सख्त, थोड़ी नरम और गरम भी। मतदाता भी खास हैं। एकदम मौन। चुप्पी ऐसी कि भाजपा के पक्ष में हैं या फिर तृणमूल के, आप जान ही नहीं सकते। हां, अगर आपकी बोली या भाषा इन्हें अपनेपन का अहसास करा दे तो फिर लीजिए, ये बेधड़क-बेहिचक हो जायेंगे,बेबाकी से पूरी बात बयां कर देंगे। इसके बाद मुतमइन हो जायेंगे कि आखिर लेफ्ट के इस गढ़ में पैठ बनाने के लिए तृणमूल, फिर भाजपा को क्यों लंबी मशक्कत करनी पड़ी। यह सीट 2009 से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। कुल सात विधानसभा क्षेत्रों में पांच पर तृणमूल, तो दो भाजपा के पाले में है। 2019 में पहली बार कमल खिला। जयंत कुमार रॉय ने दीदी के गढ़ में मोदी मैजिक दिखाया। आशंकाओं और तृणमूल की घेराबंदी के बाद भी अप्रत्याशित रूप से 33.63 प्रतिशत वृद्धि के साथ कुल 50.65% मतों के साथ जीत दर्ज की। जलपाईगुड़ी सीट की महत्ता इससे जान लीजिए कि यहां मोदी और ममता दोनों जोर लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जनसभा कर स्थानीय देव-देवियों का उल्लेख कर आरोप लगाया कि केंद्र की योजनाओं का लाभ राज्य सरकार उन तक नहीं पहुंचने दे रही। वहीं, ममता ने आरोप लगाया कि राज्य के हिस्से का पैसा केंद्र नहीं दे रहा है। इस छोटे पर्यटक शहर में चाय के बागान और धान की खेती बड़े पैमाने पर हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और बेरोजगारी बड़ी समस्या है। इलाज के लिए मुंबई, दक्षिण भारत की दौड़ लगानी पड़ती है।

## बैटल ऑफ बंगाल



भाजपा नेता डॉ जयंत कुमार रॉय।



टीएमसी नेता निर्मल चंद्र रॉय।

### सीपीएम के गढ़ में भाजपा की सेंधमारी

1962 में वजूद में आये संसदीय क्षेत्र पर लंबे समय तक कांग्रेस का कब्जा रहा। 1980 से यह सीट सीपीएम की हुई, तो लगातार 2009 तक रही। 2014 में तृणमूल ने यहां खाता खोला। 2019 में भाजपा के जयंत ने भगवा लहरा कर सभी को दंग कर दिया। इस बार भी सीधा मुकाबला भाजपा और तृणमूल में ही है। भाजपा ने मौजूदा सांसद डॉ जयत कुमार रॉय को फिर से उतारा है, तो तृणमूल ने निर्मल चंद्र रॉय और सीपीआइएम ने देबराज बर्मन को मैदान में उतारा है।

### वोटरों को किसकी चाय पसंद आयेगी

राज्य में सर्वाधिक और बड़े-बड़े चाय बागान यहीं हैं और उतनी ही बड़ी बागान मजदूरों की समस्याएं। मजदूरी का कोई पैमाना नहीं, आर्थिक सुरक्षा के लिए पीएफ, पेंशन जैसी सुविधाएं नहीं। सही-सस्ते इलाज को भी मोहताज। सबसे मजबूत वोट बैंक होने के बावजूद इनसे हर दल ने छल किया। चाय बागान मालिक बाजार की चुनौतियों का अपना अलग रोना रोते हैं। दोनों दलों ने चाय बागान मजदूरों को लुभाने की कोशिश की है। मोदी ने रैली में आरोप लगाया कि ममता इनका भला नहीं होने दे रहीं और सिर्फ चुनावी लाभ के लिए उनका ख्याल करती हैं। मजदूरों की नाराजगी की परवाह ममता को भी है, इसीलिए चालसा इलाके में प्रचार के दौरान एक चाय बागान पहुंचीं और मजदूरों से बातचीत की। समस्याएं दूर किये जाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने अपने हाथों से चाय बना कर मजदूरों को पिलायी भी। इसका खुलासा होना बाकी है कि किस चायवाले की चाय मजदूरों ने पसंद की।

# गोपालगंज में इस बार भी नहीं मिला महिलाओं को प्रतिनिधित्व

विद्यासागर

**गोपालगंज** जिले की विधानसभा सीटों की बात करें तो छह विस क्षेत्रों में से चार सीटों पर कभी भी महिला प्रत्याशी को जीत नहीं मिली है। इन विधानसभा सीटों में बैकुंठपुर, बरौली, भोरे (सुरक्षित), हथुआ सीटें शामिल रही हैं। गोपालगंज विधानसभा सीट इसका अपवाद रही है। एक बार कटेया विधानसभा से किरण राय ने राजद के टिकट पर चुनाव में जीत दर्ज की थी। अब कटेया विधानसभा अस्तित्व में नहीं है। कटेया प्रखंड को भोरे विधानसभा में शामिल कर दिया गया।

## बिहार का रणक्षेत्र



### गोपालगंज सदर विस सीट से चार बार महिलाओं को मौका

गोपालगंज सदर विधानसभा सीट से चार बार महिलाओं को जनता ने मौका दिया है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 1969 में हुए विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस की रामदुलारी सिन्हा निर्वाचित घोषित की गयी थीं। उन्होंने जनसंघ के कमला प्रसाद सिंह को हराया। 1971 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर रामदुलारी सिन्हा दोबारा विधानसभा की सदस्य निर्वाचित हुईं। उन्होंने नागेश्वर सिंह को हराया। 1977 में हुए विधानसभा चुनाव में जनता पार्टी के टिकट पर राधिका देवी निर्वाचित हुईं। उन्होंने निर्दलीय काली प्रसाद पांडेय को हराया।

### 2014 में ज्योति भारती थीं प्रत्याशी

गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र के वर्ष 2014 के चुनाव में महिला प्रत्याशी उपविजेता रही थीं। तब भारतीय जनता पार्टी के जनक राम ने कांग्रेस की ज्योति भारती को 2,86,936 मतों के अंतर से पराजित किया। इस चुनाव में जनक राम को 4,78,773 तथा ज्योति भारती को 1,91,837 मत मिले थे।

# अन्नाद्रमुक के गढ़ में कांग्रेस की उम्मीद हैं ज्योतिमणि

अक्षय

**तमिलनाडु** में अन्नाद्रमुक का गढ़ रहे करूर में 2019 की कांग्रेस सांसद सेन्नीमलाई ज्योतिमणि के लिए अपनी और कांग्रेस की जीत को बरकरार रखना आसान नहीं होगा। तब अन्नाद्रमुक के एम थंबीदुरई को हराने वाली ज्योतिमणि किसान परिवार से आने वाली करूर की पहली सांसद बनीं। परास्नातक ज्योति नेता के साथ सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक भी हैं। सामाजिक मुद्दों को लेकर उनके सरोकार पिछले चुनाव में जीत दिलाने में प्रमुख कारक रहे थे। 22 साल की उम्र में कांग्रेस में शामिल हुई ज्योति लंबे समय तक भारतीय युवा कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता रहीं। वह राहुल गांधी की करीबी हैं। गढ़ वापस लेने के लिए अन्नाद्रमुक ने केआरएल थंगावेल को उतारा है, जबकि भाजपा ने वीवी सेंथिलनाथन को मौका दिया है। ऐसे में त्रिकोणीय मुकाबला तय है। ज्योतिमणि 2011 के विधानसभा चुनाव में राहुल की युवा ब्रिगेड का हिस्सा थीं। कांग्रेस ने तब द्रमुक के गढ़ में 63 सीटों पर चुनाव लड़ा था। विडंबना यह कि जिन वी सेंथिलबालाजी ने 2011 के चुनाव में ज्योतिमणि को हराया था, 2019 के संसदीय चुनावों में वही उनके मुख्य चुनाव रणनीतिकार बने।

## चर्चित चेहरा



### थंबीदुरई को बड़े अंतर से हराया, अब हालात अलग

2019 लोकसभा चुनावों में ज्योतिमणि ने वरिष्ठ अन्नाद्रमुक नेता एम थंबीदुरई को 4,20,546 वोटों के अंतर से हराया। ज्योति को 6,95,697 वोट मिले थे। तब कांग्रेस और द्रमुक गठबंधन में थी और अन्नाद्रमुक और भाजपा साथ थे। लेकिन 2024 में अन्नाद्रमुक अलग है। ऐसे में चुनौती कड़ी होगी।

### बुनियादी सुविधाएं भी नहीं

कपड़ा उद्योग का समृद्ध केंद्र होने के बावजूद करूर जिले में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इनमें त्रिचि और कोयंबटूर के नजदीकी शहरों के लिए चार-लेन राजमार्ग प्रमुख है। करूर से हर साल 6,000 करोड़ रुपये का कपड़ा निर्यात होता है। औद्योगिक इकाइयां करीब तीन लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करती हैं। यहां बुनियादी सुविधाएं अहम मुद्दे हैं।

# राजस्थान में प्रचार से आखिर क्यों गायब हैं वसुंधरा राजे

प्रशांत

**राजस्थान** में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय नेता प्रचार के लिए राजस्थान के कई चक्कर काट चुके हैं। प्रदेश के सीएम भजनलाल शर्मा और दोनों उप मुख्यमंत्री भी सभी सीटों पर प्रचार के लिए पूरा जोर लगाये हुए हैं। लेकिन प्रचार के शोर से राजस्थान का एक प्रमुख चेहरा गायब है। वह चेहरा कोई और नहीं प्रदेश की राजनीति की 25 सालों तक नुमाइंदगी करने वालीं वसुंधरा राजे का है। पिछले साल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जैसी सक्रियता दिखाई थी, वैसी लोकसभा चुनाव प्रचार में अभी तक नहीं देखने को मिल रही है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है कि आखिर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कहां हैं? इसके पीछे कई कारण बताये जा रहे हैं। कुछ जानकार इसे वसुंधरा की नाराजगी भी बता रहे हैं।

### किसी भी चुनावी कार्यक्रम में नहीं दिखीं राजे

दरअसल, राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का नाम प्रदेश के स्टार प्रचारकों में भी शामिल है, लेकिन झालावाड़ सीट को छोड कर प्रदेश में कहीं भी प्रचार करते नजर नहीं आ रही हैं। इस सीट से राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह चुनावी मैदान में हैं। प्रधानमंत्री मोदी अब तक प्रदेश में पांच चुनावी सभा और एक रोड शो कर चुके हैं। लेकिन राजे पीएम के किसी भी चुनावी कार्यक्रम में नजर नहीं आयी हैं। हालांकि भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को राजे दिल्ली के केंद्रीय कार्यालय में मौजूद थीं। इस दौरान उन्होंने भाजपा के दिग्गज नेताओं के साथ मुलाकात भी की थी। लेकिन प्रदेश के पहले चरण का प्रचार थमने के बाद प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में यह सवाल गूंज रहा है कि आखिर राजे प्रचार से क्यों दूर हैं। क्या वह केवल अपने बेटे की सीट तक सिमट कर रह गयी हैं।

## बड़ा सवाल



### विधानसभा चुनाव में किया था जम कर प्रचार

राजस्थान में जब 2023 में विधानसभा चुनाव हो रहे थे, तब शुरुआती दौर में राजे और केंद्रीय नेतृत्व के बीच कुछ ठीक नहीं था। लेकिन बाद में राजे की नाराजगी को दूर करने के लिए उनकी सलाह को तवज्जो दी गयी। इसके बाद राजे ने विधानसभा चुनाव में जम कर प्रचार किया था। वह पीएम मोदी के साथ कई बार मंच पर नजर भी आयी थीं। प्रदेश में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद पहली बार के विधायक भजनलाल शर्मा को प्रदेश का सीएम बना दिया गया। इसके बाद से ही राजे पार्टी से अंदरखाने नाखुश चल रही हैं। हालांकि खुल कर उन्होंने कभी इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी भी जाहिर नहीं की। वह प्रदेश भाजपा के कई कार्यक्रमों और बैठकों से गैरहाजिर रहीं। लोकसभा टिकट वितरण के समय वह फिर कुछ दिनों से एक्टिव हुईं, लेकिन टिकट बंटवारे के बाद फिर शांत हो गयीं। बीते दिनों झालावाड़ में हुई जेपी नड्डा की रैली के अलावा राजे की उपस्थिति अन्य किसी बड़े मंच पर नहीं दिखी थी। हालांकि इस बीच दिल्ली में भाजपा मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक में वसुंधरा शामिल हुईं थीं। पूर्व सीएम राजे के पास फिलहाल सरकार में कोई पद नहीं है। वह एक सामान्य विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में भी राजे के प्रचार प्रसार का कार्यक्रम पार्टी की ओर से जारी नहीं किया जा रहा है, जबकि अन्य नेताओं के कार्यक्रम पार्टी की ओर से जारी किये जा रहे हैं। स्टार प्रचारक होने के बावजूद अभी तक राजे का कोई कार्यक्रम झालावाड़ से बाहर का नहीं बना है। प्रदेश भाजपा के स्थानीय नेताओं का कहना है कि सियासी गलियारों में यह सवाल गूंज रहा है कि राजे के प्रचार से दूर रहने पर पार्टी को फायदा होगा या नुकसान, यह कहना अभी मुश्किल है। लेकिन पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को नुकसान के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।





# झारखंड में पारा 43 डिग्री के पार, स्कूलों का समय बदला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में सूर्य देवता आग उगल रहे हैं। कई जिलों में पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। वहीं कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम केंद्र के अनुसार आनेवाले दिनों में पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के तापमान में वृद्धि की संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग ने 19 से 21 अप्रैल तक कोल्हान प्रमंडल में लू का येलो अलर्ट जारी किया है।

**संथाल में हीट वेब :** मौसम केंद्र के अनुसार संथाल परगना में भी 20 से 21 तक हीट वेब चलेगी। पिछले 24 घंटे की बात करें, तो सबसे अधिक तापमान सरायकेला में दर्ज किया गया है। सरायकेला में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## स्कूलों का बदला टाइम टेबल

बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूलों ने समय सारिणी में बदलाव शुरू कर दिया है। कई स्कूलों ने सुबह स्कूल पहुंचने और दोपहर छुट्टी के समय में बदलाव किया है। वहीं, कई स्कूल अगले सप्ताह से टाइमिंग में जल्द ही बदलाव करेंगे। डीएवी आलोक, डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी बरियातू, जेवीएम श्यामली, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रॉयल्स बड पब्लिक स्कूल और कैराली स्कूल ने पहले ही सुबह के शेड्यूल में बदलाव कर दिया है। डीएवी बरियातू में सुबह 8 बजे से कक्षाओं का संचालन होता था। अब 7.30 कर दिया गया है। डीएवी आलोक में 8.10 की बजाये सुबह 7 बजे से कक्षाएं चल रही हैं। इसी तरह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 7.40 की बजाय 7 बजे से, जेवीएम श्यामली में 8 बजे की बजाय 7 बजे से और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 8 की जगह अब सुबह 6 बजे से कक्षाओं का संचालन हो रहा है।

# सुंदरपहाड़ी पुलिस की गोली से युवक की मौत

### सुंदरपहाड़ी थानेदार निलंबित, आरोपी एएसआइ राजनाथ यादव गिरफ्तार, गये जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गोड्डा जिला अंतर्गत सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत मामले में थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। आरोपी एएसआइ को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी एएसआइ पर गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट की धारा में सुंदरपहाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं गोड्डा एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआइटी की टीम मामले की जांच कर रही है। बता दें कि गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र स्थित डांगापाड़ा गांव में रेड के दौरान अफरा-तफरी में एएसआइ राजनाथ यादव ने आदिम जनजाति समुदाय के हरिनारायण पहाड़िया नामक युवक को गोली मार दी। उसकी मौत हो गयी। पुलिस लेवी मांगे जाने से संबंधित घटना के संदर्भ में बेनाडिक हेंब्रम की संलिप्तता की सूचना पर उसके घर पर छापामारी करने पहुंची थी। पुलिस को देख उसके घर के पास से एक युवक भागने लगा। इसी क्रम में एएसआइ राजनाथ यादव ने उसे गोली मार दी। युवक के बांये कंधे के पास गोली लगी। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## लिटिल विंग्स स्कूल के विद्यार्थियों का हेरिटेज वाक




रांची (आजाद सिपाही)। वर्ल्ड हेरिटेज डे पर बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल के कक्षा सात से 10 तक के विद्यार्थी हेरिटेज वाक पर टैगोरहिल पहुंचे। वहां हेरिटेज कन्जर्वेशन प्रोजेक्ट चीफ श्रीदेव सिंह ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षिकों को टैगोर हिल का भ्रमण कराते हुए इतिहास को बताया। साथ ही नवीकरण और संरक्षण के अंतर को बताते हुए ऐतिहासिक धरोहरों का महत्व और संरक्षण का कारण बताया। सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ ने शोभायात्रा का स्वागत किया




रांची (आजाद सिपाही)। श्री चैती दुर्गापूजा समिति की शोभायात्रा का स्वागत मारवाड़ी टोला स्थित फर्म रामविलास जालान के परिसर में झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के सदस्यों ने किया। इस अवसर पर संघ की ओर से सभी श्रद्धालु को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गय। बुंदिया का प्रसाद और शुद्ध पेयजल का भी वितरण संघ द्वारा भक्तों के बीच किया गया। इस अवसर पर संघ की ओर से अध्यक्ष विक्रम खेतावत, उपाध्यक्ष अमरचंद बेगानी, सचिव प्रमोद सारस्वत, सह सचिव हैप्पी किंगर, पूर्व अध्यक्ष अनिल जालान, उमाशंकर कनोडिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# महावीर मंडल ने रामनवमी के आयोजन पर जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति ने श्री रामनवमी महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए रामभक्तों का आभार व्यक्त किया है। मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा ने रामभक्तों को रामनवमी महोत्सव की अपार सफलता, शोभायात्रा के सफल संचालन, अलौकिक झांकियां, अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए आभार प्रकट किया। कहा कि रामनवमी शोभायात्रा रामभक्तों के सहयोग से ऐतिहासिक थी। शोभायात्रा के स्वागत में सभी समितियां, अखाड़ा, सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के संग व्यापारिक संस्थाओं ने जगह-जगह शिविर लगाये। उन्हें साधुवाद देते हैं। पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला।

**चैती दुर्गा पूजा की शोभायात्रा का स्वागत :** श्री चैती दुर्गा पूजा की शोभायात्रा का स्वागत श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति रांची ने महावीर चौक पर किया। इस अवसर पर चैती दुर्गापूजा के अध्यक्ष शंकर दुबे, मंत्री गोपाल पारीक, किशोर साहू, राजकुमार गुप्ता सहित कई पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। स्वागत करनेवालों में मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, उपाध्यक्ष राजासेन गुप्ता, राज किशोर, मंत्री दीपक ओझा, सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## अधिवक्ता राजीव कुमार की अग्रिम जमानत पर सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। कोलकाता कैश कांड में आरोपी हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 25 अप्रैल निर्धारित की है। कैश कांड में सीबीआइ की दिल्ली शाखा ने 3 फरवरी को कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवार और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपी को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था।

# श्रीचैती दुर्गापूजा समिति डोरंडा ने खोइछा भर कर मां को दी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री चैती दुर्गापूजा समिति डोरंडा द्वारा चैत नवरात्र में आयोजित मां भवानी की भव्य पूजा का समापन प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ। समिति द्वारा इस अवसर पर पूजा प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गयी। ताशा पार्टी, ढाक बाजा और मोबाइल भजन के साथ शोभा यात्रा काली मंदिर रोड से झंडा चौक गांधी मैदान एजी मोड़, कृष्ण पार्क हिनू चौक होते हुए सेक्टर टू पहुंची, जहां मत्स्य विभाग के तालाब में प्रतिमा विसर्जन किया गया। विसर्जन शोभा यात्रा में सुबोधकांत सहाय, राज्यसभा सांसद डॉक्टर माजी, महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, चंद्रशेखर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, चैती दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे, रोहित सिन्हा, महामंत्री गोपाल पारीक, रूपेश बर्मन, संजय सिंह लल्लू, कुमार राजा, रविचंद कपूर, सोमवित मांझी, राहुल सिन्हा चंकी एवं मां भवानी के हजारों भक्त शामिल थे। शोभायात्रा का नेतृत्व प्रकाश वर्मा, राकेश पाल, महेश विजय, प्रमोद चौधरी, मुकेश गुप्ता, हिमांशु शेखर दास, राजकुमार पाल, देवाशीष दत्ता, लडडू साव, रामवृक्ष साव, सतीश प्रसाद, अरुण गुप्ता, डिंपल नाग, दीपक राम, शंभु गुप्ता, विनय गुप्ता, शम्मी गुप्ता शामिल थे।

## शिक्षा सचिव से मिले शिक्षक मोर्चा के सदस्य

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद ने शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान अवकाश तालिका पर चर्चा के दौरान विभिन्न विसंगतियों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। इसमें शीतकालीन अवकाश पांच दिनों का है, वह मात्र नव वर्ष की छुट्टी को हटाकर एक दिन का रहना चाहिए, जो कि जिला स्थापना के द्वारा जारी छुट्टी लिस्ट में भी स्पष्ट रूप से अंकित है। शिक्षा सचिव ने कहा कि जल्द ही विसंगतियों को दूर किया जायेगा।

## 76 वर्षीय महिला लापता, खोज रहे परिजन



रांची (आजाद सिपाही)। 76 वर्षीय हेलेना टोप्पो विगत 12 अप्रैल से लापता हैं। खोजबीन में परिजन जुटे हैं। इसकी जानकारी थाना को भी दी गयी है। वह हिंदपीढ़ी की रहनेवाली है। मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। रंग काला है। आंख काला, बाल सफेद-काला, दांत टूटा है। हाइट 5 फीट है। हेलेना नाइटी ब्लू प्रिंटेड पहनी हुई है। ब्राउन प्रिंट शॉल ओढ़े हुए है। झुक कर चलती हैं। परिजनों ने अपील की है कि कृपया किसी को इस संदर्भ में जानकारी मिले, तो 9431576581, 9939135103, 9608853808 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सरला बिरला स्कूल में ओजस-प्रवाह समारोह

## 1500 से अधिक छात्रों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में छात्रों को सम्मानित करने के लिए ओजस और प्रवाह वार्षिक अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। शैक्षिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए 1500 छात्रों को सम्मानित किया गया।

प्रवाह अवार्ड से उन छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जो अपनी मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर हर दिन विद्यालय पहुंचे। लगातार तीन वर्षों तक 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को हैट्रिक उपस्थिति के लिए सम्मानित किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया।

## इंटर स्टेट गिरोह से जुड़ा है तार

# दो लाख के ब्राउन शुगर के साथ नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** खेलगांव थाना पुलिस ने इंटर स्टेट गिरोह से जुड़े ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में एक नाबालिग समेत चार आरोपी शामिल है। गिरफ्तार आरोपी में सदर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर के रहने वाले सुमन कुमार, बरियातू थाना क्षेत्र स्थित जयप्रकाश नगर के रहने वाले अभिषेक रंजन टोप्पो और बीआइटी मेसरा ओपी स्थित होम्बई के रहने वाले ऋषिकेश कुमार पाहन का नाम शामिल है। आरोपी के पास से 16.90 ग्राम ब्राउन शुगर पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि खेलगांव थाना क्षेत्र स्थित रामदयाल मुंडा कला केंद्र के पास ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री होनेवाली है। सूचना पर सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल रामदयाल सिंह मुंडा कला भवन के पास पहुंचा, तो पुलिस को आता देख चार लड़के भागने लगे, जिन्हें संदिग्ध हालत में पकड़ा गया। तलाशी के क्रम में सुमन कुमार के पास से 16.20 ग्राम और ऋषिकेश कुमार के पास से 0.070 मिली ग्राम बाउन शुगर बरामद किया गया। इस संबंध में खेलगांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया। वहीं नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पुलिस की तत्परता से चारों तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

## रिश्वतखोर क्लर्क को तीन साल की सजा

रांची (आजाद सिपाही)। सीबीआइ कोर्ट ने पांच हजार रिश्वत लेने वाले क्लर्क को दोषी करार देते हुए तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस के बाद रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय रामगढ़ के यूडीसी क्लर्क रामराज नोनिया को दोषी पाकर तीन साल की सजा के साथ 20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में 6 अप्रैल को सुनवाई पूरी हो गयी थी। दरअसल, सीबीआइ की टीम ने 5 मार्च 2020 को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रामराज नोनिया को गिरफ्तार किया था। उन्होंने सीसीएल कर्मी सिंगराई मुंडा से प्रशिक्षण अवधि और इनक्रीमेंट के एरियर का भुगतान करने के लिए रिश्वत मांगी थी। आरोपों को साबित करने के लिए सीबीआइ ने कोर्ट में 8 गवाहों को प्रस्तुत किया।

## कोरोनाकाल से निकली यूपीएससी भेदने की राह

# प्रखर को 92वां, हिमांशु को 509वां रैंक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वैश्विक महामारी कोरोना ने असंख्य लोगों का जीवन बदल दिया। किसी के लिए कोरोना अभिशाप बन गया, तो किसी के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखा। लॉकडाउन और वर्क फ्रॉम होम कल्चर ने कुछ अलग सोचने का अवसर दिया। उनका इरादा बदला और यूपीएससी के लक्ष्य को भेदने की राह निकल गयी। यूपीएससी में एचइसी के दो कर्मचारियों के बेटों ने परचम लहराया है। कोरोना काल में ही दोनों ने तैयारी की। एचइसी कॉलोनी में रह कर प्रखर कुमार ने 92वां और हिमांशु लाल ने 509वां रैंक हासिल किया।

एचइसी सेक्टर 2 कॉलोनी में रहने वाले प्रखर कुमार के पिता मनीष कुमार एचइसी में कार्यरत हैं और एफएफपी प्लांट में एसडीजीएम हैं। वहीं प्रखर की माता प्रीति सिन्हा कैरलि स्कूल में टीचर हैं। पिता ने बताया कि घर में शुरू से पढ़ाई का माहौल था। प्रखर बचपन से ही ब्राइट स्टूडेंट रहा है। कैरलि स्कूल से 10वीं तक पढ़ाई की और हमेशा क्लास में अव्वल रहा। 2018 में 12वीं कि पढ़ाई डीपीएस रांची से पूरी की। इसमें झारखंड टॉपर रहा। इसके बाद बीआइटी मेसरा से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। 2022 में केपीएमजी कंपनी में काम करना शुरू किया।

**यूपीएससी के सक्सेस स्टोरी से मोटिवेट :** प्रखर ने बताया कि कोरोना काल के दौरान समय मिला कुछ नया करने के लिए। कोडिंग में उतना मन नहीं लग रहा था। जब काम शुरू किया, तो वर्क फ्रॉम होम था। उस समय अच्छा अवसर था टाइम का सही उपयोग करने का। सोशल साइट्स पर यूपीएससी के सक्सेस स्टोरी से मोटिवेट हुआ।

**झारखंड के बारे में पूछा गया सवाल :** प्रखर ने बताया कि इंटरव्यू में पीएसयू से रिलेटेड सवाल किये गये। पीएसयू के प्राइवेटाइजेशन और पीएसयू के महत्वपूर्णता पर बात हुई। झारखंड के जामताड़ा जिले के पर प्रश्न थे। झारखंड के कल्चर पर सवाल हुए। कहा कि आप घर बैठे भी तैयारी कर सकते हैं। ऑनलाइन तैयारी के लिए काफी मैटेरियल है।

**हिमांशु ने दूसरी प्रयास में यूपीएससी किया पास :** हिमांशु के पिता हिरा लाल बैठा एचइसी में मैटेरियल मैनेजमेंट के हेड हैं और मां शोभा कुमारी हाउस वाइफ हैं। उन्होंने बताया कि हिमांशु की 12वीं तक की पढ़ाई कैरलि स्कूल से हुई। 2016 में आइआइटी दिल्ली में दाखिला मिला। यहां से 2021 में एमटेक की पढ़ाई पूरी की। कोरोना काल में घर से ही यूपीएससी की तैयारी शुरू की और दूसरे प्रयास में सफतला मिली।

## हेमंत सोरेन नहीं हुए पेश, अगली सुनवाई 3 मई को

रांची(आजाद सिपाही)। इडी के समन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा की अदालत में पेश नहीं हुए। अदालत ने अगली सुनवाई 3 मई को होगी। इससे पूर्व 12 मार्च को सीजेएम की अदालत ने उन्हें समन जारी करते हुए तीन अप्रैल को उपस्थित होने का आदेश दिया था। लेकिन समन नहीं पहुंचने की बात कहते हुए वह तीन अप्रैल को भी पेश नहीं हुए थे। इसके बाद अदालत ने अगली पेशी की तारीख 18 अप्रैल तय की थी। गुरुवार को भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पेश नहीं हुए। बड़गाईं मौजा वाली जमीन मामले में हेमंत सोरेन को इडी ने गिरफ्तार किया है। इसी मामले में वे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद हैं।

## आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई

रांची(आजाद सिपाही)। जमीन घोटाला मामले में आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर गुरुवार को इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। यह जानकारी अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने दी। इससे पूर्व विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सोमवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

# इरफान अंसारी तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं : भानु प्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोकसभा चुनाव के पास आते ही राजनीतिक गलियारों में सियासी पारा चढ़ने लगा है। इसी क्रम में भाजपा नेता भानु प्रताप शाही ने जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी पर चुटकी लेते हुए कहा कि इंडी गठबंधन को लोकसभा चुनाव में झारखंड में एक मुस्लिम तो लड़ाना ही चाहिए था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए भानु प्रताप शाही ने लिखा कि इरफान अंसारी तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं। आपके पिता के साथ जो अन्याय हुआ है, उसका बदला पूरे झारखंड में लेना है। ये अनूप सिंह पहले आपको बंगाल जेल भेजवाया, अब टिकट भी आपके पिता का कटवा कर खुद ले लिया। उन्होंने आगे कहा कि अनूप भारी पड़ गया भाई। अब क्यों हो आप कांग्रेस में। इज्जत बचानी है तो भाग जाओ। तब हम भी बुलडोजर नहीं चलायेंगे आपके घर वादा है। भानु ने तंग कसते हुए कहा कि आप चाहो तो आइआइएम ज्वाइन कर लो।

### इरफान का पलटवार



इरफान अंसारी भी इस ट्वीट के बाद पीछे नहीं रहे और उन्होंने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि जब मनीष चुनाव लड़ सकता है, तो मेरा भानु क्यों नहीं। बड़ी शानदार मोदी जी का गुणगान गाता है। कहीं ना कहीं यह भानु जी के साथ घोर अन्याय है। इरफान ने आगे लिखा कि लेकिन एक बात तो है कि आप भाजपा में सुरक्षित हैं और खूब मजा मारिये। और हां कांग्रेस पार्टी ने ही आपको मंत्री बनाया है और वही आपको सांसद भी बनायेगी।

## कृष्ण प्रणामी महिला समिति का अन्नपूर्णा भंडारा



रांची (आजाद सिपाही)। रामनवमी और दुर्गानवमी के उपलक्ष्य में अन्नपूर्णा भंडारा का आयोजन महिला विंग की ओर से किया गया। पुंदाग में अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य चंदा देवी अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल के द्वारा जरूरतमंद के बीच भंडारे का वितरण किया गया। छोला, भटुरा, केसरिया खीर, जलेबी, वेज पुलाव, सतु की कचौड़ी, लीची जूस, चिप्स-बिस्किट का लगभग 1100 श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया।मौके पर निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, सज्जन पाडिया, नंद किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, मनीष सोनी, चंद्रदीप साहू, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा, विधा देवी अग्रवाल, बिमला जालान, चंदा देवी अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, शोभा जालान, उर्मिला पाडिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 10 साल कैद

रांची (आजाद सिपाही)। नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी मिथुन बेदिया को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को 10 साल कैद की सजा सुनायी है। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। पीड़िता ने अनगड़ा थाना में 7 अप्रैल 2022 को आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि शादी का झांसा देकर पिछले तीन साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब शादी करने को कहा, तो वह मुकर गया। प्राथमिकी दर्ज होने के दूसरे दिन 8 अप्रैल 2022 को अनगड़ा पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता सहित पांच गवाहों की गवाही दर्ज की गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 36.2 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.10 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.25 बजे |



# उलगुलान रैली में आदिवासी-मूलवासियों पर हो रहे अत्याचार को उजागर करेंगे : चंपाई

**उलगुलान महारैली की सफलता को लेकर सीएम ने गठबंधन दलों के नेताओं के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में होने वाली उलगुलान न्याय महारैली की सफलता को लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गठबंधन दलों के नेताओं के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रैली केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों और मूलवासियों पर हो रहे अत्याचारों और उन्हें जल-जंगल-जमीन से दूर करने की साजिश का पदार्फाश करेगी। विपक्षी दलों की राज्य सरकारों के खिलाफ एजेंसियों के इस्तेमाल और झूठे आरोपों द्वारा उन्हें बदनाम करने की रणनीति को देश समझ चुका है और आगामी चुनावों में जनता उन्हें जवाब देगी।

## राहुल हेमंत के साथ हैं खड़े हैं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ही हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को यह भरोसा दिलाया था कि पूरा इंडिया गठबंधन उनके इस संघर्ष में साथ रहेगा। चुने हुए मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में भेजना झारखंड की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा को अपने इस षड़यंत्र की इतनी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी कि अब वह विपक्षी दलों को छेड़ने से पहले चार बार सोचने को मजबूर होगी।

## चुनी हुई सरकार के सीएम को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डाला गया

पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डाला गया है। जनता सब समझ चुकी है कि यह सारा षड़यंत्र भाजपा ने एक सर्वमान्य युवा आदिवासी मुख्यमंत्री को बदनाम करने के उद्देश्य से संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कर कराया है। जनता में जबरदस्त आक्रोश है। लोगों का गुस्सा आने वाले चुनाव में भाजपा को दिखेगा।

## देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है

झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ने देश की लोकतांत्रिक प्रणाली पर कुठाराघात किया है। केंद्र सरकार विपक्षी दलों को समाप्त करने के लिए तानाशाह बन गयी है। आम लोगों से जुड़े महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से भटकाने के लिए भाजपा सांप्रदायिकता फैला रही है। देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है।

## हेमंत की गिरफ्तारी के खिलाफ देश में आक्रोश

झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ पूरे देश के लोगों में आक्रोश है, लेकिन झारखंड के लोगों आंदोलनरत हैं।

झारखंड के लोगों में भाजपा के खिलाफ आक्रोश और अपने नेता हेमंत सोरेन के प्रति लगाव रैली में दिखेगा। तीन मंच बनाये गये हैं। मुख्य मंच पर इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय स्तर के नेता, मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैठेंगे। मुख्य मंच के दोनों ओर एक-एक मंच बनेंगे। जहां इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के नेता बैठेंगे।

# प्रदेश, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर बनेगी समन्वय समिति : बाबूलाल



**एनडीए गठबंधन एकजुट होकर लड़ेगा चुनाव**

**14 सीट को जीतने का पूरा करेंगे लक्ष्य**

**फिर एक बार मोदी सरकार के साथ 400 पार का पूरा करेंगे संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के डिब्डीह आवास पर गुरुवार देर शाम एन डीए की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, सांसद प्रदीप वर्मा, जदयू प्रदेश अध्यक्ष और सांसद खीरू महतो, आजसू के देवशरण भगत और लोजपा के वीरेंद्र प्रधान और राजकुमार राज उपस्थित थे। मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा झारखंड में लोकसभा चुनाव एनडीए के सभी घटक दल पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा।

बताया कि प्रदेश स्तर पर सभी दलों से दो दो प्रतिनिधियों को मिलाकर राज्य स्तर पर समन्वय समिति बनेगी। और इसी तर्ज पर लोकसभा और विधानसभा स्तर पर भी समिति बनेगी।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में जनता फिर एकबार मोदी सरकार बनाने को संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से झारखंड की सभी 14लोकसभा सीट एनडीए जीतेगा। आगामी 4 जून को 400 पार का संकल्प पूरा होगा।

# देवघर रोपवे हादसे को लेकर दर्ज एफआइआर पर क्या हुई कार्रवाई: हाइकोर्ट

**बता दें कि त्रिकुट पर्वत पर रोपवे में अप्रैल 2022 में एक दुर्घटना घटी थी। उसमें तीन लोगों की जान चली गयी थी। इस पर कोर्ट में स्वतः संज्ञान लिया था।**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** त्रिकूट पर्वत, देवघर में रोपवे दुर्घटना से तीन लोगों की मौत मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस हादसे को लेकर जो एफआइआर दर्ज की गयी थी, उस पर क्या कार्रवाई हुई है। रोपवे संचालित करने वाली कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर इस संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।

इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे हादसा की जांच चल रही है, इसमें रोपवे संचालित करनेवाली कंपनी को दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जा रही है। इस हादसे को लेकर एफआइआर भी दर्ज करायी गयी है। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाली दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे पूछा गया था कि क्यों नहीं उनको काली सूची में डाल दिया जाये। बता दें कि त्रिकुट पर्वत पर रोपवे में अप्रैल 2022 में एक दुर्घटना घटी थी। उसमें तीन लोगों की जान चली गयी थी। इस पर कोर्ट में स्वतः संज्ञान लिया था। समाचार पत्रों में यह बात आयी थी कि एक्सीडेंट से पहले सिम्फर और बीआइटी मेसरा की रिपोर्ट थी कि रोपवे में प्रॉब्लम था। रोपवे को ऑपरेटर ने चलाया था, जिससे दुर्घटना हुई थी।

चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में सीआइडी डीजी हाइकोर्ट में हुए हाजिर, कहा

# लापता बच्चों को आधार कार्ड के जरिये खोजना संभव नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील पर सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में सीआइडी डीजी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनों बच्चों का बायोमीट्रिक्स यानी फिंगर प्रिंट्स, आंखों की रेटिना उपलब्ध कराना संभव नहीं है, यह काफी जटिल प्रक्रिया है। जिस समय ये दोनों बच्चे गायब हुए थे, उस समय उनकी उम्र काफी कम थी। ऐसे में आधार कार्ड के बायोमीट्रिक के आधार पर उनको खोजना संभव नहीं है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सविता कुमारी ने पैरवी की। इससे पहले मामले के अनुसंधानकर्ता भी कोर्ट में उपस्थित थे। पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। अगली सुनवाई 12 जून निर्धारित की गयी है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कुलदेव शाह और पप्पू शाह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बता दें कि कुलदेव साह और वीरेन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में बेटे के लापता होने को लेकर शिकायत दर्ज करायी थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है।

## 20 अप्रैल को सचिन तेंदुलकर आयेंगे रांची



रांची (आजाद सिपाही)। 20 अप्रैल को क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर रांची आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार को सुबह 8 बजे सचिन रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुचेंगे। सचिन इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया के कार्यक्रम में शिरकत करने रांची आ रहे हैं। बता दें कि भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर को मतदाता जागरूकता और शिक्षा के लिए ईसीआई के राष्ट्रीय आइकन के रूप में नियुक्त किया है।

## मतदाता सूची में 65 विद्यार्थियों ने दर्ज कराया अपना नाम

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के गोस्सनर कॉलेज में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया। इसमें 65 विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोस्सनर कॉलेज की प्राचार्य इलानी पूर्ति ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मतदान हर व्यक्ति को करना चाहिए। मतदान करने से हम सही उम्मीदवार चुन सकते हैं, जो देश को तरक्की की ओर ले जायें। मौके पर नोडल ऑफिसर डॉ एसके सिन्हा और एनएसएस अफसर अनिता अंजू खेस, अनुभा दीप, सूरज रजक, आशा केरकेट्टा सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

## पलामू से राजद प्रत्याशी ममता 24 को करेंगी नामांकन



रांची (आजाद सिपाही)। राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पलामू से राजद की उम्मीदवार ममता भुइयां 24 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगी। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष संजय सिंह यादव, चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा, प्रधान महासचिव संजय प्र सिंह यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान सहित पार्टी के तमाम बड़े नेता-कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# चुनावी ड्यूटी में लगे वाहनों की जीपीएस से होगी निगरानी

**इवीएम और निर्वाचनकर्मियों की मूवमेंट की निगरानी**

**गाड़ियों के भुगतान भी तत्काल करने की पहल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों की जीपीएस से मॉनिटरिंग की जायेगी। चुनाव आयोग ने इसके लिए व्यापक प्रबंध किये हैं। इसके तहत झारखंड में लोकसभा चुनाव के दरम्यान बूथ से लेकर स्ट्रांग रूम तक जाने वाली इवीएम और निर्वाचनकर्मियों के मूवमेंट पर नजर रखी जायेगी। राज्य में पहली बार जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के जरिये निगरानी रखने की तैयारी में जुटे चुनाव आयोग का मानना है कि इससे चुनाव में पारदर्शिता आयेगी। गाड़ियों के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए जिला मुख्यालय से लेकर चुनाव आयोग कार्यालय में विशेष टीम बनायी गयी है, जहां ऑनलाइन माध्यम से नजर रखी जायेगी।

चुनाव ड्यूटी में लगनेवाली निजी गाड़ियों के किराये में होने वाली गड़बड़ी पर रोकथाम के लिए आयोग ने वाहन मैनेजमेंट सिस्टम नाम से ऐप लाया है, जिसके माध्यम से चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों के समय, तारीख, किलोमीटर, सेवा अवधि और भुगतान जैसी तमाम चीजें चुनाव आयोग के डैशबोर्ड पर डिस्प्ले करती रहेंगी। इसके प्रयोग में होने से गाड़ी मालिक के किराया भुगतान संबंधी शिकायत काफी हद तक दूर होने की संभावना है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि गाड़ी मालिक की आमतौर पर भुगतान को लेकर शिकायत रहती थी, जिसे इसके माध्यम से दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगी गाड़ी खासकर इवीएम को लेकर बूथ और स्ट्रांग रूम तक जाने वाली गाड़ी जीपीएस युक्त होंगे, जिसकी हर गतिविधियों पर आयोग की नजर होगी। इसपर करीब एक करोड़ खर्च होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इसमें कई तरह के फीचर हैं, जो हमें मॉनिटर करने में सहायक होगा। इस बार 85 साल से ऊपर के मतदाता और दिव्यांग वोटर के लिए भी गाड़ी की व्यवस्था करनी है।

# भाजपा से लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण पर खतरा है : बंधु तिर्की



**चान्हो, बेड़ो और लापुंग में ग्रामीणों के साथ सघन जनसंपर्क अभियान चलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में लौटी तो इससे हमारे संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर खतरा है। श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा और उसके नेता मौजूदा आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने की साजिश कर रहे हैं और वे केवल मौका का इंतजार कर रहे हैं जो पूरी तरह से समाज विरोधी और देश विरोधी कृत्य होगा। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चान्हो, बेड़ो और लापुंग में ग्रामीणों के साथ सघन जनसंपर्क के दौरान श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस केवल आदिवासियों, मूलवासियों, अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के लिये ही नहीं बल्कि झारखंड के एक-एक व्यक्ति के लिये कांग्रेस पूरी तरीके से संकल्पित है और सिर्फ कांग्रेस और इंडी गठबंधन ही सही अर्थो में आम लोगों का हित चाहता है। जनसंपर्क अभियान में श्री तिर्की के साथ ही चान्हो, बेड़ो और लापुंग प्रखंड कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

## 21 अप्रैल को रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। स्वीप के तहत तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची में रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 21 अप्रैल 2024 को सुबह 7:00 बजे मैराथन की शुरूआत मोरहाबादी मैदान से होगी। रन फॉर डेमोक्रेसी के आयोजन की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त श्री दिनेश यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। मैराथन के बाद डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया है।

# लापरवाह शिक्षकों-पदाधिकारियों पर कार्रवाई जरूरी : निदेशक

**राज्य स्तरीय टीम ने कई जिलों के स्कूलों का किया निरीक्षण**

**ऑन द स्पॉट एक्शन से हड़कंप**

**गायब शिक्षकों को शो कॉज, विभागीय कार्यवाही भी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट अनुश्रवण की टीम ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इसके साथ राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने वर्चुअल बैठक की। कहा कि स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों, पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई आवश्यक है। यह संदेश जाना अनिवार्य है कि किसी को भी बच्चों की जान और ज्ञान से खिलवाड़ का अधिकार नहीं है।

## रांची के टीवीएस स्कूल के विरुद्ध कार्रवाई

रांची के जगन्नाथपुर स्थित टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा सरोंन तिग्गा को अनुशासनहीनता का दोषी पाते हुए शोकॉज जारी किया गया। उनके द्वारा विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए 15 दिन से अधिक का अवकाश लेने का मामला सामने आया। इसके बाद डीइओ को आकस्मिक अवकाश की वैद्यता की जांच सक्षम प्राधिकार से कराने का निर्देश दिया गया। पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा तिग्गा द्वारा अब तक वर्तमान प्रभारी को पूर्ण प्रभार नहीं सौंपा गया है। सहायक शिक्षक इफ्तेखार आलम की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया गया।

## दो जिलों के तीन स्कूलों को शोकॉज

साहिबगंज के कन्या पोखरिया स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका और टीजीटी शिक्षक के विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कन्या पोखरिया की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुमना रॉय को शोकॉज किया गया। शिक्षक ललन कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा की गयी। **जमशेदुपर: प्रभारी को शो कॉज:** जमशेदपुर के भालूबासा स्थित हरिजन उच्च विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक को शोकॉज करते हुए स्कूल में बच्चों की कम उपस्थिति, स्कूल परिसर और शौचालय की साफ-सफाई में लापरवाही का कारण पूछा गया। जमशेदपुर के ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मध्य विद्यालयए मानगो के प्रभारी प्राचार्य को शोकॉज किया गया। **गढ़वा में अनियमितता, जांच के आदेश:** गढ़वा में अनियमितता और त्रुटियों का मामला प्रकाश में आया। अनुश्रवण टीम ने प्रखंड-विद्यालय स्तर पर उप आवंटित की गयी व्यय राशि की जांच के लिए एडीपीओ गढ़वा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। उक्त दल को जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट एसपीडी को भेजने का निर्देश दिया गया।

# डमी कैंडिडेट्स की बढ़ती संख्या पर चुनाव आयोग सजग

**कैंडिडेट के लिए गाड़ियों के लिए परमिट जरूरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य में डमी कैंडिडेट पर निर्वाचन आयोग की तेज नजर रहेगी। इस संबंध में गुरुवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रवि कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि डमी कैंडिडेट की पहचान करने के साथ सख्त कार्रवाई किये जाने की भी तैयारी है। आयोग के संज्ञान में आया है कि डमी कैंडिडेट के नाम पर दूसरे कैंडिडेट चुनावी खर्च मैनेज करते हैं। के रवि कुमार ने यह भी कहा कि इस बार चुनाव में कैंडिडेट के लिए गाड़ियों का परमिट फूलप्रुफ होगा। इसके लिए आयोग के स्तर से स्टैंडर्ड फॉर्मेट बनाया गया है। यह सात तरह का होगा। इसका डुप्लीकेट बनाना मुश्किल होगा। इसमें कोडिंग और माइक्रो चिप जैसी व्यवस्था होगी। इसे गाड़ी के स्क्रीन पर लगाना अनिवार्य होगा। वहीं गाड़ी बदलने पर परमिट सरेंडर कर नयी गाड़ी का परमिट लेना होगा।

## पहले दिन एक भी नॉमिनेशन नहीं

सीइओ के मुताबिक लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए झारखंड में चार लोकसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन गुरुवार से चालू हो गया है। पहले दिन एक भी नामांकन नहीं हुआ है।

# झारखंड के मुसलमानों की लीडरशिप खत्म करने की साजिश: मुफ्ती अब्दुल्लाह

**इंडी गठबंधन, क्षेत्रीय पार्टी और एनडीए ने मुसलमान को किया निराश**

**मुसलमान तीसरा विकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुस्लिम मजलिसे उलेमा के केंद्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने कहा कि झारखंड के साथ पूरे देश में चुनाव का माहौल है। 140 करोड़ जनता वोट देने के लिए तैयार है। झारखंड में लगभग 80 लाख मुस्लिम आबादी है, लेकिन सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों ने चुनाव में किसी भी मुसलमान को उम्मीदवार नहीं बनाया। मुसलमान को उनकी आबादी के हिसाब से कम से कम दो सीट लोकसभा में मिलनी चाहिए। सभी पार्टी मुसलमान के विकास की प्रणाली को खत्म करने की साजिश कर रही है। झारखंड में मुसलमान की लीडरशिप को खत्म करने की साजिश की जा रही है। इंडी गठबंधन और एनडीए सभी ने मुसलमानों को निराश किया है। अब तीसरे विकल्प की तलाश करेंगे। उसे लेकर आगे बढ़ेंगे। पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड बनने के बाद यहां के अल्पसंख्यकों को विशेष कर मुसलमान को उम्मीद की किरणें जगी थीं कि लोकसभा और विधानसभा में मुसलमान का प्रतिनिधित्व होगा। झारखंड लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन जो खुद को सेकुलर होने का दावा करती है, वह भी मुसलमान को दरकिनार कर दिया। सभी पार्टियों मुसलमान को सिर्फ वोट बैक समझती है। झारखंड के मुस्लिम जागरूक हो चुके हैं। इसका खामियाजा आने वाले लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव में भी होगा। इस मौके पर मुफ्ती अतिकुर रहमान कासमी, मुफ्ती कमरे आलम कासमी, कारी जान मोहम्मद, हाजी मजहर, शोएब अंसारी, मौलाना गुलजार नदवी, कारी जान मोहम्मद मुस्तफी, मोहम्मद तोहिद आलम, इम्तियाज अहमद, तनवीर अहमद मौजूद थे।

# सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को माओवादियों से हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी सामान्य नहीं है। मारे जाने वाले माओवादियों की बड़ी संख्या इसका सिर्फ एक पहलू है। जिस तरह से सुरक्षा बलों ने माओवादियों की मौजूदगी की सूचना हासिल की, अलग-अलग सूत्रों से उसकी पुष्टि करायी, जिस तरह से ऑपरेशन की योजना तैयार की, जिस कुशलता से उसे अंजाम दिया और इस दौरान केंद्र से लेकर राज्य और जिला स्तर तक जिस तालमेल के साथ उस टीम को सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करायी गयीं, वह सब गौर करने लायक है। स्थानीय प्रशासन ने इस बात की पुष्टि की है कि बस्तर संभाग में यह माओवादियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान है। इस पूरे क्षेत्र के नजरिए से देखा जाये तो भी यह हाल के वर्षों के बड़े अभियानों में आता है, लेकिन इसकी अहमियत इस मामले में भी है कि कई ऐसे नाम एक साथ पुलिस कार्रवाई की जद में आ गये, जो इस क्षेत्र में माओवादी अभियानों की अगुआई करने के लिए जाने जाते रहे थे। इस लिहाज से यह सुरक्षा बलों की ओर से इस क्षेत्र में वामपंथी अतिवाद को दिया गया एक जोरदार झटका है। फिर भी इस उपलब्धि को प्रशासन की तात्कालिक तैयारियों का ही नतीजा नहीं माना जा सकता। इसके पीछे कई वर्षों से किये जा रहे प्रयासों की भी भूमिका है। इस बीच न केवल माओवाद प्रभावित कई दुर्गम इलाकों को सड़कों से जोड़ने का काम किया गया है, बल्कि खास तौर पर पिछले पांच-सात वर्षों में सुदूर इलाकों में पुलिस कैंप लगाये गये हैं। यह अहम साबित हुआ है। इससे सुरक्षा बलों की टुकड़ियों को मौके पर पहुंचने के लिए ज्यादा दूरी नहीं तय करनी पड़ती। लिहाजा वे जल्दी पहुंच जाती हैं और माओवादियों को तैयारी करने का ज्यादा वक्त नहीं मिलता। इस संदर्भ में ध्यान देने लायक बात यह भी है कि पिछले कुछ समय से सुरक्षा बलों का रुख पहले के मुकाबले ज्यादा आक्रामक हुआ है। यह सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे जाने वाले माओवादियों की संख्या से भी स्पष्ट होता है। साल 2024 के इन साढ़े तीन महीनों में ही छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के हाथों 79 माओवादी मारे जा चुके हैं, जबकि 2023 में पूरे साल के दौरान यह संख्या महज 22 थी। पहले भी माओवादियों के खिलाफ बड़े अभियान हुए हैं। लेकिन एक बड़ा फर्क यह दिखता है कि माओवादियों की तरफ से वैसी जवाबी कार्रवाई नहीं हो रही जैसी पहले हुआ करती थी। इसे इस बात का संकेत माना जा रहा है कि माओवादियों की कमर टूट चुकी है। अगर यह सच है, तो भी यह सुनिश्चित करना होगा कि यह दोबारा मजबूती न हासिल कर ले। और, इसके लिए सुरक्षा बलों की कार्रवाई काफी नहीं है। इसके साथ-साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच भी बढ़ानी होगी।

**पहले भी माओवादियों के खिलाफ बड़े अभियान हुए हैं। लेकिन एक बड़ा फर्क यह दिखता है कि माओवादियों की तरफ से वैसी जवाबी कार्रवाई नहीं हो रही जैसी पहले हुआ करती थी। इसे इस बात का संकेत माना जा रहा है कि माओवादियों की कमर टूट चुकी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कुछ समय से पाकिस्तान में वे आतंकवादी अज्ञात हमलावरों का शिकार बन रहे हैं, जो भारत की सर्वाधिक वांछित सूची में शामिल हैं। इसमें मौलाना रहीम उल्लाह तारिक, अकरम गाजी, ख्वाजा शाहिद, शाहिद लतीफ, रियाज अहमद, मौलाना जिया-उर-रहमान, खालिस्तानी परमजीत सिंह पंजवड़ और बशीर अहमद पीर शामिल हैं। पाकिस्तानी मंत्री नकवी ने सरफराज के साथ इन हत्याओं में भी भारत के शामिल होने का आक्षेप लगाया है।**

# आखिर पाकिस्तान, भारत से क्यों डरा?

बलबीर पुंज

क्या मोदी सरकार की आतंकवाद-विरोधी नीति और पाकिस्तान में भारत के दुश्मनों की हत्या में कोई संबंध है? अभी हाल ही में पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि 14 अप्रैल को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के सहयोगी अमीर सरफराज तांबा की अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हत्या में भारत की भूमिका है। आलेख लिखे जाने तक सरफराज जीवित है या गंभीर रूप से घायल, इसे लेकर पाकिस्तानी अधिकारियों में भ्रम की स्थिति है।

कुछ समय से पाकिस्तान में वे आतंकवादी अज्ञात हमलावरों का शिकार बन रहे हैं, जो भारत की सर्वाधिक वांछित सूची में शामिल हैं। इसमें मौलाना रहीम उल्लाह तारिक, अकरम गाजी, ख्वाजा शाहिद, शाहिद लतीफ, रियाज अहमद, मौलाना जिया-उर-रहमान, खालिस्तानी परमजीत सिंह पंजवड़ और बशीर अहमद पीर शामिल हैं। पाकिस्तानी मंत्री नकवी ने सरफराज के साथ इन हत्याओं में भी भारत के शामिल होने का आक्षेप लगाया है। आखिर सरफराज ने ऐसा क्या किया था कि उसकी हत्या का बेतुका आरोप पाकिस्तान ने सीधा भारत पर लगा दिया? माना जाता है कि सरफराज और उसके साथी मुद्दसर ने पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आइएसआइ के इशारे पर वर्ष 2013 में लाहौर की जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। यह हत्या भारत में आतंकवादी अफजल गुरु की फांसी के दो माह बाद हुई थी, जो 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्ता था। कालांतर में पाकिस्तान की एक अदालत ने सरबजीत की हत्या के दोनों आरोपियों को इसलिए बरी कर दिया, क्योंकि जेल में उपस्थित किसी ने भी इनके खिलाफ गवाही नहीं दी। यह स्थिति तब थी, जब पोस्टमार्टम में सरबजीत के शव पर बर्बरता के कई निशान मिले थे। सरबजीत भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले (पंजाब) के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे। 30 अगस्त 1990 को वे अनजाने में पाकिस्तान पहुंच गये थे, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद सरबजीत को बम धमाका मामले में फंसा कर बाद में दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुना दी। सरबजीत की बहन दलबीर कौर 1991 से लेकर 2013 में उनकी नृशंस हत्या तक रिहाई के लिए पाकिस्तान से लगातार पैरवी कर रही थी। 11 वर्ष बाद सरबजीत का मामला पुनः अपने हत्यारे सरफराज की अज्ञात हमलावरों द्वारा हत्या के कारण फिर से सुर्खियों में है।

**सच तो यह है कि अमेरिका का स्वयं का इतिहास विदेश में अपने शत्रुओं को ठिकाने लगाने का रहा है।**



**इसराईल भी आत्मरक्षा में अपने दुश्मनों को दुनिया के किसी भी छोर में ठिकाने लगाने में पारंगत है। 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में 11 इसराईली खिलाड़ियों की हत्या करने वाले फिलिस्तीनी आतंकवादियों को इटली, फ्रांस, नार्वे, लेबनान और साइप्रस में ढूंढ कर मारना इसका उदाहरण है।**

पाकिस्तान से पहले ब्रिटिश समाचार पत्र द गार्जियन ने 6 अप्रैल को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत विदेशी धरती पर रहने वाले अपने सर्वाधिक वांछितों को समाप्त करने की रणनीति के अंतर्गत पाकिस्तान में लोगों की हत्या कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने 20 हत्याएं करवायीं। इन सभी को भारत अपना दुश्मन मानता था। भारत सरकार इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर चुकी है। यह तीसरी बार है, जब भारत पर विदेशी धरती पर अपने दुश्मनों की हत्या या हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले, गत वर्ष कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ था। इसके बाद में अमेरिका ने भी कह दिया कि भारत ने खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की भी हत्या की कोशिश की थी, जिसे उसने विफल कर दिया। मोदी सरकार इस प्रकार के सभी आरोपों का खंडन कर चुकी है। परंतु क्या अमेरिका या किसी अन्य पश्चिमी देशों को इस मामले में भारत को कोई उपदेश देने का अधिकार है?

सच तो यह है कि अमेरिका का स्वयं का इतिहास विदेश में अपने शत्रुओं को ठिकाने लगाने का रहा है। 2 मई 2011 को पाकिस्तान में मध्यरात्रि को घुस कर अमेरिकी सेना ने उस ओसामा बिन लादेन को मार गिराया था, जिसने सितंबर 2001 में अमेरिका के न्यूयॉर्क में भीषण 9/11 आतंकवादी हमले की साजिश रची थी। यही नहीं, कई देशों के विरोध को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका ने वर्ष 2003 में इराक पर यह कह कर हमला कर दिया था कि उसके तानाशाह सद्दाम हुसैन के पास सामूहिक विनाश के घातक हथियार हैं। बाद में अमेरिका को कोई हथियार नहीं मिले।

इसी तरह 2019 में अमेरिका ने सीरिया में आइएसआइएस सरगना अबु अल-बगदादी, 2020 में ईरान में शीर्ष सैन्य अधिकारी कासिम सुलेमानी और जुलाई 2022 में अफगानिस्तान के काबुल में आतंकवादी अल-जवाहिरी को मौत के घाट उतार दिया था। इतना ही नहीं, अमरीकी जांच एजेंसी सीआइए ने क्यूबा के नेता फिदेल कास्त्रो की हत्या के 8 असफल प्रयास तक किये थे।

इसराईल भी आत्मरक्षा में अपने दुश्मनों को दुनिया के किसी भी छोर में ठिकाने लगाने में पारंगत है। 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में 11 इसराईली खिलाड़ियों की हत्या करने वाले फिलिस्तीनी आतंकवादियों को इटली, फ्रांस, नार्वे, लेबनान और साइप्रस में ढूंढ कर मारना इसका उदाहरण है। आज भी इसराईल इस प्रकार के कदम उठाने से नहीं हिचकिचाता। गत वर्ष हमास के हमले के बाद इसराईल द्वारा गाजा-पट्टी को मलबे के ढेर में परिवर्तित करना इसका उदाहरण है। यही नहीं, डेढ़ माह पहले ईरानी सैन्यबलों ने पाकिस्तान की सीमा में घुस कर सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-अदल के कमांडर इस्माइल शाहबख्श सहित अन्य जिहादियों को मार डाला था। वास्तव में, शेष विश्व में भारत के आलोचक इस बात से हत्प्रभ हैं कि मई 2014 के बाद मोदी सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर शून्य सहनशक्ति प्रदत्त नीति अपना रही है कि वे आवश्यकता पड़ने पर सीमा पार करने से भी नहीं हिचकते। वर्ष 2016 और 2019 में भारतीय सेना की सर्जीकल स्ट्राइक के साथ देश में आतंकवादी हमलों में एकाएक कमी आना इसका प्रमाण है।

इस पृष्ठभूमि में भारत पर पाकिस्तान, अमरीका और कनाडा द्वारा अपने दुश्मनों की हत्या करने का आरोप लगाना शेष विश्व में उस राजनीतिक, वैचारिक, गैर-सरकारी संगठनों और निजी संस्थाओं की संयुक्त बौखलाहट का परिचायक है, जो भारत की मौलिक सनातन पहचान, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, आर्थिक प्रगति, देशहित केंद्रित विदेश-नीति, तुलनात्मक रूप से सुरक्षित सीमाओं और आत्मनिर्भरता (आयुध सहित) की ओर बढ़ते कदमों से कुंठित हो चुके हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# इको फ्रेंडली और सस्टेनेबल माइनिंग के लिए सीसीएल प्रतिबद्ध

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीसीएल विभिन्न गतिविधियों द्वारा राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रति कृतसंकल्पित है। कंपनी ने हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए निर्धारित 84 मिलियन टन के वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर 86.01 मिलियन टन कोयल का उत्पादन किया है। आठ जिलों में फैली कंपनी के खनन क्षेत्र में सस्टेनेबल और पर्यावरण अनुकूल खनन तरीकों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सीसीएल की खदानें सर्वोत्तम टिकाऊ खनन का प्रतिनिधित्व करती हैं। कंपनी विभिन्न आधुनिक तकनीकों और नवाचार का इस्तेमाल कर न केवल कार्बन उत्सर्जन में कमी ला रही है, बल्कि संसाधन और ऊर्जा की बचत भी कर रही है। कंपनी का उद्देश्य पर्यावरण और सामुदायिक विकास के लिए सकारात्मक बदलाव के लिए खनन को एक साधन के रूप में प्रयोग करना है।

**कार्बन उत्सर्जन में कमी का प्रयास**

सीसीएल में विभिन्न हेवी मशीनों का उपयोग कर न केवल उत्पादन क्षमता का विस्तार किया जा रहा है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी भारी कमी लाने का सफल प्रयास किया जा रहा है। इसमें सरफेस माइनर, ड्रैगलाइन मशीनें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरफेस माइनर के प्रयोग से ब्लास्टिंग, क्रशिंग की आवश्यकता नहीं रहती, जिससे पर्यावरण पर प्रभाव में कमी आती है।

कोल हैंडलिंग प्लांट महत्वपूर्ण कड़ी

फर्स्ट माइल रेल कनेक्टिविटी की दिशा में कोल हैंडलिंग प्लांट एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिससे सीसीएल की कोयला खदानों से उत्पादित कोयले को निकटतम रेलवे सर्किट तक ले जाया जाता है, जिसके फलस्वरूप कोयला को देश भर में ताप विद्युत संयंत्रों और अन्य उपभोक्ताओं तक आसानी से कम समय में पहुंचाने में मदद मिलती है।

**धूल के कणों को नियंत्रित करने पर बल**

कंपनी खनन क्षेत्रों में कंपनी धूल के कणों को नियंत्रित करने के लिए मोबाइल स्प्रिंकलर का उपयोग कर रही है। लगभग सभी खुली खदानों में बड़ी क्षमता वाले मोबाइल स्प्रिंकलर हैं। धूल नियंत्रण के लिए 27 ट्रॉली माउंटेड फॉग कैनन तैनात किये गये हैं।

**425 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का लक्ष्य**

सीसीएल ने नेट जीरो कार्बन एमिशन के लिए 2026 तक 425 मेगावाट सोलर पावर प्लांट बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें 20 मेगावाट सोलर प्लांट पिपरवार क्षेत्र में बन रहा है। हरित आवरण की वृद्धि के लिए सीसीएल द्वारा वर्ष 2023 में 231 हेक्टेयर से अधिक भूमि में पौधरोपण किया गया है। साथ ही एक नयी पहल के रूप में रजरप्पा क्षेत्र में मियावाकी विधि से वृक्षारोपण किया गया है।

# डीसी और एसएसपी ने रामनवमी जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में रामनवमी विसर्जन जुलूस को लेकर व एसएसपी ने जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। गुरुवार को डीसी अनन्य मित्तल और एसएसपी किशोर कौशल ने परसुडीह, जुगसलाई ,बिष्टुपुर, साकची, मानगो सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनन्त कुमार, एसडीओ पारुल सिंह समेत अन्य प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। वरीय पदाधिकारीओ ने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस संपन्न कराने, सतर्कता और तत्परता से ड्यूटी पर मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अखाड़ा समितियों को निर्धारित रूट और तय समय के बीच जुलूस संपन्न कराने की अपील की। डीसी ने कहा सुरक्षा और विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर रामनवमी विसर्जन जुलूस की वीडियोग्राफी व सीसीटीवी से निगरानी के अलावा ड्रोन से भी नजर रखने की बात कही। ताकि असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार से व्यवधान न डाल सके। उन्होंने सभी जोनल दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को लगातार भ्रमणशील रहते हुए जुलूस की निगरानी करने का निर्देश दिए। ताकि ससमय विसर्जन संपन्न हो सके।

# लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की नामांकन की प्रक्रिया शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में होने वाले चुनाव के लिए गुरुवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। जो 25 अप्रैल तक चलेगा। 26 अप्रैल को समीक्षा की जाएगी। वहीं 29 अप्रैल को नाम वापसी की अंतिम तिथि होगी। जबकि मतदान 13 मई को होना है। वैसे सरायकेला खरसावां जिले में तीन लोक सभा सीट है।इनमें सिहभूम व खूंटी संसदीय सीट में चौथे चरण के लिए मतदान होना है, जबकि रांची संसदीय सीट के लिए छठे चरण में मतदान होगा। बुधवार को जिले के उपायुक्त सह निवार्ची पदाधिकारी रविशंकर शुक्ला ने बताया कि मतदान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। बुधवार रात 12:00 से सभी चेक पोस्ट एक्टिव कर दिए जायेंगे। एसएसटी की टीम की तैनाती कर दी जायेगी। इसके अलावा प्रत्याशियों को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर वे नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। आदर्श मतदान केंद्र जोमरो में बनाया गया है। सिंगभूम संसदीय क्षेत्र में कुल 431 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जबकि खूंटी लोकसभा अंतर्गत 282 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। सिहभूम संसदीय सीट के लिए निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चाईबासा पश्चिमी सिंहभूम कुलदीप चौधरी होंगे। जबकि सहायक निवार्ची पदाधिकारी सरायकेला विधानसभा के लिए एसडीओ सुनील कुमार प्रजापति को बनाया गया। वही खूंटी लोकसभा क्षेत्र के लिए मुख्य निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा होंगे। सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अपर उपयुक्त सरायकेला-खरसावां संजय कुमार दास होंगे। सरायकेला विधानसभा के कुल 3 लाख 62 हजार 415 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 81 हजार 477 पुरुष मतदाता होंगे।जबकि 1 लाख 80 हजार 930 महिला मतदाता होगी। वहीं 8 अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसी तरह खूंटी संसदीय क्षेत्र के खरसावां विधानसभा में कुल 2 लाख 21 हजार 146 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 9 हजार 761 पुरुष मतदाता होंगे, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 11 हजार 383 हैं। वहीं अन्य मतदाता मतदाताओं की संख्या दो है।

# प्रेम, त्याग, धैर्य, समर्पण और शौर्य का प्रतीक है रामनवमी : काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के विभिन्न अखाड़ा समिति के भव्य जुलूस निकाला गया।गुरुवार को पूरा शहर रामनवमी के जुलूस में श्रद्धामय होगया। विसर्जन जुलूस के भव्य नजारा देखने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। जुलूस में झांकी,पारंपरिक हथियारों का प्रदर्शन व खेल, भक्ति जागरण के साथ नृत्य कई मनोरंजक व आकर्षक का धार्मिक केंद्र बनी रही। विभिन्न अखाड़ों के करतबबाजों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। मौके पर हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक सह पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कई सेवा शिविरों का उद्घाटन किया। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच चना सरबत का वितरण किया। इस अवसर पर श्री काले ने भ्रमण करते हुए, श्री श्री हनुमान मंदिर समिति न्यू मार्केट टेल्को, श्री श्री वीर बजरंगबली मंदिर भुइंयाडीह, श्री राम बजरंग अखाड़ा नामता समाज, श्री श्री सार्वजनिक बजरंग अखाड़ा समिति रजक समाज, श्री कृष्ण मंदिर समिति पंजाबी रिफ्यूजी कॉलोनी, श्री श्री संतोष अखाड़ा बमार्माइंस हरिजन बस्ती, बाल मंदिर समिति झंडा चौक साकची मार्केट साथ ही अन्य कई अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, सर्व धर्म सह सद्भावना समिति, हौसलों की उड़ान शेयरिंग केयरिंग हेल्पिंग, मनोकामना मंदिर समिति, श्री राम सेवा समिति गुरुद्वारा बस्ती, सेवा एक नई पहल, बाल एकता मंच, श्री शिव शक्ति परिवार जमशेदपुर, युवा शौण्डिक कल्याण परिषद जमशेदपुर (सुडी समाज), केशरवानी वैश्य सभा जमशेदपुर, तुरहा समाज जमशेदपुर, अखिल भारतीय जमशेदपुर नाई संघ, उत्तर प्रदेश संघ, मारवाड़ी युवा मंच, शांति समिति साकची थाना, गुप्ता भोजनालय, राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार, झारखंड राज्य नानीया समाज, ब्रह्मर्षि विकास मंच, टिनप्लेट चौक डॉ आर. कुमार सहित अन्य संस्थाओं के शिविर में सेवा प्रदान की।

# विसर्जन जुलूस में शामिल हुए विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा में रामनवमी के शुभ अवसर पर विसर्जन जुलूस में विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। गुरुवार को विधायक ने डुमरिया चौक में बजरंगबली पुजा कमिटि,कालिकापुर में बजरंबली पुजा कमिटि द्वारा आयोजित अखाड़ा जुलूस, हाता चौक में बजरंबली पुजा कमिटि द्वारा आयोजित अखाड़ा जुलूस, सुंदरनगर चौक में बजरंबली पुजा कमिटि द्वारा आयोजित अखाड़ा जुलूस में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर अखाड़ा कमिटी के द्वारा विधायक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी अखाड़ा समिति के सदस्य और झामुमो नेतागण सहित सैकड़ो लोग जुलुस में शामिल रहे।

# अखाड़ों के सम्मान के साथ रामनवमी धूमधाम से संपन्न

**सामाजिक एकता और समरसता की मिशाल है गढ़वा : मिथिलेश ठाकुर**

**रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के सभी पदाधिकारी, सदस्य और गढ़वावासी धन्यवाद के पात्र हैं : विष्णु दयाल राम**

**श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल और महावीर मंडल ने पूजा समितियों को किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



अखाड़ा समितियों को सम्मानित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर और सांसद वीडी राम





**गढ़वा।** रामनवमी पर्व जिले भर में काफी धूमधाम और भव्य तरीके से मनाया गया। इस दौरान पूरा गढ़वा शहर जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा। उत्साहित राम भक्तों ने बुधवार की देर रात तक गाजे-बाजे साथ झांकी, रथ व जुलूस को निकाला। इस दौरान शहर के रंका मोड़ पर श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल और शहर के झंडा चौक (मझिआंव मोड़)पर महावीर मंडल की ओर से मंच बनाकर अखाड़ा रथ व झांकी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा बेहतर प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पलामू पूर्व सांसद बीडी राम, भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, समाजसेवी राकेश पाल, जवाहर पासवान व जेनरल समिती के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने संजुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चैत्र शुक्ल नवमी को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का जन्म हुआ था। यह बहुत ही शुभ दिन है। आज के दिन भगवान श्री राम और बजरंग बली की पूजा की जाती है। इससे सुख, शांति और समृद्धि आती है। हमारे पूर्वजों ने खास उद्देश्य से इस प्रकार के सामुहिक पूजन का आयोजन किया था। इस महापर्व पर समाजिक एकता और समरस्ता का भाव देखने को मिलता है। मंत्री ने कहा कि सामाजिक एकता और समरस्ता का गढ़वा पूरे देश में मिशाल है। उन्होंने ने कहा कि रामनवमी महापर्व हिंदुओं का बहुत बड़ा पर्व है। भगवान श्री राम ने मर्यादा और राजधर्म का अद्वितीय संदेश समाज को दिया है।

सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भगवान ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के रूप में अवतार लेकर मनुष्यों को जीवन जीने का मार्ग बताया है। सांसद ने कहा कि गढ़वा में अब रामनवमी का त्योहार काफी भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। इस बेहतर प्रयास के लिए रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के सभी पदाधिकारी, सदस्य और गढ़वावासी धन्यवाद के पात्र हैं। मौके पर महासमिति जेनरल के संरक्षक दौलत सोनी, कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली, संरक्षक मुरली श्याम सोनी, मंच का संचालन धीरज दुबे व राजकुमार मलेशिया, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, अंजली गुप्ता, सूरज गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## इन अखाड़ों को किया गया पुरस्कृत

श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से रंका मोड़ पर निगरानी मंच बनाया गया था। समिति की ओर से रथ झांकी में प्रथम पुरस्कार श्री राम मंदिर टंडवा, द्वितीय पुरस्कार श्री राम मंडली पुरानी बाजार व तृतीय पुरस्कार जय भारत अखाड़ा, व्योसाई संघ को दिया गया। जबकि जुलूस में प्रथम पुरस्कार देवी संघ अखाड़ा सहिजना, द्वितीय पुरस्कार महाराणा प्रताप अखाड़ा, तृतीय पुरस्कार श्री राम दल चिरोंजिया को दिया गया। मानव झांकी में प्रथम पुरस्कार न्यू गोल्डेन अखाड़ा दिपुआ, द्वितीय पुरस्कार निमिया स्थान विकास समिति, तृतीय पुरस्कार राम दूत अखाड़ा विशुनपुर को दिया गया। जबकि भंडारा में प्रथम पुरस्कार युवा शक्ति संघ रंका मोड़ के द्वितीय पुरस्कार कमलापुरी वैश्य समाज तथा तृतीय झुग्गी झोपड़ी संघ साहिजना मोड़ गढ़वा को दिया गया।

## एक से बढ़कर एक पूजा समितियों ने निकाला रथ

मां भवानी अखाड़ा, श्री राम मंडली, जय देवी संघ टंडवा, महाराणा प्रताप अखाड़ा व व्यवसाई संघ आदि अखाड़ा की ओर से बढ़कर एक रथ निकाले गये। जुलूस में निमिया स्थान दिगंबर अखाड़ा, रेलवे लाइन पार जय हनुमान अखाड़ा, आदर्श नगर आदर्श नगर वीर कुंवर सिंह अखड़ा, श्री बजरंग अखाड़ा, शांति सद्भावना समिति, बजरंग दल, इंदिरा गांधी रोड जय श्री राम अखाड़ा, अग्रवाल मोहल्ला व्यवसाय संघ, मेन रोड महाराणा प्रताप अखाड़ा, शिवाजी अखड़ा, राखी मोहल्ला मां भवानी अखाड़ा, चिनिया रोड श्री राम पूजा समिति, नगवा मोहल्ला शिव शांति संघ, सहिजना राम नवमी पूजा समिति, नवादा मोड़ रामदूत अखाड़ा, गढ़देवी मंदिर जय मां गढ़देवी अखाड़ा, टंडवा देवी धाम, श्री राम मंदिर टंडवा, नवादा जय मां संघ अखाड़ा, मदरसा रोड पवनपुत्र अखाड़ा, नाहर चौक संपूर्ण हिंदू संघ अखाड़ा, रंका मोड़ जनरल कमेटी संकट मोचन हनुमान मंदिर, खादी बाजार श्री राम मंडली, चिरौंजी जय श्री राम दाल, महावीर मंडल, राम जन्म उत्सव समिति सहित कुल 30 अखाड़े शामिल थे। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस रही। प्रत्येक रथ और झांकी जुलूस के साथ-साथ पुलिस के पदाधिकारी व पुलिस बल साथ चल रहे थे। पुलिस शहर के चप्पे-चप्पे पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी। सभी जगह पर फोर्स की तैनाती की गयी है। जुलूस के साथ पूरे शहर का भ्रमण किया गया उसके बाद शोभा यात्रा को राम लला मंदिर पर जाकर खत्म हो गयी।

## झांकी और अखाड़ा के पदाधिकारियों को तलवार मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। रामनवमी पूजा के अवसर पर झंडा चौक मझिआंव मोड़ पर श्री महावीर मंडल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित अन्य लोग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान मंडल की ओर से विभिन्न झांकी और अखांडा के पदाधिकारियों को तलवार, मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में सभी त्यौहार शांति और सौहार्द पूर्ण मनाया जाता है जो यह साबित करता है कि यहां के लोग आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाते है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी सद्भावना पढ़ती है। यह हमें पर्व में देखने को मिलता है। कार्यक्रम के दौरान बाहर से आये हुए कलाकारों ने एक से बढ़कर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मौके पर मंडल के अध्यक्ष कंचन साहू, विशाल कुमार जायसवाल, राजेश कुमार विश्वकर्मा, विनोद प्रसाद, दीपक तिवारी, अरविंद केशरी, किशोर कुमार, उपेंद्र कुमार, सचिन कुमार जायसवाल, श्री राम कुमार पासवान, विनोद कमलापुरी, पुनमचंद्र कायस्कार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## रंका मोड़ घंटाघर के पास हुआ राम भक्तों का मिलान

रामनवमी के दिन शहर में लोगों के बीच खास उत्साह दिखा। रामनवमी के दिन शहर और आसपास के क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक रामनवमी को लेकर उत्साह दिखा। महावीर मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। इस विशाल जुलूस में भगवान राम की प्रतिमा को लेकर शहर में घूमने के बाद रंका मोड़ घंटाघर के पास राम भक्तों का मिलन हुआ। युवाओं ने करतब भी दिखाया। कई जगहों पर भंडारे का आयोजन भी हुआ। संकट मोचन हनुमान मंदिर, अद्भुत हनुमान मंदिर, घंटाघर चौक, कचहरी चौक, नवादा चौक, मझिआंव मोड़ के अलावा कई हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर लगी रही।

# रामनवमी महोत्सव पर श्रीराम सेना ने कराया भक्ति जागरण

**धार्मिक अनुष्ठानों से समाज मे एकता से आपसी भाईचारा बढ़ता हैं : पूर्व विधायक अनंत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव (रामनवमी) के उपलक्ष में शहर के बस स्टैंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर के समीप बुधवार की शाम में श्रीराम सेना के तत्वधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीराम सेना के मुख्य संरक्षक झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, श्रीराम सेना अध्यक्ष रजनीकांत मधुर अशोक जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बनारस के महाकाल झांकी मंडली के कलाकारों ने भक्ति जागरण के साथ-साथ देवी देवताओं की झांकी भी प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों की भक्ति में आस्था बढ़ती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों से समाज मे एकता और अच्छी सोच के साथ-साथ आपसी भाईचारा का प्रेम बढ़ता है। महाकाल झांकी ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत कर वहां उपस्थित लोगों का मन मुग्ध कर दिया। वहीं इंस्पेक्टर रत्न कुमार सिंह व थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक अपने वाहन से दल बल के साथ जायजा लेते हुए गस्त करते रहें। रामनवमी पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने व जुलूस में कड़ी मेहनत कर शहर वासियों का दिल जीतने और उत्कृष्ट कार्य के लिए थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक को श्री राम सेवा की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों का आरती उतारकर झांकी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, श्री राम सेना के बिरेन्द्र अग्रहरि, अमरनाथ पांडेय, डॉ संतोष कुमार, श्रीराम सेना के संरक्षक अशोक जायसवाल, कामता प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# श्रीराम के गानों से गूंजा भवनाथपुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** श्री रामनवमी पूजा के अवसर पर पूरा प्रखंड क्षेत्र भगवामय रहा। इस अवसर पर चपरी काली मंदिर अखाड़ा समिति, श्री राम सेना भवनाथपुर बस्ती, सूर्य मंदिर विकास क्लब भवनाथपुर, बुका, मकरी, झगड़ाखाड़ सहित अन्य के द्वारा अखाड़ा निकाला गया। पुरा क्षेत्र श्रीराम के गानों से गूंजायमान रहा।

दुर्गा वाहिनी संगठन के द्वारा पहली बार झांकी निकाला गया जो काफी दर्शनीय रहा। दुगार्वाहिनी के सदस्यों ने लाठी प्रदर्शन, तलवारबाजी से सबका मन मोह लिया। वहीं दूसरी ओर भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के द्वारा मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रवि शंकर दास रहे। उक्त कार्यक्रम में व्यवसायिक संघ के द्वारा सभी अखाड़ा समिति, प्रबुद्ध व्यवसायी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और उत्कृष्ट कला प्रदर्शन करने वाले को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन भवनाथपुर व्यवसायिक संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार ने किया। मौके पर कहा कि व्यवसायी को किसी भी मंच पर सम्मान नहीं दिया जाता है, जबकि किसी भी क्षेत्र के विकास में हम व्यवसाईयों का अहम योगदान रहता है इस कार्यक्रम से हम अपने क्षेत्र के पुराने और प्रबुद्ध व्यवसायियों को सम्मानित करने का काम कर रहे हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा साथ ही उत्कृष्ट कला प्रदर्शन करने वालों को एक मंच भी व्यवसायी संघ उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में भवनाथपुर व्यवसायिक संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद, श्री राम नवमी पूजा समिति के अध्यक्ष रवि शंकर गुप्ता, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी, पंसस चंदन ठाकुर, दुर्गा वाहिनी संयोजिका रीना देवी, विहिप अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, अजय शाह, राजेश्वर गुप्ता, तुफैल अंसारी, भोला सेठ, रामाधार जायसवाल, बुचूल चंद्रवंशी, राजेंद्र सेठ, इंद्रदेव यादव, राकेश चंद्रवंशी, शशि भूषण शर्मा, ओमप्रकाश आर्य, शंकर शाह, वीणा चौरसिया, धर्मेंद्र चौबे, दुर्गेश गुप्ता, विजय गुप्ता, अभिषेक लाल, निरंजन पाठक, प्रियंका, निभा गुप्ता, श्रेया, खुशी कुमारी, खुशबू, रिचा गुप्ता, तमन्ना गुप्ता, अनु, रामाशंकर मेहता, मनीष कमलापुरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## आग लगने से लगभग 100 बोझा गेहूं जलकर राख




बरडीहा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के जतरो बंजारी गांव में एक किसान के खलिहान से 100 गेहूं के बोझा आग लगने से जलकर राख हो गयी। विशुनपुरा थाना निवासी अभय कुमार गुप्ता के खलिहान में गुरुवार दोपहर को अचानक आग लग गयी। जिससे खलिहान में रखा हुआ लगभग 100 बोझा गेहूं, 20 बोझा सरसों, जलकर राख हो गया। आग की लपटें उठते देख आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। तब तक सभी फसलों के बोझा जल चुका था। आग लगने का कारण बिजली के पोल से चिंगारी गिरने से हो गयी है। अभय गुप्ता ने बताया कि सुरेश रजवार बटाईदार ने आज ही सारे बोझा को बारह बजे के आस पास खलिहान में रखवाया गया था ताकि शाम को गाड़ी से कटवाते। लेकिन दोपहर डेढ़ बजे फोन से सूचना मिलने पर पहुचे तो सारा फसल जलकर राख हो चुका था। जिससे काफी नुकसान पहुंचा है। **आग लगी की घटना पर क्या कहें पदाधिकारी :** इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विजय राम ने कहा कि अपने कर्मचारियों को जांच के लिए भेजेंगे और जांच प्रतिवेदन के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई किया जायेगा।

## झामुमो कंचनपुर पंचायत अध्यक्ष के पिता का निधन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम रबदा निवासी झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कंचनपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी के पिताजी सोपाल राम (65 वर्ष लगभग) का हृदयगति रूक जाने के कारण निधन हो गया। वे पेशे से प्राईवेट अमिन थे।वे एक धार्मिक व्यक्ति थे। उनकी ख्याति दूर दूर तक फैली हुई है। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार के सभी लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## बिजली का तार गिरने से गेहूं का बोझा और भूसा जलकर राख



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मकरी पंचायत के महुलनियां टोला निवासी कपीलदेव साह के खलिहान में 33 हजार का तार गिरने से गेहूं का बोझा और भुसा जल गया। जलने से करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ। कपिल देव साह गरीब किसान हैं। उनके खलिहान के ऊपर से गुजरा हाईवोल्टेज बिजली की तार गेहूं पर गिर जाने से गेहूं बोझा में आग लग गयी। स्थानीय ग्रामीण द्वारा पानी डाल कर बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन जब तक आग पर काबू किया जाता गेहूं की बोझा जल कर खाक हो गया। पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने बिजली विभाग के पदाधिकारी से गरीब का हुए नुकसान का मुआवजा देकर लाभ पहुंचा ने की माग की है।

## श्रीराम नवमी पूजा यज्ञ शांतिपूर्वक संपन्न, मंत्री ने रंका पूजा समिति को किया आर्थिक सहयोग



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रीराम नवमी पूजा समिति रंका के तत्वावधान में श्रीराम नवमी पूजा व नवाह्नपरायण महायज्ञ बडे. हर्षोल्लास व शांति पूर्वक संपन्न हुआ। श्रीराम नवमी पूजा को सफल बनाने के लिए झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री सह गढवा विधायक मिथिलेश ठाकुर के द्वारा रंका श्रीराम नवमी पूजा समिति को 51 हजार रुपये सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्रीराम नवमी पूजा समिति रंका के द्वारा अतिथि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूजा समिति के अध्यक्ष सुलपानी सिंह, डॉ दीनानाथ प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, समाज सेवी श्यामसुंदर प्रसाद, पत्रकार सत्यनारायण मालाकार, सुनिल माली, स्वयंसेवक अमरेंद्र कुमार, रानू राज कमल सिंह, व्यासमुनी पांडेय, सनोज कुमार, रामबाबू ठाकुर, विवेक चौधरी की उपस्थिति में सभी अतिथियों को गमछा और दुर्गा वाहिनी के देवियों को तलवार देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात श्रीराम माता सीता भाई लक्षमण और हनुमान जी की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। जय श्री राम के नारों से रंका शहर गुंजायमान रहा। दुर्गा वाहिनी की देवियां हाथ में तलवार लेकर धर्म की रक्षा के लिए आगे चल रही थीं। शोभायात्रा रंका थाना मोड़ होते ठाकुर बाड़ी गढ़देवी मंदिर होते चेक नाका से हनुमान मंदिर आकर समाप्त हुई। श्री राम नवमी पूजा सोनदाग पंचायत में झामुमो पंचायत अध्यक्ष संतोष ठाकुर के नेतृत्व में मनाया गया, जहां सोनदाग पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हेमंत पासवान ने भाग लिया और आशीर्वाद प्राप्त किया। खरडिहा बजनवां हनुमान मंदिर परिसर में मुखिया प्रतिनिधि झामुमो युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव के देखरेख में श्रीराम नवमी पूजा व यज्ञ शांति पूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर हजारों की संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

# मेराल में फ्लाइओवर निर्माण बना मुसीबत, लोगों का जीना हुआ मुहाल

**बिना सर्विस रोड बनायें जैसे तैसे चल रहा है आवागमन, आधा से अधिक लोगों को नहीं दिया जा रहा है मुआवजा**

**जनता का रहनुमा नेता और प्रशासन मौन, प्रशासन से स्थाई समाधान की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत खजूरी से विंढमगंज तक एनएच-75 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य कर रही एमजीसीपीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही से मेराल के शहरी क्षेत्र में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। डायवर्सन पर आवश्यकता से बहुत कम पानी के छिड़काव के कारण निर्माणाधीन हाईवे पर उड़ रही धूल से एक तरफ जहां राहगीर परेशान है, तो वहीं हाईवे किनारे रह रहे लोगों का जीना भी मुहाल हो गया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारियों तथा स्थानीय प्रशासन से लोगों ने कई बार इसकी शिकायत की, लेकिन सभी लोग कान में तेल डाले बैठे हैं। खाना पूर्ति करने के लिए केवल दिन में एक दो बार हल्का-फुल्का पानी का छिड़काव कर दिया जाता है।

## डीसी ने कंपनी को बोलने का दिया आश्वासन

गढ़वा डीसी शेखर जमुआर से संपर्क कर स्थानीय लोगों तथा राहगीरों की समस्या से अवगत कराया गया तो उन्होंने कंस्ट्रक्शन कंपनी को बोलने का आश्वासन दिया। इधर स्थानीय प्रशासन के अधिकारी यशवंत नायक तथा थाना प्रभारी विष्णु कांत से व्यवसाईयों ने फोन पर समस्या का स्थाई समाधान करने का आग्रह किया है।

## आम लोगों की परेशानी से किसी को कोई लेना-देना नहीं : व्यवसायी

व्यवसायिक संघ मेराल के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन जायसवाल, व्यवसाई मुन्ना जायसवाल, सुधीर जायसवाल, संतोष कुमार, विष्णु यादव, सुरेंद्र प्रसाद, विनोद प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, राजेश भगत, सद्दाम अंसारी आदि लोगों ने कहा कि कंस्ट्रक्शन कंपनी के लापरवाही की वजह से मेराल के लोगों का जीना मुहाल हो गया है, आम लोगों की परेशानी से किसी को कोई लेना-देना नहीं है। हम सभी का व्यवसाय चौपट हो रहा है। मास्क पहन कर दुकान में बैठने के बाद भी सांस लेने में दिक्कत हो रही है। अगर यही स्थिति रही तो मेराल के लोग कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जायेंगे। फ्लावर का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है, डायवर्सन इतना ऊबड़ खाबड़ है कि दो पहिया सवार लोग प्रायः गिरते रहते हैं, सड़क पर चलने वाले लोगों का अस्थि पंजर तक हिल जा रहा है।

## नेता और प्रशासन से अपील

व्यावसायियों तथा सड़क किनारे रहने वाले लोगों ने अपने रहनुमा नेता तथा प्रशासन से इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सार्थक पहल करने की अपील की है। लोगों ने कहा कि अगर इस पर सार्थक पहल नहीं किया गया तो बाध्य होकर हम लोग सड़क पर उतरेंगे।

कंस्ट्रक्शन कंपनी के एमडी हसन जी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि अभी मैं छुट्टी पर हूं, अभी विनोद सिंह इंचार्ज है। जब विनोद सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने भी छुट्टी पर रहने की बात कही। उपरोक्त दोनों अधिकारी अपने को छुट्टी पर होने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिए।

## कार दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा मेदिनीनगर मार्ग पर चैनपुर थाना के बरांव गांव के पास गुरुवार की सुबह कार दुर्घटना में एक गढ़वा के एक युवक की मौत हो गयी। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक गढ़वा शहर के मेन रोड निवासी राजू सोनी का पुत्र शिवम कुमार सोनी 23 वर्ष बताया गया है। वहीं घायलों में शहर के टंडवा मोहल्ला निवासी श्रेष्ठ केसरी सुखवाना गांव निवासी अंकुर मौर्य, साहिजना मोहल्ला निवासी अभिजीत पटेल और माझिआंव मोड़ निवासी अंकुर अग्रवाल के नाम शामिल है सभी को इलाज के लिए मेदनी नगर अस्पताल में भर्ती किया गया है। मृतक को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया।

## भंडरिया में पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना छेत्र के इंदिरा गांधी चौक पर बृहस्पतिवार को लोकसभा चुनाव को लेकर गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे के निर्देशन पर भंडारिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने एक टीम गठित कर, एंटी क्राइम को लेकर चार पहिया व दो पहिया वाहन का चेकिंग चलाया जा रहा है, जिससे अपराधी तत्वों के लोगों पर लगाम लगाया जा सके। इस मौके पर एसआइ उमाशंकर शर्मा हवलदार दिनेश राम खुदिया उरांव बिरसा उरांव और पुलिस के जवान उपस्थित थे।

# खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू, 25 अप्रैल तक भरे जायेंगे नामांकन पत्र

**लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख नौ हजार 677 है।**




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट के लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक उम्मीदार अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 27 और 28 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 29 अप्रैल को प्रत्यशी अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। नामांकन के लिए उम्मीदवार को 12500 सुरक्षित राशि जमा करनी पड़ेगी। नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवार को एक प्रस्तावक और स्वतंत्र उम्मीदवार के लिए दस प्रस्तावकों का होना जरूरी है। यह जानकारी जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने समाहरणालय सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

मौके पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार भी मौजूद थे। एपायुक्त ने बताया कि नामांकन पत्र भरने में प्रत्याशियों की सुविधा के लिए प्रशाासन द्वारा हेल्प डेस्क बनाया गया है। नामांकन के सबंध में डीसी और एसपी ने बताया कि समाहरणालय से दो सौ मीटर की दूरी तक किसी उम्मीदवार के साथ तीन गाड़ियों को ही जाने की अनुमति होगी। नामांकन के लिए उम्मीदवार के साथ जा सकते हैं।

## पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

डीसी ने बताया कि खूंटी संसदीरू क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख नौ हजार 677 है। इनमें छह लाख 66 हजार 584 महिला वोटर और छह लाख 43 हजार 87 पुरुष मतदाता हैं। बताया गया कि छह विघानसभा क्षेत्रों में फैले खूटी संसदीय सीट में 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए 1705 मतदान कंद्र बनाये गये हैं। इनमें खूंटी जिले के तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 252 और खूंटी विधानसभा क्षेत्र में 297 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। खरसावां में 282, तमाड़ में 303, सिमडेगा में 270 और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 301 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। बताया गया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए खूंटी जिले में 549 मतदान केंद्र बनाये गये हैं और 72 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 110 माइक्रो ऑब्जर्बर, और 659 पीठासीन पदाधिकारी अरैी इतनी ही संख्या में प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये हैं। जिला निवार्ची पदधिकारी ने बताया कि इस बार खूंटी जिले में युवा बूथ भी बनाये गये हैं, जहां सभी मतदान अधिकारी और कर्मचारी 30 वर्ग के होंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 115 महिला बूथ बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि तोरपा में एक यूनिक मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां 90 फीसदी मतदाता आदिवासी हैं। उस मतदान केंद्र को जनजातीय परंपरा और संस्कृति को दशार्नेवाली पेंटिंग आदि कराई गयी है। डीसी ने बताया कि खूंटी जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की संख्या 85 है, जिनमें 52 बुजुर्ग मतदाताओं ने होम वाटिंग की इच्छा जताई है। होम वोटिंग 12 मई को होगी। डीसी ने बताया कि अड़की प्रखंड के बदानी में पहली बार मतदान केंद्र बनाया गया है। पहले गांव के लोगों को दूसरी जगह मतदान के लिए जाना पड़ता था।

## 26 पर्दानशीं मतदान केंद्र

जिला निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि मुस्लिम बहुल 26 मतदान केंद्रों को पर्दानशीं बूथ के रूप में पहचान की गई है। यहा सभी महिला मतदान कर्मी और अधिकारी ही तैनात होंगे। इन मतदान केंद्रों में पर्दा करनेवाली महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

# डीएवी स्कूल की छुट्टी के समय हुआ हादसा, कार जब्त, दो हिरासत में

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो छात्रा सहित तीन घायल



दुर्घटना में घायल स्कूली छात्राएं।



घटना के बाद अस्पताल मे जुटी भीड़।

**घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को बचरा अस्पताल पहुंचाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल के बचरा इलाके मे वाहनो का तेज रफ्तार थमने का नाम नही ले रहा है। जब से बचरा की सड़को को बनाया गया है, तब से दो पहिया और चार पहिया वाहनो की रफ्तार काफी बढ़ गई है। ताजा मामला गुरुवार को देखने को मिला, जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दिया। इस घटना मे बाईक सवार डीएवी बचरा की दो छात्रा सहित तीन लोग घायल हो गया। घायलो की पहचान पिपरवार मे कार्यरत सीसीएल कर्मचारी सूरज पासवान की पुत्री भारती कुमारी और रामबच्चन यादव की पुत्री अंजली कुमारी व पुत्र सौरभ कुमार के रूप मे की गयी है। घायल भारती कुमारी और अंजली कुमारी डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा मे बारहवीं कक्षा की छात्रा है। यह घटना स्कूल मे हुई छुट्टी के समय हुआ है। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर स्कूल मे छुट्टी होने के बाद छात्रा बाईक से अपने भाई सौरभ के साथ अपने आवास बंसत विहार कालोनी जा रही थी, इसी बीच बचरा चार नंबर पटेल चौक स्थित शराब दुकान के पास तेज रफ्तार से आ रही कार जेएच 01ईएच-6648 ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद बाईक सवार तीनो सड़क पर गिर गया। वही धक्का मारने के बाद कार सवार भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे स्थानीय लोगो की मदद से पकड़ा गया। घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से तीनो घायलो को बचरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीनो घायलो का ईलाज किया गया। वही घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और कार को जब्त करते हुए कार चालक सहित दो युवको को हिरासत मे लेकर आगे की कारवाई शुरू कर दी है। इधर घटना की सूचना पाकर सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेड उपेन्द्र सिंह, पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक अंजनी कुमार, डीएवी बचरा के प्राचार्य आरबी प्रसाद, शिक्षक जीएसपी शर्मा, सुरैश कुमार, एके द्विवेदी, एके लाल, सुमित कुमार, आभा खन्ना, आरआर दत्ता, सुदिप्ता डे, नरेश सेठ, मंटु यादव सहित कई स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। घटना के बाद पिपरवार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराब दुकान हटाने और स्पीड ब्रेकर लगाने की उठी मांग

बचरा चार नंबर चौक स्थित शराब दुकान के पास तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से डीएवी बचरा की दो छात्रा सहित तीन लोगो के घायल होने के बाद स्थानीय ग्रामीणो मे आक्रोश देखा गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणो ने बचरा चार नंबर चौक पर संचालित शराब दुकान को हटाने व बचरा के सड़को पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। इस संबंध मे स्थानीय लोगो ने कहा कि सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन द्वारा बचरा मे काफी अच्छी और बेहतर सड़क बनायी गयी है, लेकिन कहीं पर ब्रेकर नही दिया गया है, जिसके कारण वाहनो की रफ्तार काफी तेज गति से होती है। वही मुख्य चौक पर शराब दुकान होने से शराब लेने वाले लोग सड़क पर वाहन को खड़ी कर देते है जिसके कारण आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके साथ ही बस स्टैंड बचरा के समीप सड़क किनारे चल रहे सब्जी मंडी को भी हटाने की मांग की गयी है। स्थानीय लोगो ने पिपरवार एरिया प्रबधंन और पुलिस से बचरा सीआईएसएफ कॉलोनी, पटेल चौक, शिव मन्दिर, बस स्टैण्ड, डीएवी स्कूल, आंबेडकर चौक, थाना चौक, बचरा अस्पताल, बाजारटांड़ सहित धार्मिक व सार्वजनिक स्थलो के पास स्पीड ब्रेकर लगाने व चार नंबर चौक से शराब दुकान और सब्जी मंडी को हटाने की मांग की है। ग्रामीणो ने कहा कि यदि इस काम को जल्द नही किया तो आने वाले दिनो मे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# दसवीं के परंपरागत मेला और अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ रामनवमी महोत्सव संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर केंद्रीय रामनवमी महासमिति के नेतृत्व में खूंटी में मनाए जाने वाले तीन दिवसीय श्री रामनवमी महोत्सव के अंतिम दिन गुरुवार को शहर के आश्रम टांड़ मैदान में दशमी का परंपरागत मेला शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। दसवीं के इस पारंपरिक मेला में विभिन्न अखाड़ेवालों सहित शहर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए और मेला का आनंद उठाया। मेला परिसर में केंद्रीय रामनवमी महासमिति द्वारा विभिन्न अखाड़ों के खिलाड़ियों के बीच तलवार व लाठी का बाना सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया साथ ही बच्चे, बच्चियों, महिलाएं एवं युवतियों के बीच भी सुई धागा, जलेबी रेस, म्यूजिकल चेयर, घड़ा फोड़, आदि रोचक प्रतियोगिता आयोजित कर सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान व विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ वरुण रजक ने किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के वहां पहुंचने पर केंद्रीय रामनवमी समिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत, संयोजक मनोज कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष अनूप साहू, कार्यकारी महामंत्री मुकेश जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने पगड़ी पहनाकर व तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कुमार सौरभ ने किया जबकि आयोजन को व्यवस्थित बनाने में महासमिति के लव चौधरी, रंजीत प्रसाद, सुनील साहू, संजय मिश्रा, प्रणव चौधरी, संजीव चौरसिया, राजेश्वर गुप्ता आदि लोगों ने अपना योगदान दिया। जबकि कर्रा रोड स्थित मस्जिद गली के सबसे पुराने लाइसेंसी झंडे को केंद्रीय रामनवमी महासमिति के नेतृत्व में शहर के कुछ अखाड़े वाले बाजे गाजे के साथ जुलूस के रूप में वहां तक पहुंचाया। दसवीं के इस झंडा वापसी जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए मस्जिद गली में सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था किए गए थे। एसडीओ अनिकेत सचान, एसडीपीओ वरुण रजक अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों व जवानों के साथ मस्जिद गली में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। रात में नेताजी चौक परिसर में दसवीं का परंपरागत अस्त्र शास्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

# पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी




आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** किसान नेता सह पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह मुंडा का तीसरा पुण्यतिथि राजेंद्र सिंह मुंडा प्रतिमा स्थल बरसालडीह सोनाहातू में सम्मान पूर्वक मनाया गया। इस दौरान संविधान, देश की रक्षा ओर लोकतंत्र की रक्षा करने का शपथ लिया गया। राजेन्द्र सिंह मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने राजेन्द्र सिंह मुंडा के जीवनी पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा राजेन्द्र सिंह मुंडा जीवनपर्यंत किसानों_ मजदूरों के लिए संघर्षरत रहे। अवसर पर जिला कमिटी सदस्य उमेश महतो, जिला कौंसिल सदस्य रतन महतो, घुरन पातर, नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विकास मुंडा, अंचल कौंसिल सदस्य बसंत मुंडा, डोमन मुंडा, विशेश्वर महतो राजेन्द्र सिंह मुंडा, कलेवर मुंडा जगदीश मुंडा, शंकर मुंडा, गोवर्धन मुंडा जदु पाहान, नुनी बाला देवी, संयोती देवी, हैप्पी मुंडा नेपाल मुंडा, प्रताप सिंह मुंडा मनबोध सिंह मुंडा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

अध्यक्षता किसान नेता डोमन सिंह मुंडा ने किया।

# केडीएच में संडे काटा गया, तो एनके एरिया का काम ठप करा दिया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया की यूनियन आरसीएमएस इंटक ने कामगारों को संडे डिउटी देने में कंपनी द्वारा लगाये गये नये शर्तो पर असहमति जताया है। वहीं इस मुद्दे को काफी गंभीरता से लिया है। इंटक के एरिया अध्यक्ष सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य बीएन पांडेय ने कहा है कि एनके प्रबंधन कामगारों के संडे डिउटी में कटौती के लिए नये-नये हथकंडा अपना रहा है। यूनियनों में आपस में मतभेद कराकर उन्हें बांटने की कोशिश कर रहा है। आरसीएमएस इसे किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं करेगा। पांडेय ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर केडीएच परियोजना में किसी भी कामगार का संडे डिउटी काटा गया तो केडीएच सहित पूरे एरिया का काम काज ठप करा दिया जायेगा। मालूम हो कि सीसीएल के नये प्राविधानों के तहत जिन कर्मियों की किसी एक सप्ताह में भौतिक उपस्थिति चार दिनों से कम पायी जाती है, वे आने वाले रविवार कार्यदिवस के दिन कार्य योगदान के पात्र नहीं होंगे। बीएन पांडेय ने चेतावनी देते हुए कहा है कि प्रबंधन में बैठे लोग मजदूर हित में काम करें और बेवजह प्रयोग करने से बाज आएं। कोई भी कंपनी मजदूरो का आर्थिक नुकसान करके तरक्की नहीं कर सकता है। इस तरह के निर्णय से मजदूरों और अधिकारियों के बीच खाई पैदा होगा, जिससे औद्योगिक संबंध खराब होगा और कंपनी के कामों पर असर पड़ेगा। वही आरसीएमएस के एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने कहा है कि प्रबंधन अंग्रेजों के फूट डालो और राज करो नीति पर काम कर रहा है। प्रबंधन को संडे कटौती के बजाय कोयले का उत्पादन डिस्पैच कैसे बढ़े, इस पर काम करना चाहिए। प्रबंधन संडे कटौती की बात अपने दिमाग से निकाले क्योंकि आरसीएमएस के रहते यह संभव नहीं है। अब्दुल्ला ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि प्रबंधन में बैठे लोग ऐसी परिस्थिति पैदा न करें जिससे आरसीएमएस को आंदोलन करना पड़े। इसलिए प्रबंधन मजदूर विरोधी काम न करे।

कहा कि संडे कटौती मजदूरों के आर्थिक नुकसान से जुड़ा मामला है, जिसे मजदूर और आरसीएमएस बर्दास्त नहीं करेगा। अब्दुल्ला अंसारी ने सुझाव दिया है कि प्रबंधन अन्य संस्थाओं की तरह संडे को पूर्णतः अवकाश घोषित कर दे।

# लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने की मुस्लिम उमीदवारों की अनदेखी : अब्दुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** आगामी लोकसभा चुनाव मे इंडिया गठबंधन ने झारखण्ड मे मुस्लिम उम्मीदवारों की अनदेखी करने का काम किया है। महागठबंधन मे शामिल कांग्रेस और झामुमो सिर्फ मुस्लिम समुदाय को अपना वोट बैंक समझती है, ऐसे मे राज्यभर के मुस्लिम समुदाय में आक्रोश नजर आ रहा है, उक्त बाते कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस अंसारी ने प्रेस बयान जारी कर कही है। उन्होने लोकसभा चुनाव में मुस्लिमों को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर रोष व्यक्त कर कहा की राज्य बनने के बाद यहां के आदिवासी मूलवासी और विशेष कर मुसलमानो में एक उम्मीद की किरण जगी थी की लोकसभा और विधानसभा में मुसलमान का प्रतिनिधित्व होगा। क्षेत्रीय पार्टियों ने तो मुसलमान को टिकट देकर अपना दामन साफ किया,लेकिन देश की सबसे बड़ी पार्टी जो सेक्युलर का दावा करती है वह लोकसभा चुनाव में झारखण्ड से मुसलमानो का प्रतिनिधत्व को उचित नहीं समझा और मुसलमानो के बीच एक सन्देश दिया की वह भी भाजपा की राह में तुष्टिकरण की राजनीति करती है। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक समझा, जब भी मुसलमानो की प्रतिनिधित्व एवं राजनीतिक भागीदारी की बात आती है तो कांग्रेस कन्नी काट लेती है। लोकसभा, विधानसभा और यहां तक की राज्यसभा चुनाव मे भी मुस्लिम उम्मीदवार अपेक्षाओं का दंश झेल रही है। साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, जामताड़ा और देवघर है जहां मुसलमान की जनसंख्या 20 प्रतिशत से कहीं अधिक है, परंतु कांग्रेस पार्टी ने किसी भी जिला में मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया या मुसलमानो के प्रतिनिधित्व को उचित नहीं समझा।

कांग्रेस राज्य के अल्पसंख्यकों को धोखे में रखती है और मुसलमानों को वोट बैंक समझती है, लेकिन राज्य के मुस्लिम समुदाय जागरूक हो चुकी हैं।

# कालीचरण मुंडा ने अड़की प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अड़की।** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा गुरुवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के अड़की प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। कालीचरण मुंडा ने अड़की प्रखंड के बिरबांकी, कोचांग, लवउली, साके, बोंहडा, छोटाउली, इचाहातु आदि दर्जनों गांवो में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुये महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील किये। ग्रामीणों ने प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का गांवो में भव्य स्वागत किया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर 23 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिला में ग्रामीणों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिये अपील किये। उन्होने कहा खूंटी स्तिथ पतरा मैदान से इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता और समर्थको के साथ भव्य जुलूस की शक्ल में नामांकन करने उपायुक्त कार्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। ग्रामीणों को एकता दिखाकर भाजपा को जवाब देना है। इंडिया गठबंधन के नामांकन पत्र दाखिला में समर्थक दिखाये अपनी एकजुटता हजारो की संख्या में समर्थको के साथ कांग्रेस नामांकन करेगा। मौके पर लक्ष्मण टूटी, जावरा मुंडा, गीता समद, धिरजू मुंडा, हालू मुंडा, प्रधान मुंडा, डेमका मुंडा, जोगन मुंडा, बिरसा मुंडा, धनिक मुंडा आदि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजेश गुप्ता और संजीत चौरसिया ने विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कोई भी राजनीतिक दल जब अपराधी को राजनीतिक संरक्षण देता है, तो समाज में इसका परिणाम बहुत बुरा होता है। बता दें कि बुधवार रात्रि में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के साथ आजसू समर्थकों के द्वारा बरकाकाना रामनवमी के पंडाल में दुर्व्यवहार किया गया है और उनके पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट भी की गयी है। यह गंभीर चिंता का विषय है। धार्मिक पंडाल में इस तरह का एक जनप्रतिनिधि और पुलिस कर्मियोके साथ सरेआम अपराधिक कार्य करना समाज में और बड़ा अपराध के लिए रास्ता खोलना है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता एवं उपाध्यक्ष संजीत चौरसिया ने गुरुवार को धुर्वा स्थित विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर मिल कर उनसे वहां घटित घटना की जानकारी ली और उनका कुशल क्षेम पूछा। श्री गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा परिवार आपके हर सुख दुख में साथ रहेगा। आपको किसी भी आपराधिक तत्व से डरना नहीं है। समाज आपके साथ खड़ा है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा इसकी कड़ी निंदा करते हुए उन सभी गुंडे को जिले के पुलिस अधीक्षक से गिरफ्तार करने की मांग करता है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा की हरी रत्नम साहू जैसे असामाजिक तत्वों को समाज से बाहर रखा जाना चाहिए। न कि कोई पार्टी के अंदर। वैसे लोग समाज को गंदा करने और अपमानित करने का काम करते हैं। इस घटना की निंदा करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, संजीत चौरसिया, उमेश जायसवाल, महासचिव अजय मेहता, विष्णु कुमार, अजय मंडल, विनय चंद्रवंशी, राम लखन साहू, आनंद कुमार, शुभम विश्वकर्मा, राम लखन यादव, राजू गुप्ता, शिवप्रसाद साहू, अशोक सक्सेना का नाम शामिल है।

# सीसीएल ने राय छलटा पुल निर्माण कार्य शुरू किया

**अशोका से आरसीएम साइडिंग तक कोयला ढुलाई हुई बंद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना कोयला खदान से आरसीएम साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई के ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर जर्जर छलटा पुल को बनाने का काम गुरुवार से शुरू कर दिया गया है। यह छलटा पुल स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबधंन द्वारा बनाया जा रहा है। पुल निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही अशोका कोयला खदान से आरसीएम साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई का कार्य बंद हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 2023 के बरसात मे नदी मे बाढ़ आने के कारण छलटा पुल टुटकर क्षतिग्रस्त हो गया था, बरसात का मौसम होने के कारण सीसीएल प्रबधंन द्वारा क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत करायी गयी थी, लेकिन पुल काफी कमजोर था और कोयला ढुलाई होने से हादसो का डर बना हुआ था, जिसके बाद प्रबधंन द्वारा बेहतर मौसम मे इस पुल को बेहतर ढंग से बनाने का निर्णय लिया था, इसी बीच गुरूवार से पुल बनाने का काम चालु कर दिया गया है। पुल का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से अशोक परियोजना कोयला खदान से आरसीएम साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई का काम बंद हो गया है। वहीं ग्रामीणों के आवागमन को लेकर पुल के बगल से डायवर्सन तैयार किया गया है, जिससे आम जनता आवागमन कर सकते हैं। संभवतः अनुमान लगाया जा रहा है कि पूल बनाने में दो से ढाई माह का समय लग सकता है। ऐसे में दो ढाई महीने तक कोयला ढुलाई नहीं होने से आरसीएम साइडिंग में कोयले का अभाव हो जायेगा, जिसके कारण साइडिंग से रैक लोडिंग और डिस्पैच का काम भी प्रभावित हो सकता है। जिसमें सीसीएल प्रबधंन के अलावा रेलवे को भी काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# शिव हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव छह मई से



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों के सहयोग से नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह कथा का आयोजन छह मई से शुरू होगा। इस दौरान भव्य कलश यात्रा व पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होगा। कार्यक्रम 10 मई तक चलेगा। इस दौरान वृंदावन के यज्ञाचार्य पंडित सतीश कथा व्यास निकुंज लाडली और यजमान जितेंद्र पाठक द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। साथ ही धार्मिक अनुष्ठान में हवन आरती, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। इधर, पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में गांव की महिलाएं बढ़ चढ़ कर काम कर रही हैं इसमें प्रमिला देवी, सरिता देवी, देवंती देवी, सुमित्रा देवी, सुनीता देवी, बालो देवी, सारो देवी, रोहिणी देवी, ममता देवी, लाली देवी, लालो देवी, प्रीति देवी, किरण देवी, शांति देवी, अनीता देवी आदि लगे हुए है।

# मुस्तफा अंसारी ने डॉक्टर परवेज हसन को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची विश्वविद्यालय के पीजी मनोविज्ञान विभाग में एचओडी के पद पर डॉ परवेज हसन नियुक्त किए गए हैं। उन्हें एचओडी बनाए जाने पर सामाजिक कार्यकर्ता व झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। मालूम हो कि डॉ हसन झारखंड लोक सेवा आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुके हैं और वर्तमान में पीजीडीसीजी कोर्स के निदेशक का प्रभार भी संभाल रहे हैं। बधाई देने वाले अन्य लोगों में डॉ रिझु नायक, इब्राहिम अंसारी, डॉ गुलजार अंसारी, धनीराम करमाली, अब्बास अंसारी, सिकंदर अंसारी आदि शामिल हैं।



डॉ परवेज हसन।

# युवक लापता, मंडा पूजा देखने की बात कह कर घर से निकला था

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** चुटिया थाना क्षेत्र के नीचे चुटिया साहू टोली निवासी रामबीर कुमार सिंह उर्फ जितेंद्र कुमार सिंह विगत 13 अप्रैल से घर से लापता है। अभी तक घर वापस नहीं लौटा है। परिजनों ने अपने नाते रिश्तेदारों सहित अन्य संभावित जगहों पर उसकी काफी तलाश की पर कहीं पता नहीं चल पाया। परिजनों ने बताया कि विगत 13 अप्रैल की शाम वह मंडा पूजा देखने जाने की बात कहकर घर से निकला था पर आज तक घर वापस नहीं लौटा। इस संबंध में लापता युवक के भाई दीपक कुमार सिंह ने चुटिया थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है।



# समाजसेवी ने अखाड़ाधारियों को किया प्रोत्साहित

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के पिठोरिया, बालू और सुतियांबे सहित अन्य गांव के अखाड़ाधारी को समाजसेवी अशोक राम ने प्रोत्साहित किया। महावीर मंडल पिठोरिया के कार्यक्रमों में भी अशोक राम ने आर्थिक सहयोग किया। उनका कहना है कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में वे सहयोग करते रहेंगें।

# कसमार अंचल क्षेत्र में बसंती दुर्गा पूजनोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**कसमार (आजाद सिपाही)।** अंचल क्षेत्र में वासंतीय दुर्गा पूजनोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नौ दिवसीय इस पूजनोत्सव के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूप की पूजा की गई। विजय दशमी को पूजन, हवन, आरती के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ पूजनोत्सव संपन्न हुआ। इस दौरान मधुकरपुर, चंडीपुर, दांतू, खुदीबेड़ा आदि गांवों में नौ दिनों से चल रहे चैती नवरात्रि दुर्गा पूजा का समापन हुआ। लोग भक्ति भाव के साथ मंदिरों में मूर्ति स्थापित कर मां दुर्गा जी का पूजा कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की। इस बीच नवरात्र के प्रथम दिन से माता शैलपुत्री से लेकर द्वितीय ब्रह्मचारी, तृतीय चंद्रघंटा, चतुर्थ कुष्मांडा, पंचम असकंद माता, षष्ठम कात्यायनी, सप्तम कालरात्रि, अष्टम महागौरी और नवम सिद्धिदात्री माता के सभी नौ रूपों का विधिवत पूजन किया गया। रात्रि जागरण के लिए कहीं कथा प्रवचन, कहीं भजन कीर्तन तो कहीं भक्तिमय गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मूर्ति विसर्जन के पूर्व पहले प्रहर में सभी अनुष्ठान वाले मां दुर्गा मंदिरों में पूजा समापन कर नव पत्रिका का विसर्जन गांव के जलाशयों में किया गया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में ढोल-नगाड़े, घंटा, शंख की मंगल ध्वनि के साथ माता का जयकारा लगाते हुए उल्लास के साथ नव पत्रिका विसर्जन में शामिल हुए।

## दुखद : सिमलिया हाजी चौक पर हुई सड़क दुर्घटना

# रातू में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के हाजी चौक रिंग रोड में सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान पिठौरिया थाना क्षेत्र के सिरांगो निवासी महावीर मुंडा के 35 वर्षीय पुत्र गनु उरांव के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गनु मुंडा अपने एक दोस्त मालसरिंग निवासी गजेश्वर मुंडा के साथ बाइक पर सवार होकर तुपुदाना जा रहा था। अपराह्न 3 बजे हाजी चौक रिंग रोड में एक ट्रक ने बाइक को धक्का मार दिया। जिससे गनु मुंडा सड़क पर गिर गया और ट्रक का पिछला हिस्सा उसके सिर के उपर से गुजर गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी। मामले को लेकर मृतक के चचेरे भाई ने चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।



ट्रक-बाइक दुर्घटना की सांकेतिक फोटो।

# ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले बाघवार एकेडमी के बच्चे हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** बाघवार अकादमी में साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन की ओर से 17 अक्टूबर 2023 को आयोजित सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को गुरुवार को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में बाघवार अकादमी के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा था। कक्षा 4 की सांची सलोनी, सेलिना केरकेटा और शिवानी उरांव ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीता। इनका अंतरराष्ट्रीय रैंक 88 रहा। कक्षा 5 की परिधि सहदेव, काजल कुमारी, अंजना कुमारी, मीठी कुमारी और ओलिव इक्का ने अपनी कक्षा में क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पाते हुए गोल्ड मेडल जीता। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है। सभी बच्चों को मेडल व प्रशस्तिपत्र विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार की ओर से दिया गया। बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने प्रशंसा करते हुए आगे आने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेने एवं और अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी। प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए विद्यालय के शिक्षक हरे कृष्णा सिंह को साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन की ओर से एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट दिया गया।



# ककरिया में मंडा पूजा को लेकर निकली भव्य शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के ककरिया मेंआस्था व शिवोपासना का सबसे कठिन पर्व मंडा गुरुवार को शोभायात्रा व लटन सेवा के साथ शुरू हो गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश में जल लेकर नगर भ्रमण किया। वहीं पट्भोक्ता महेंद्र लोहरा व रंजीत लोहरा के नेतृत्व में भोक्ता व सेवादार महिलाएं विधिवत पूजा अर्चना किया। मुहल्ला पहुंचने पर भोक्ताओं को धूप-आरती दिखाकर व पैर धोकर प्रत्येक घरों के पास स्वागत किया गया। जिसके बाद लोटन करते हुए मंदिर की प्रक्रिमा की गई। पुजारी सुरेश देवघरिया द्वारा सभी अनुष्ठान संपन्न कराए गए। शिव उपासना में शामिल भक्त आठ दिन पहले से फलाहार का सेवन कर उपासना कर रहे हैं। लोटन सेवा के बाद कई लोगों ने भोक्ताओं के बीच फल का वितरण किया। शुक्रवार को जागरण में महिला व पुरुष छऊ नृत्य और शनिवार को झूलन के साथ मंडा महापर्व का समापन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडा पूजा समिति के संरक्षक वन बिहारी साहू, प्रदीप साहू, ग्रामीणों में गंगाधर साहू, सुमित कुमार, उदय साहू, अनिल साहू, चितरंजन कुमार, सुदर्शन कुमार, लक्ष्मीनारायण साहू, सुधीर साहू, ब्रज बिहारी साहू, अनिल कुमार साहू, सुभाष साहू, चुनिया राम, देवेंद्र वर्मा, प्रभात कुमार, मुखिया बिरसमनी देवी और पूर्व जिप सदस्य बंदे हेरेंजसमेत आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# सीआइटी में शोकसभा के बाद कक्षाएं स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अध्यनरत 2022 बैच के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र विवेक साह की असामयिक निधन को लेकर गुरुवार को संस्थान में शोकसभा का आयोजन किया गया। मृतक की आत्मा के शांति के लिए विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की। वहीं, प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने कहा कि छात्र विवेक काफी होनहार और मिलनसार था। उसके निधन से संस्थान को अपूरणीय क्षति हुई है। दुःख की इस घड़ी में ईश्वर परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दे। गौरतलब हो कि मृतक छात्र झारखंड के गोड्डा जिले के खिरोउंधी गांव का रहने वाला था। छुट्टी के दौरान अपने घर आया था। जहां 16 अप्रैल को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई। उधर, शोक सभा के बाद सभी कक्षाएं स्थगित कर दी गई।

# काम करवाकर पांच मजदूरों को नहीं दी गयी 450 दिनों की मजदूरी, माली हालत हुई खराब

## अधिकारी का दावा-झारखंड ग्रामीण बैंक में भेज दी गयी है रकम

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** रांची के अनगड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मलेरिया की ओर से पांच मजदूरों से वर्ष 2019 में दो जून से 25 सितंबर तक प्रखंड के मलेरिया प्रभावित पंचायतों में डीडीटी छिड़काव करवाने के बाद से अब तक उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इससे उनकी माली हालत काफी खराब हो गई है। क्योंकि दैनिक मजदूरी करन्के ही वे मजदूर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। भुक्तभोगी मजदूरों का आरोप है कि कार्य करने के बाद प्रखण्ड मलेरिया पदाधिकारी भुगतान के लिए सभी जरूरी दस्तावेज मांगे थे। उनके कहे अनुसार उन लोगों ने दस्तावेज भी जमा कर दिया। तब उन लोगों से कहा गया कि वे लोगों के बैंक खाते में सुधर करना है। उन लोंगो ने बैंक खाते में भी सुधार करवा लिया। बावजूद उन्हें अब तक उक्त राशि का भुगतान नहीं किया गया, जिसके लिए उन लोगों ने हाड़ तोड़ मेहनत की थी। मजदूरों का कहना है कि उन लोगों को ऐसे समय में विभाग की ओर से कार्य कराया जब गांव के छोटे मोटे किसान अपनी खेती बाड़ी कर कुछ दिनों के खाने की सामग्री व्यवस्था करने की जुगाड़ में रहते हैं। तब वे लोग डीडीटी का छिड़काव करते रहे। इस वर्ष हम लोगों को परिवार चलाने के लिए महाजन से कर्ज लेना पड़ा। वे लोग कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। डीडीटी छिड़काव कार्य करने वाले मजदूरों में हरिलाल बेदिया, जयनंदन बेदिया, सुकरा उरांव, जगबंधू बेदिया और सूरज बेदिया शामिल हैं। इस संबंध में प्रखंड मलेरिया प्रभारी शशी ठाकुर का कहना है कि ये सभी की राशि विभाग से इनके झारखंड ग्रामीण बैंक के खाते में भेज दी गई है। लेकिन बैंक में जाने से बैंक कर्मी खाते में राशि नहीं आने की बात करते हैं। यह जांच का विषय बन गया है।



# लोस चुनाव को लेकर लापुंग में चला वाहन जांच अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड में चुनाव को लेकर महुगाव, सरसा, फतेहपुर, दोलैचा और लालगंज में पुलिस चेक पोस्ट बनाया गया है। जिसमें लापुंग पुलिस के जवान मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं। फतेहपुर चेकपोस्ट में मजिस्ट्रेट जई इंद्रजीत यादव, साकेत गिरी, रंजन सिंह मुंडा, दोलाइचा में महेंद्र साहू, मोहन प्रजापती, कुंदन प्रजापति, ककरिया में संदीप महतो, सैलेश कुमार कांडुलना, सनिका मुंडा, लालगंज के परसा में रामतिरथ भगत, जयवीर भगत, प्रदीप कुमार आलावे सभी जगह पुलिस बल नियुक्त किया गया है। चेकपोस्ट शुक्रवार से शुरू हुआ, जो 13 मई तक रहेगा। इसमें वाहन की वीडीओग्राफी करने के साथ ही फोटो भी ली जा रही है। बीडीओ उषा मिंज ने सभी पिकेट का निरीक्षण किया।

# चना और शरबत बांटकर दिया समरसता का संदेश



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रामनवमी जुलूस के अवसर पर नामकुम क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक सामाजिक संगठनों ने स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों के बीच चना-गुड़ शरबत पानी आदि का वितरण कर सेवा और समरसता का संदेश दिया। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंदू परिषद एवं स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम के संयुक्त तत्वाधान में नामकुम-पुरूलिया रोड स्थित पिंटू मेडिकल हॉल के समीप जुलूस में शामिल रामभक्तों एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच चना, गुड़, शरबत एवं खीरा का वितरण किया। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा, तान्या नायक, तंद्रा मुखर्जी, दीपा श्रीवास्तव, मधुमिता शाहा, संध्या चौधरी, मिताली बनर्जी, डिंपल सिंह, बबीता कुमारी, पूनम वर्मा, सरिता नायर, रंभा महतो, नैनी रोज, किरण सिंह, सरिता पांडे, कुसुम वर्मा, सुनीता साहू, रूपा कुमारी, गुड़िया सोनी, रोजी शर्मा, रेणु देवी, लीना वर्मा, शोभा राय, रजनी देवी, पूनम, स्वीटी आदि मौजूद थी।

# रातू में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान, तीन पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की ओर से बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने गुरुवार को इलाके के हुरहुरी में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापामारी में तीन लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। उन पर 96 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरोपियों में अफजल अंसारी, मोबारक अंसारी और जियाउल अंसारी शामिल है। सभी लोग हुरहुरी के रहने वाले है। अफजल पर 34 हजार 952 रुपये, मोबारक पर 34 हजार 952 रुपये और जियाउल पर 26 हजार 214 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, छापामारी दल में विवेक द्विवेद्वी, मादि कर्मी, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, प्रवीण कुमार रजक, भीम कुमार सिंह, सरफुद्दीन अंसारी व अन्य कर्मचारी मौजूद थे। वहीं, मामले को लेकर तीनों आरोपियों के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# इटकी में श्रीरामचरितमानस पाठ सह प्रवचन का 75वां अधिवेशन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर स्थित पंडाल में नौ दिनी श्रीराम चरित मानस पाठ महायज्ञ सह प्रवचन का 75वां अधिवेशन हवन के साथ पूर्णाहुति कर दी गई। गुरुवार की सुबह पंडित शत्रुघ्न पांडेय ने रामायण के सुंदर काण्ड के श्लोकों से अधारित दर्जनों पाठ कर्ताओं को महायज्ञ कराया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर रामचरित मानस पाठ के 75 वें अधिवेशन की समापन की गई। इधर, पंडाल में स्थापित श्रीराम, माता जानकी, भाई लक्ष्मण और वीर हनुमान जी की प्रतिमा को शुक्रवार को एक शोभा यात्रा निकाल कर विसर्जन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा राम तिवारी, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, पंचम महतो, दिवाकर शाही, जितेंद्र महतो आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# आइसीपी पेट्रापोल पर बीएसएफ जवान ने सीपीआर देकर बचायी एक यात्री की जान

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** आईसीपी पेट्रापोल पर तैनात बीएसएफ 145वीं बटालियन के जवानों की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई ने गुरुवार को एक संभावित दुखद घटना को टाल दिया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान ने एक भारतीय नागरिक, जो बांग्लादेश जाने के लिए कतार में इंतजार करते समय न्यू इमिग्रेशन एरिया के पास अचानक बेहोश होकर गिर गया था, को समय रहते सीपीआर देकर उसकी कीमती जान बचाई। जानकारी के अनुसार इस घटना की गंभीरता को समझते हुए आईसीपी पेट्रापोल पर तैनात बीएसएफ की 145वीं बटालियन के जवान तुरंत हरकत में आ गए और बीएसएफ की कुशल मेडिकल टीम के मार्गदर्शन में यात्री के पेसमेकर का ध्यान रखते हुए जवान ने असाधारण देखभाल के साथ सीपीआर दिया। जिससे यात्री की जान बच गई।

# बेहतर समाज के लिए आसुरी शक्तियों को परास्त करना जरूरी : डॉ शशिभूषण मेहता



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान में 65 फिट के रावण का पुतला बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता और विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रत्यासी लाल सूरज ने दहन किया। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने प्राचीन हनुमान मंदिर भगत सिंह चौक के समीप भक्ति जागरण एवं भंडारा का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। झालखण्डी मझिगावां के शक्तिपीठ मंदिर प्रांगण में सुडी, हुरलोंग, सगालिम सलगस, बांदुबार, कोनवाई मंझौली, गुरतुरी, विभिन्न जगहों से आयी झांकिया एवं झंडा कमेटी के लोगों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा में राक्षस रूपी रावण का बध करना है। सनातन धर्म आदि अनादि से है। हम सभी को धर्म के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। पहले धर्म है इसके बाद हम सभी है। उन्होंने कहा कि रावण अधर्म का प्रतीक है, जबकि प्रभु श्रीराम धर्म के रक्षक मर्यादा पुरुषोत्तम है। बेहतर समाज निर्माण के लिए आशुरी शक्तियों को परास्त किया जाना जरूरी है। वहीं, लाल सूराज ने कहा कि राम भगवान आज ही के दिन अवतार लिए थे। राम भगवान का जीवन संघर्षों से जुड़ा हुआ है, जब उनको अयोधया के राजा घोषित किया गया तो उसी समय उनका बनवास हो जाता है। वे जंगलों में जीवन व्यतीत करते हैं। उसी समय माता सीता का हरण हो जाता है। हम सभी को भी संघर्ष करने की जरूरत है। मर्यादा पुरषोत्तम श्रीराम भगवान के आदर्श पर चलने की जरूरत है। मौके पर प्रो बचन ठाकुर, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, पांकी पूर्वी पूर्व जिला परिषद सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, कमेश यादव, सुधीर तिवारी, लाला यादव, समाजसेवी अरविंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह,पारस सिंह, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान उर्फ रिंकू सिंह, मंजूलता दूबे, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, बजरंग दल के अध्यक्ष संस्कार सोनी, उपेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उप मुखिया अनारिक राम और अखिलेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद के मझौली में किसान के घर में लगी आग, लाखों का नुकसान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित उरद्वार पंचायत के मझौली गांव में किसान के घर आग लग जाने से घर में रखी खाद्य सामग्री समेत लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया। घटना गुरुवार की दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार इस दिन गांव के किसान महाबल साव की पत्नी अपने घर में खाना बना रही थी। तभी चिंगारी निकलने से घर में आग लग गई और तेजी से फैल गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। शोरगुल सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुड़ गयी। ग्रामीणों ने आनन-फानन में कुएं के पानी निकालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझा पाए। करीब एक घण्टे के बाद बिजली आने पर बोरिंग के पानी से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग की लपट इतनी तेज थी कि जब तक आग बुझ पाते तब तक घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग की चपेट में आकर एक बच्ची भी झुलस गई है। दूसरी ओर, पथरा पंचायत के हदना गांव के किसान अवधेश सिंह के खेत में बिजली के तार गिरने से 42 डिसमिल जमीन में लगे गेंहू की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। दोनों पीड़ित परिवार ने सरकार व स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# पलामू लोकसभा चुनाव : इंतजार करते रह गये अधिकारी

# पहले दिन एक भी नामांकन नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा केंद्र के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गयी। जहां 4 एनआर काटा गया। नामांकन के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं। बतातें चलें कि इस दिन से शुरू हुआ नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसको लेकर समाहरणालय के समीप सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाये हुए हैं।

## 13 -20 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करें : डीसी




पलामू लोकसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने कहा कि देश के भविष्य गढ़ने की तिथि 13-20 मई निर्धारित की गयी है। ऐसे में आप सभी दोनों ही दिन को मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बूथ पर किसी तरह की कोई समस्या ना हो, इसे लेकर सभी बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी बूथों पर पेयजल की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने व लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

# विश्रामपुर में निकला रामनवमी का भव्य जुलूस

## ढोल, नगाड़ा और ताशा की धुन पर जमकर झूमे रामभक्त

**आकर्षण का केंद्र रहा रामरथ पर सजा झांकी, बानरी सेना ने मचाया खूब धमाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** राज परंपरा के अनुसार विश्रामपुर नप मुख्यालय में गुरुवार (दसवीं) को रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरूआत ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से हुई, जो गढ़ मुहल्ला, दर्जी मुहल्ला, अंजान शाहिद देव स्थल, बाजार चौक, बस स्टैंड और सोरडीह सहित नप मुख्यालय के हर गली कुच्चो से गुजरते हुए डाक बंगला परिषर में जय श्रीराम के घोष के बीच संपन्न हुआ। जुलूस में एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम गूंज रहा था। जिससे पूरा नगर परिषद राममय हो गया। रामरथ पर सजा रामदरबार की झांकी जुलूस के आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें शामिल बानर सेना ने भी खूब धमाल मचाया। जुलूस के दौरान ढोल, नगाड़ा, तासा बाजे के धुन पर रामभक्त जमकर झूमे। जुलूस में राम भक्तो ने अखाड़ो में एक से बढ़कर एक करतब दिखाया। विश्रामपुर के जुलूस में पांडेयपुर, कविलासी, उरसुला, झगरुआ, मधुरीडीह, नवडीहवा, छिपादोहर, पाचघरा, बघमानवा, कोसियार सहित दर्जनों गांव के झंडों का मिलान डाक बंगला परिषर में हुआ। रामनवमी पूजा कमेटी ने अतिथियो, पुलिस अधिकारियों व स्थानीय लोगों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष मुन्नू बक्सराय व संचालन देव कुमार ठाकुर ने किया। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित थे। कमेटी के लोगों ने सभी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। इसमें वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, वरीय राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता, बजरंगी पंकज कुमार लाल, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, संजय उपाध्याय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, गोपाल सोनी, शिवबंश मिश्रा, सत्यम सोनी, चंद्रदेव चौधरी, शंकर चंद्रवंशी, शंकर केशरी, ओम सोनी, विशाल चौधरी, राजकुमार मेहता, प्रमोद वर्मा, प्रभु साव, लक्ष्मण साव, मनीष कुमार आदि शामिल थे।

# रामनवमी की शोभा यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र में गुरुवार को रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला गया। श्रीश्री रामनवमी पूजा महासमिति महावीर मंदिर, बजरंगी महा अखाड़ा समिति, बजरंग दल, आरएसएस आदि संगठनों के नेतृत्व में तकरीबन 37 अखाड़ों के जुलूस का मिलान शहर के गांधी चौक पर हुआ। इसमें बड़ी संख्या में राम भक्त परंपरागत हथियारों व महावीरी झंडों के साथ शामिल हुए। इस दौरान अलग-अलग जगहों पर अखाड़ा में शामिल कलाकारों ने हैरत अंगेज करतब दिखाया। दर्जनों बड़े झंड़ों एवं आकर्षक झांकियां भी जुलूस में शामिल हुई। गांधी चौक पर मिलान के बाद जुलूस में शामिल लोग मुख्य बाजार रोड, गांधी चौक, मकबरा रोड, जेपी चौक आदि स्थानों का भ्रमण किया। वहीं दर्जनों स्थानों पर जुलूस में शामिल राम भक्तों के बीच स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा शर्बत और पानी आदि की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का समापन छठ पोखरा के समीप किया गया। जुलूस को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर विधायक कमलेश कुमार सिंह, भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह, पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, भाजपा के वरीय नेता रविंद्र कुमार सिंह, संतोष सिंह, रामराज मेहता, एनसीपी प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सोनल सिंह, एसडीओ पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, रामनवमी पूजा महासमिति के संरक्षक सह जिला संघचालक दिनेश प्रसाद कश्यप, लोकनाथ केशरी, लोकनाथ केशरी, सुबोध कश्यप, जितेंद्र दीनानाथ सोनी और अजित अग्रवाल आदि सक्रिय रहे।



रामनवमी जुलूस में शामिल राम भक्त।

## सतबरवा में जय श्रीराम की गूंज

**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा में धूमधाम से रामनवमी त्योहार मनाया गया। बांके बिहारी मंदिर बस स्टैंड, काली मंदिर मेलाटांड़, रामघाट, ठाकुरबाड़ी मंदिर, बदलाया, दुलसुलमा और महावीर मंदिर इन सभी अखाड़ों और महावीरी झंडों का मिलान महावीर चौक बाजार में हुआ, जहां गोल बनाकर सभी राम भक्त एक से बढ़कर एक करतब दिखाया। यहां से बढ़ाने के बाद रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग होते हुए जुलूस मेलाटांड़ पहुंची जहां ढावाडीह, रेवारातु, बोहिता,पोंची के अखाड़ों और महावीरी झंडों का मिलान हुआ। इस दौरान सैकड़ो भक्त भक्ति गानों के साथ डीजे पर झूमते नजर आए। वहीं प्रखंड के दूर दराज के गांव से आए हुए राम भक्तों के लिए मेलाटांड़, क्रांति चौक में जलपान की व्यवस्था की गई थी। वहीं, प्रशासन भी मुस्तैद दिखा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## 1050 महिला मतदानकर्मियों को दिया गया द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पलामू डीसी के निर्देश पर गिरिवर प्लस-2 उच्च विद्यालय में गुरुवार को 1050 महिला मतदानकर्मियों को पीठासीन, प्रथम एवं द्वितीय मतदान पदाधिकारी का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह,अमरेन्द्र पाठक,प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम,सहायक सौरव सिन्हा व दिनेश चंद्र राम ने विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर अनुसमर्थन प्रदान किया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने कहा कि त्रुटि रहित मतदान कराने के लिए प्रशिक्षण ही क्षमता विकास का मूलाधार है। इसलिए इसे आत्मसात करना अनिवार्य है। छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा एवं सतबरवा बीडीओ अभिषेक पाण्डेय ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। मास्टर ट्रेनर प्रणव कुमार, मार्तण्ड कुमार,श्यामलाल उरांव, मनोज द्विवेदी,देवेन्द्र मिंज, दिलीप कुमार पाठक, रामप्रवेश शर्मा, आलोक कुमार, कुश कुमार सिंह, नसीम अहमद,विनोद दीक्षित,सुमंत तिवारी,राम उपेन्द्र पाण्डेय, रवींद्र नाथ सिंह, सत्येंद्र विश्वकर्मा,आलोक कुमार तिवारी, नंदकिशोर कुमार, आनंद मोहन सिंह,मृत्युंजय कुमार,नीरज कुमार शाही, सतीश कुमार सिन्हा,सत्य विजय सिंह,चन्द्रशेखर शुक्ला, यासीन अंसारी, अभय द्विवेदी,संजय कुमार सिंह,राजेश मिश्र, अमरेंद्र नारायण, कमलेश कुमार दूबे, नीरज कुमार पाण्डेय आदि ने मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में टेंडर वोट, चैलेंज वोट, टेस्ट वोट, माकपोल, प्रपत्रों का संधारण, सील करने की विधि, मतदान संचालन, आपसी समन्वय, ईवीएम संचालन व चुनाव आचार संहिता का पालन सहित प्रत्येक विन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया और मतदानकर्मियों के शंकाओं का समाधान किया गया। महिला मतदानकर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लिया।

## अग्रगति ने रोका बाल विवाह, परिजनों को अंडरटेकिंग फॉर्म भरवाया गया



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अग्रगति संस्था ने गुरुवार को एक नाबालिक को दुल्हन बनने से बचा लिया। संस्था के जिला कोऑर्डिनेटर निक्कू पाठक को सूचना मिली थी कि चैनपुर प्रखण्ड के कुरका गांव में एक नाबालिक की शादी स्थानीय मंदिर में गुरुवार को किया जा रहा है। संस्था ने इसकी जानकारी सीडब्ल्यूसी, डीसीपीओ एवं चैनपुर पुलिस को दी। संयुक्त रूप से टीम का गठन कर रिस्क्यू किया गया। बाल विवाह होने से बचाया गया। रेसक्यू के बाद नाबालिक को सीडब्ल्यूसी में पेश किया गया। बताया गया कि बाल विवाह के रोकथाम के लिए पूरे जिले में अग्रगति संस्था ने अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बताया गया कि अक्षय तृतीया पर सबसे ज्यादा बाल विवाह होता है। इसके लिए मंदिर मस्जिद, गुरुद्वारा आदि धार्मिक स्थानों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाया जा सके।

## पुलिस ने तीन अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त, एक कारोबारी गिरफ्तार

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरघाट में गुरुवार को छापेमारी के दौरान हरिहरगंज पुलिस ने तीन अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया। इस दौरान एक कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया। पुनि सह थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने बताया कि शराब निर्माण के विरुद्ध छापामारी में तीन शराब भट्ठी, 10 क्विंटल जावा महुआ एवं शराब बनाने के कई उपकरण को जब्त कर मौके पर ही विनष्ट किया गया। इस क्रम में पिपरघाट निवासी अवैध शराब निर्माण में संलिप्त कारोबारी चंदन कुमार उर्फ चंदन साव को गिरफ्तार किया गया।

## घर में लगी आग से हजारों के गेंहू जल कर खाक

**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरमा खुर्द गांव मलवरिया में अचानक आग लगने से घर और गेहूं का बोझा पूरी तरह से खाक हो गया। इससे लाखों रुपये के नुकसान होने का अनुमान है। जानाकारी के अनुसार जनेश्वर रजवार के घर में अचानक आग लग गई। साथ ही लगे रामजीत रजवार, दीपक रजवार और धर्मेंद्र रजवार के घर के साथ खेत में रखे प्रतिमा देवी के साथ आधा दर्जन ग्रामीणों के गेंहू और अरहर का बोझा जल गया।

# स्पोर्ट्स



श्रीलंका विमेंस क्रिकेट टीम ने गुरुवार को इतिहास रचते हुए दक्षिण अफ्रिका को छह विकेट से हरा दिया। श्रीलंका ने इस मैच में 301 रन का स्कोर चेज किया, जो विमेंस क्रिकेट में पहली बार है।

### श्रीलंकाई टीम की कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने खेली 139 गेंद में नाबाद 195 रन की हरफनमौला पारी

# श्रीलंका विमेंस टीम ने किया वनडे का सबसे बड़ा रन चेज, दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका विमेंस क्रिकेट टीम ने गुरुवार को इतिहास रच दिया। टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हरा दिया। श्रीलंका ने इस मैच में 301 रन का स्कोर चेज किया। विमेंस वनडे क्रिकेट में पहली बार किसी टीम ने 300 या इससे ज्यादा का स्कोर चेज किया है। श्रीलंका टीम की कप्तान चमारी अट्टापटू ने नाबाद शतक लगाया। उन्होंने 139 गेंदों पर नाबाद 195 रन बनाए। अट्टापटू ने अपनी बड़ी पारी में 26 चौके व 5 छक्के लगाए। अट्टापटू का यह स्कोर वनडे क्रिकेट (विमेंस/ मेंस) में चेज करते हुए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।



## पहले ऑस्ट्रेलिया के नाम था रिकॉर्ड

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 301 रनों का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट ने 147 गेंदों पर 184 रनों की नॉटआउट पारी खेली। जवाब में श्रीलंका ने 44.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया और दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से हराया। श्रीलंका ने विमेंस वनडे का इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम था। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2012 में 289 रनों का टारगेट हासिल किया था। इसी के साथ श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से ड्रॉ हो गई। सीरीज का पहला मैच बेनतीजा रहा था। दूसरा साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता था। बतातें चलें कि श्रीलंका की चमारी अट्टापटू ने नाबाद 195 रन बनाए। अट्टापटू का यह स्कोर वनडे क्रिकेट (विमेंस/ मेंस) में चेज करते हुए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। विमेंस क्रिकेट में पहला ही है। इस मामले में अट्टापटू से आगे (विमेंस/ मेंस) ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल हैं। ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल ने मुंबई में वनडे वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के खिलाफ चेज करते हुए 201 रनों की पारी खेली थी। जो वनडे मैच में (मेंस और विमेंस) टारगेट का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा इंडिविजुअल रन है।

# डेवोन कॉन्वे चोट की वजह से आइपीएल 2024 से बाहर

## इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन बतौर रिप्लेसमेंट सीएसके से जुड़े

एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे चोट के चलते इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। कॉन्वे ने इस सीजन एक भी मैच नहीं खेला। कॉन्वे अंगूठे की चोट के कारण आइपीएल 2024 के पहले हॉफ के लिए उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने पिछले महीने अपने अंगूठे की सर्जरी कराई थी और वे तब से खेल के मैदान से दूर हैं। वहीं, सीएसके का अगला मैच शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ लखनऊ में खेला जाएगा। सीएसके इस सीजन 6 मैचों में से 4 जीते के बाद 8 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है।



## पिछले सीजन फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच थे

कॉन्वे पिछले साल ऋळ के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच थे। इस मैच में उरङ को 5 विकेट से जीत मिली थी। क्ढछ 2023 में उन्होंने 16 मैचों में 672 रन बनाए थे। वे अपनी टीम से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। कॉन्वे को सीएसके ने 2022 की ऑक्शन में एक करोड़ रुपए के बेस प्राइस पर अपने साथ जोड़ा था। लेफ्ट हैंड बैटर ने अब तक 23 आइपीएल मैचों में 46.12 की औसत और 141.28 की स्ट्राइक रेट से 924 रन बनाए हैं। वहीं, राइट आर्म पेसर ग्लीसन ने इंग्लैंड की ओर से 6 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 9 विकेट लिए हैं। इस बीच उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 15 रन देते हुए 3 विकेट लेना रहा है। उरङ ने उन्हें रिजर्व प्राइस 50 लाख रुपए में स्क्वॉड में शामिल किया है।

### धनबाद आगमन पर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का हुआ स्वागत

# धनबाद की जनता व जिले की जरूरतों को पूरा करने का होगा प्रयास : अनुपमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा से आइएनडीइए गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का धनबाद आगमन पर पार्टी की नगर महिला कमेटी की अध्यक्ष पूनम देवी की अगुवाई में गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस की सरकार बनते ही देश की हर गरीब महिला को साल में एक लाख रुपया देने की घोषणा की हैं। कांग्रेस महिला सशक्तिकरण पर बल देती है। धनबाद लोकसभा से महिला प्रत्याशी अनुपमा सिंह को टिकट देकर इसे सच भी साबित किया है। निश्चित रूप से देश में कांग्रेस की सरकार बनते ही देश के हर गरीब महिलाओं को साल में एक लाख रुपया देने अपना वायदा भी पूरा करेगी। उन्होंने अनुपमा सिंह को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ अनुपमा सिंह पर भरोसा जताया है, निश्चित रूप से वे अपने दिए गए दायित्व पर खरा उतरेंगी। नगर अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि पार्टी ने अनुपमा सिंह को जिस विश्वास और भरोसा से धनबाद लोकसभा से प्रत्याशी बनाकर लोगों की सेवा का मौका दिया है निश्चित रूप से उसपर वे खरा उतरेंगीं। धनबाद में एयरपोर्ट से लेकर कई उपलब्धि को दिलाने के साथ ही धनबाद को आतंक से मुक्त करने के साथ मजदूरों के हक-अधिकार दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगीं। कहा कि धनबाद की जनता भाजपा की चाल, चेहरा और चरित्र को समझ चुकी है। भाजपाई झूठा आश्वासन देकर लोगों से छलावा करती है। वहीं, अनुपमा सिंह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जनता उन्हें आशीर्वाद देगी और उनके पक्ष में मतदान कर जीताएगी। चुनाव जीतने के बाद वह धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सवार्गीन विकास के लिए पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करेंगीं।


धनबाद आगमन पर प्रत्याशी अनुपमा सिंह का स्वागत करती महिला कांग्रेस अध्यक्ष व अन्य।

# 110 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस रद्द

### बार-बार आदेश देने के बाद भी शस्त्र जमा नहीं करने का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बोकारो जिला प्रशासन ने शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के खिलाफ गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। डीसी सह शस्त्र दंडाधिकारी विजया जाधव ने जिला स्क्रिनिंग कमेटी की अनुशंसा पर संज्ञान लेते हुए बार-बार आदेश जारी करने के बाद भी शस्त्र जमा करने में लापरवाही बरतने वाले ऐसे कुल 110 शस्त्र दंडाधिकारियों के लाइसेंस को रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई जिला स्क्रिनिंग कमेटी की अनुशंसा पर संज्ञान लेते हुए की गई है। इस बाबत सभी संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को जिला सामान्य शाखा से अलग-अलग आदेश पत्र जारी किया गया है।




# तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में 21 से 27 अप्रैल तक लगेगी विशेष लोक अदालत

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** सुप्रीम कोर्ट, झारखंड उच्च न्यायालय एवं बोकारो की प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश अनील कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार 27 अप्रैल को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत लगाया जाएगा। जिसमें बिजली विभाग से संबंधित मामले और एनआईएक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामले का निष्पादन किया जाएगा। इसे लेकर 21 अप्रैल से ही न्यायालय में मामलों का निष्पादन किया जाएगा । यह विशेष लोक अदालत 21 से 27 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें जो भी मुवक्किल अपने मामलो का निष्पादन कराना चाहते हैं वह खुद या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो कर मामले का निष्पादन करवा सकते है। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।



# बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम जमशेदपुर रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिला बास्केटबॉल संघ की बालक की टीम 24वीं झारखंड राज्य जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जमशेदपुर रवाना हो गई। इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू होगा, जो 21 अप्रैल तक जमशेदपुर के केरली पब्लिक स्कूल, कदमा में खेला जाएगा। जमशेदपुर बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वीं झारखंड राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला की 08 सदस्यों की टीम अपना कौशल दिखाएगी। बालक वर्ग की टीम में श्रेयांस मिश्रा, आयुष ख्वाश, प्रतीक केशरी, आरुष सिंहा, संजीत, आदित्या, हर्षित सुंदरम एवं प्रीतम प्रकाश कोच- किंकर कृष्णा शामिल हैं। टीम के चयन में निखिल ओझा, बिनोद कुमार, हारून अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के प्रकाश सिंह, अध्यक्ष मनीष सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा, विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, राम लखन मिस्त्री, मनोज दूबे, रण विजय ओझा आदि सदस्यों ने ढेरों शुभकामनाएं दी।

# रामनवमी के सफल समापन के लिए रातभर सक्रिय दिखे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीसी व एसपी लगातार खुद करते रहे निगरानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** जिले में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सभी के सहयोग व बेहतर समन्वय से जिले भर में धूमधाम से रामनवमी त्योहार मनाया गया। वहीं जुलूस को लेकर मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने का पानी, बैरिकेटिंग, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, एंबुलेंस की उपलब्धता समेत अन्य सभी व्यवस्थाएं जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित कराई गई थी। इस दौरान रातभर जिला पुलिस व प्रशासनिक टीम लगातार सक्रिय दिखें। शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने को लेकर जिला प्रशासन ने सभी शांति समितियों का आभार व्यक्त किया। रामनवमी पर्व को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से डीसी नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने हर रूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीसी व एसपी खुद सभी व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे। ताकि सुरक्षित माहौल में रामनवमी त्योहार को संपन्न कराया जा सके। इसके अलावा डीसी व एसपी ने रामनवमी त्योहार को लेकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान उप विकास आयुक्त, आईएएस प्रशिक्षु, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# हवन व भंडारा के साथ श्रीश्री हनुमान मंदिर में दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** जुनकुंदर सीएमडब्लूओ कॉलोनी स्थित श्रीश्री हनुमान मंदिर में आयोजित दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन गुरुवार को पूर्णाहुति, हवन और भंडारा के साथ संपन्न हुआ। कीर्तन के दौरान शीतल राय चौधरी के नेतृत्व में राधा, कृष्ण और हनुमान की झांकी प्रस्तुत की गई। जो आकर्षक का केंद्र था। इस मौके पर श्रीश्री हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, सचिव सूर्यदेव सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश पासवान, मुखिया रंजीत पासवान, पूर्व मुखिया अनिल राम, गिरिजा देवी, प्रह्लाद पासवान, नागेश्वर सिंह, अखिलेश सिंह, चंदन सिंह, धीरज सिंह, अनिल साव, सत्येन्द्र सिंह, मनोज कुमार, राजेश सिंह, सूराज यादव, उपेंद्र यादव, चंद्रदेव पासवान, शंकर साव, शिवलाल राम, ओमप्रकाश बनिया आदि मौजूद थे।



# गाय को बचाने में डिवाइडर से टकराया वाहन, सड़क पर फैला सैकड़ों लीटर दूध

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग पर गुरुवार की सुबह दूध से भरी गाड़ी पलटने से सैकड़ों लीटर दूध सड़क पर फैल गया। जानकारी के मुताबिक ओसम कंपनी की गाड़ी दूध लेकर बोकारो से कतरास में आपूर्ति करने के लिए कपुरिया की तरफ आ रही थी। गाड़ी जैसे ही महुदा पेट्रोल पंप के समीप पहुंची तभी सामने गाय आ गयी। उसे बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट लगी। जिससे 1300 लीटर दूध सहित दो दर्जन से अधिक पैकेट पनीर भी सड़क पर फैल गया। अनुमान के आधार पर 70 से 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ हैं। वहीं, गाड़ी चालक रामू ने बताया की दूध फैलने से काफी नुकसान हुआ है। लेकिन गनीमत है कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ। गाड़ी पलटने से धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग करीब एक घंटे तक बाधित रहा। उइसकी जानकारी मिलते ही महुदा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को सड़क से हटवाया जिसके बाद मुख्यमार्ग सुचारू हो सका। महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। गाडी को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू करा दिया गया हैं।




# बांग्ला मध्य विद्यालय में दिया पंखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** स्वच्छ पंचायत शिक्षित पंचायत की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के बांग्ला मध्य विद्यालय में जेएससीए के आजीवन सदस्य अभिजीत घोष ने पंखा प्रदान किया। इस दौरान विद्यालय में मौजूद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रधानाध्यापक किस्कू से बातचीत करते हुए कहा कि मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने बताया कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए जो भी सहयोग मांगा जाएगा विद्यालय को दिया जाएगा। पंचायत को स्वस्थ, सुंदर और शिक्षित बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल के लिए एक टीम बनाई गई है। जिसमें क्षेत्र के शिक्षित वर्ग को रखा गया है, ताकि पंचायत की शैक्षणिक गुणवत्ता का स्तर बढ़ सके। पंचायत के सरकारी या गैर सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था हो इसके लिए एक टीम कार्य करती है। मौके पर प्रो डी सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार, सीआरपी कालीचरण पंकज कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# अधिवक्ता के तीसरे कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** अधिवक्ता सत्येन्द्र पंडित के तीसरे का कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को बेरमो अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा ने किया। विदित हो कि यह अधिवक्ता का तीसरा कार्यलय है जो रांची के तुपुदाना में स्थित है। इससे पूर्व अधिवक्ता के दो कार्यलय कथारा एवं तेनुघाट में मौजूद हैं। पंडित एंड एसोसिएट के प्रमुख अधिवक्ता सत्येन्द्र पंडित द्वारा बातचीत करने के क्रम में बताया गया कि आयकार एवं जीएसटी में तकनिकी रूप से गलत रिटर्न फाइल होने के कारण अत्याधिक समन जारी हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण गलत जानकारी रखने वाले कर सलाहकरों या अक्षम कंप्यूटर ऑपरेटर द्वार गलत रिटर्न फाइल करने की वजह से लोग ज्यादा परेशान हो रहे हैं। जिसके संपूर्ण समाधान के लिए पंडित एंड एसोसिएट के किसी भी कार्यालय में संपर्क कर सकतें हैं। इसके अलावा इडी, सीबीआई, पीएमएलए, बैंक व बीमा से संबंधित केस का संपूर्ण समाधान होता है। अधिवक्ता ने बताया कि उनके तीनों कार्यालय में उत्तम सेवा देने का प्रयास किया जाता है। इसके लिए पंडित एंड एसोसिएट का गठन किया गया है जिसमें कई अच्छे व जानकर वकील, चार्टेड अकाउंटेंट (सीए) सदस्य हैं। इस मौके पर महासचिव वकील महतो, केबी कॉलेज के पूर्व प्रधानाध्यक्ष बीएन रजवार, प्रोफेसर एसपी सिंह आदि ने शुभकमनाएं व बधाई दी




# घर में लगी आग, व्यक्ति झुलसा, कार व अन्य सामान जले

**पूर्वी टुंडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पालोबेडा गांव निवासी गौतम भंडारी के घर में गुरुवार को शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। आग की लपट इतनी भयानक थी कि घर में रखें समान जलकर राख हो गया। आग बुझाने को लेकर अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों ने मोटर पंप की मदद से कुआं और तालाब के पानी से बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। वहीं, घर के सदस्य उत्तम भंडारी का साला भी आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। साथ ही घर में रखा वाहक भी जलकर खाक हो गया।

## कोयला व्यापारियों ने कारो प्रबंधन से लोकल सेल चलाने की मांग की

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के कारो पीओ शंभू कुमार झा से ओसीपी से जुड़े कोयला व्यवसायियों ने गुरुवार को मिलकर परियोजना कार्यालय में लोकल सेल में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि एरिया सेल प्रबंधन द्वारा कोयले उठाव में भेदभाव की जा रही है। व्यापारी मिठू सिंह, मुन्ना सिंह, टिरू महतो, गोरा सिंह, पप्पू सिंह, अनिल सिंह, अमित कुमार सिंह आदि ने कारो ओसीपी में लोकल सेल सुचारु रूप से चलाने की मांग की। कहा कि लोकल सेल चलने से डीओ होल्डर, ट्रक मालिक, चालक, ग्रामीण, विस्थापित, मैनुअल लोड़िंग मजदूर, महिलाएं व स्थानीय बेरोजगारों को लाभ मिलता है। वहीं, पीओ ने कहा कि डीओ होल्डर की मांगों का समाधान किया जायेगा।

### 19 व 20 को झरिया के पांच मंडलों में होगी परिचयात्मक बैठक

# झरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं से एक-एक कर मिलेंगे प्रत्याशी ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** धनबाद लोकसभा केंद्र के भाजपा प्रत्याशी व बाघमारा विधायक ढुलू महतो झरिया विधानसभा के पांचों मंडलों में अलग-अलग बैठक लेंगे। इसकी रूपरेखा भी पार्टी ने तैयार कर ली है। झरिया विधानसभा के बस्ताकोला मंडल, झरिया नगर मंडल, भागा मंडल, लोदना मंडल और जोरपोखर मंडल के अध्यक्ष को निर्देश भी दिया गया है। जिसके अनुसार ढुल्लू महतो एक मंडल में तीन घंटे तक रहेंगे। इस दौरान एक-एक पदाधिकारी से परिचय प्राप्त करेंगे। इसके अलावा वे समाज के प्रमुख लोगों से भी मिलेंगे। झरिया विधानसभा के संयोजक राजकुमार अग्रवाल प्रत्येक मंडल की निरंतर बैठक भी ले रहें हैं। अंतिम बैठक गुरुवार को हुई। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार प्रत्याशी ढुल्लू महतो से भाजपा के सभी पदाधिकारियों का परिचय होने से सकरात्मक उर्जा मिलती है। सब चाहते हैं कि प्रत्याशी उन्हें सीधे तौर पर जाने। मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने बताया कि शुक्रवार को भागा मंडल व झरिया नगर मंडल की बैठक है, जबकि 20 अप्रैल को बस्ताकोला, लोदना व जोरपोखर मंडल की बैठक होगी।


ढुल्लू महतो की फाइल फोटो।

### 346 बूथों को साधने का होगा प्रयास

इस परिचयात्मक बैठक के माध्यम से पार्टी झरिया विधानसभा के सभी 346 बूथों के सक्रीय कार्यकर्ताओं को साधने का प्रयास करेगी। भाजपा के प्रत्येक बूथ पर 'वन बूथ टेन यूथ' की टीम बनी है। साथ ही शक्ति केंद्र के प्रभारी व संयोजक और सह संयोजक बनाए गए हैं। इन्हें भी सक्रीय करने पर बल दिया जाएगा।

**किस मंडल में कितने बूथ**

बस्ताकोला मंडल में 39 बूथ हैं, जबकि झरिया नगर मंडल में 80, जोरपोखर 85, भागा 79 व लोदना मंडल में 63 बूथ हैं।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**
**नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग - 825301**
**Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com**

**मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन हेतु आवश्यक सूचना**

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड, रांची के पत्रांक–1551 दिनांक–23.11.2023 एवं राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक–4827 दिनांक– 22.12.2023 एवं पत्रांक–4836 दिनांक–22.12.2023 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)C के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024–25 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट पर होने वाले नामांकन को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से कराने के निमित पोर्टल तैयार किया गया है, जिसका Web Address - **rtehazaribag.in** है।

शैक्षणिक सत्र 2024–25 में 25 प्रतिशत सीट पर होने वाले ऑनलाईन नामांकन के लिए पूर्व में आवेदन आमंत्रित किया गया था, परन्तु 223 सीट के विरुद्ध अभिभावकों द्वारा समर्पित 348 आवेदनों की स्क्रूटनी के उपरांत मात्र 91 आवेदन सही पाया गया (सही पाये गये आवेदनों की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित)।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में शेष स्वीकृत सीट के विरूद्ध अभिभावकों से आवेदन आमंत्रित करने के निमित दिनांक–17.04.2024 से 26.04.2024 तक तिथि निर्धारित की जाती है। आवेदन सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। विद्यालयवार शेष स्वीकृत सीट की विवरणी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित है।

संबंधित सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों के नामांकन के लिए निर्धारित अवधि में ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे।

PR 323891 School Education and Literacy(24-25).D

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

# ओड़िशा में 4 लोकसभा और 28 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन शुरू, मतदान 13 मई को

- ओड़िशा में प्रथम पर्याय वोट के लिए 62 लाख 84 हजार मतदाता चुनेंगे नेता
- राज्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 7289 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में पहले चरण के चुनाव की आज औपचारिक घोषणा की गयी। वहीं 4 संसदीय क्षेत्रों और 28 विधानसभा सीटों के लिए अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद राज्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य के बारे में अहम जानकारी दी। कलाहांडी, नबरंगपुर, कोरापुट और ब्रह्मपुर संसदीय क्षेत्रों के अंतर्गत 28 विधानसभा सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं। नामांकन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 25 तारीख है, जबकि आज से नामांकन पत्र दाखिल करना शुरू हो गया है। इसी तरह ओड़िशा में 13 मई को पहले चरण का चुनाव होने वाला है राज्य चुनाव अधिकारी निकुंज धल ने कहा कि जिन 4 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होना है उनमें महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। कुल 6284649 मतदाता अपने मताधिकार का साब्यस्त करेंगे। इसी तरह सी विजिल को इस संसदीय क्षेत्र से 587 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 7289 मतदान केंद्रों पर मतदान होना है। जिनमें से 582 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पोस्टर-बैनर को लेकर ज्यादा शिकायतें आ रही हैं।

इसी तरह, चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से 118.65 करोड़ रुपये की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं। जिसमें से 2 करोड़ 7 लाख कैश, 18 करोड़ 19 लाख की मादक पदार्थ, 43.69 करोड़ की गांजा और ब्राउन शुगर, 7.17 करोड़ का सोना जब्त किया गया। इसी तरह, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इन 4 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 3 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। जो पूरी चुनाव प्रक्रिया की देखरेख करेंगे।

राज्य के चुनाव अधिकारियों ने कहा है कि वे विशेष रूप से उम्मीदवारों के खर्च पर अलग से फोकस करेंगे।

## न्यूज रील्स

### कांग्रेस उम्मीदवार भुजबल माझी ने किया नामांकन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के नबरंगपुर में पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। नबरंगपुर से कांग्रेस उम्मीदवार भुजबल माझी ने नामांकन दाखिल करने के पहले दिन अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कांग्रेस समर्थकों के साथ भुजबल माझी अपना नामांकन दाखिल करने के लिए जिला कलेक्टर के कार्यालय पहुंचे। जिला कलक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. कमल लोचन मिश्र को 12 .24 बजे अपना नामांकन दाखिल किया । अपना नामांकन दाखिल करने के बाद भुजबल ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी और विजयी होगी।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in

# बीजेडी में शामिल हुईं वर्षा प्रियदर्शिनी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** वर्षा प्रियदर्शिनी बीजू जनता दल (बीजेडी) में शामिल हो गयी। ओल्लीवुड अभिनेत्री वर्षा प्रियदर्शिनी गुरुवार को औपचारिक रूप से बीजू जनता दल में शामिल हो गयी। सांसद सस्मित पात्र की उपस्थिति में वर्षा ने शंख धारण किया। हालांकि, अतीत में कई मौकों पर वर्षा को बीजेडी के लिए प्रचार करते देखा गया है। वर्षा ने पिछले आम चुनावों के दौरान बीजेडी के लिए भी प्रचार किया था। हालांकि, अब वे औपचारिक रूप से बीजू जनता दल में शामिल हो गयी हैं। बीजू जनता दल में शामिल होते हुए वर्षा ने कहा कि वह नवीन पटनायक की प्रशंसक हैं और उन्होंने उनके लिए एक फिल्म भी की है। नवीन की साफ-सुथरी और शांत छवि ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया है।

मुख्यमंत्री कम बोलते हैं और अधिक काम करते हैं। इसके अलावा, वह किसी के खिलाफ नहीं बोलता है, उसका काम खुद बोलता है। उन्होंने बीजू जनता दल में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री नबीन पटनायक, वी के पांडियन और संगठन संपादक प्रणब प्रकाश दास को भी धन्यवाद दिया।

# पूर्व विधायक सिप्रा मल्लिक कांग्रेस में शामिल




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व विधायक सिप्रा मल्लिक कांग्रेस में शामिल हो गयी। पूर्व पीसीसी अध्यक्ष प्रसाद हरिचंदन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंचानन कानूनगो की उपस्थिति में सिप्रा औपचारिक रूप से राज्य कांग्रेस भवन में पार्टी में शामिल हुए। इस बार सिप्रा मल्लिक को बीजेडी से टिकट मिलने की उम्मीद थी।

हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गणेश्वर बेहेरा के बीजेडी में शामिल होने के बाद, सिप्रा मल्लिक को इस चुनाव में टिकट नहीं दिए जाने से नाराज थे।

### कांग्रेस में शामिल होने के बाद सिप्रा ने कहा : आज मेरे लिए एक बड़ा दिन है

मैं बहुत खुश हूं कि मेरे पिता इस पार्टी में थे और मैं भी उस पार्टी में वापस आ गया हूं। मैंने टिकट के लिए कुछ भी चर्चा नहीं की है, लेकिन मुझे केंद्रापड़ा से चुनाव लड़ने की उम्मीद है। अगर पार्टी मुझे मौका देती है, तो मैं निश्चित रूप से केंद्रापड़ा से चुनाव लड़ूंगा। सिप्रा मलिक 2009 से 2014 तक बीजू जनता दल की विधायक रहीं। दूसरी ओर कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने ओड़िशा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की । कांग्रेस ने तीसरे चरण में 4 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। देवेंद्र साहू माहांगा से चुनाव लड़ेंगे जबकि मनोज रथ सत्यबादी से चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह प्रकाश जेना भुवनेश्वर मध्य से चुनाव लड़ेंगे। अशोक दास भुवनेश्वर उत्तर से चुनाव लड़ेंगे। दूसरी ओर, कांग्रेस पहले चरण में 47 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

# राजधानी जल रही है, दोपहर 2.30 बजे तक तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राजधानी भुवनेश्वर में दोपहर 2:30 बजे तक तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकांश शहरों में तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक है। अगले 4 दिनों तक तापमान में 3 से 5 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। दूसरी ओर, आज दोपहर 2:30 बजे तक भुवनेश्वर में तापमान 43.6 डिग्री था जबकि झारसुगुड़ा में 42.6 डिग्री, बालेश्वर में 42.2 डिग्री, संबलपुर में 41.7 डिग्री, हीराकुंड में 41.4 डिग्री, चांदबाली में 41.2 डिग्री, क्योंझर में 40.9 डिग्री और राउरकेला में 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, भारी धूप के लिए खोरधा, कटक, नयागढ़, मयूरभंज, अंगुल और नुआपड़ा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बालेश्वर, भद्रक, केंद्रापड़ा, जगतसिंहपुर, जाजपुर, ढेंकानाल और गंजाम के लिए भी हिट वेव की चेतावनी जारी की गयी है। इस बीच, क्योंझर, कंधमाल, कोरापुट, मालकानगिरी, बौध, गजपति और बरगड के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# राजनीतिक दलों के साथ निकुंज बिहारी ने की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में आज एक साथ आम चुनाव-2024 कराने की औपचारिक अधिसूचना जारी होने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धल ने विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। धल ने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से राज्य में चुनाव कराने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की मांग की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में आयोजित बैठक की शुरूआत में, मुख्य निर्वाचन अधिकारी धल ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया और आज को एक महत्वपूर्ण दिन बताया क्योंकि आज से राज्य में चार लोकसभा और 28 विधानसभा क्षेत्रों को औपचारिक रूप से अधिसूचित किया गया है। कलाहांडी, नबरंगपुर (एसटी) ब्रह्मपुर और कोरापुट (एसटी) लोकसभा क्षेत्रों और इसके अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित सभी तैयारियों पर चर्चा की गयी। धल ने इस तथ्य पर भी टिप्पणी की कि कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा कारणों से चुनाव का समय शाम 4 बजे और शाम 5 बजे तक बढ़ा दिया गया है।

बाकी सभी क्षेत्रों में शाम 6 बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, देश में होने वाले चौथे चरण के चुनाव के तहत ओड़िशा के उपरोक्त 4 लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 (गुरुवार) निर्धारित की गयी है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को की जायेगी। 29 अप्रैल 2024 (सोमवार) नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख है, जबकि मतदान 13 मई 2024 (सोमवार) को होगा। ये सभी चुनाव प्रक्रियाएं 06 जून 2024 (गुरुवार) तक पूरी कर ली जायेंगी।

# अरविंद केजरीवाल जानबूझ कर आम मिठाई खा रहे: इडी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार को बड़ा आरोप लगाया। इडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझ कर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाये और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाये। इडी ने कहा कि केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में 18 दिन से बंद हैं। कोर्ट ने उन्हें घर का खाना खाने की अनुमति दी है।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**